
26 page 1_01.qxd 10/25/2023 10:03 PM Page 1



एसवाईएल का पानी आप ने रोका हरियाणा में किस मुंह... P8


# दैनिक भरोसा मित्र

ना इधर की ना उधर की बात सिर्फ भरोसे की

■ वर्ष:1 ■ अंक: 47 ■ मूल्य: 3 ■ पृष्ठ: 08 ■ प्रधान संपादक: सुमित सैनी ■ गुरुग्राम ■ गुरुवार ■ 26 अक्टूबर 2023 ■ Title Code : HARBIL019117


गांव खेवड़ा के छोरे सुमित आंतिल ने गोल्ड ... P8




भारतीय जनता पार्टी के **हरियाणा के 41 विधायकों** का रिपोर्ट कार्ड

# इकतालीस में से 25 विधायकों की हालत पतली

## मात्र 7 विधायकों की ही जीत की संभानाएं, 9 विधायक फिफ्टी-फिफ्टी में लटके हैं

**राजेश कुमार नुगरिया, भरोसा मित्र**

चंडीगढ़। मौसम के लिहाज से भले ही ठंड दस्त दे रही हो। लेकिन भारतीय जनता पार्टी की 41 विधानसभा सीट की एक सर्वे रिपोर्ट ने प्रदेश का राजनैतिक माहौल बिल्कुल गरमा दिया है। बताया जा रहा है कि भाजपा के 41 विधायकों रिपोर्ट प्रस्तुत की गई है जिनमें सात सीटों पर ही उम्मीदवारों की जीत की संभावनाएं हैं। और नौ विधायक ऐसे हैं जो फिफ्टी-फिफ्टी के चलते अधर में लटके हैं। वहीं रिपोर्ट में 25 विधायकों की हार लगभग तय मानी जार रही है। उल्लेखनीय यह है कि राजनैतिक दलों में एक सर्वे रिपोर्ट तेजी घूम रही है । इस रिपोर्ट में भारतीय जनता पार्टी के वर्तमान 41 विधायकों में 25 की हार को दर्शाया हुआ है। सूत्रों की मानें तो करनाल विधासभा सीट से मनोहर लाल,अम्बाला कैंट से अनिल विज, पानीपत शहरी से प्रमोद विज, पानीपत ग्रामीण से महिपाल ढांडा,आदमपुर से भव्य बिश्नोई, जींद से कृष्ण मिड्ढा और नांगल चौधरी विधानसभा सीट से अभय सिंह यादव की जीत की संभावनाएं जताई जा रही हैं। वहीं रिपोर्ट में इन सीटों पर विधायकों की हार बताई जा रही है जिनमें पंचकूला से ज्ञानचंद गुप्ता, लोहारू से जेपी दलाल, हिसार से कमल गुप्ता, पिहोवा से संदीप सिंह, कलायत से कमलेश ढांडा, अम्बाला शहर से असीम गोयल, थानेसर से सुभाष सुधा, गन्नौर से निर्मल रानी, राई से मोहन लाल कौशिक बडौली, यमुनानगर से घनश्याम दास अरोड़ा, गुरुग्राम से सुधीर सिंगला, बड़खल से सीमा त्रिखा, पटौदी से सत्यप्रकाश जरावता, हथीन से प्रवीण डागर, होडल से जगदीश नायर, फतेहाबाद से दुडाराम, इंद्री से रामकुमार कश्यप, फरीदाबाद से नरेंद्र गुप्ता, तिगांव से राजेश नागर ,बवानी खेडा से बिशम्भर वाल्मीकि, कैथल से लीलाराम गुर्जर, रतिया से लक्ष्मण नापा, सोहना से संजय सिंह , हांसी से विनोद भ्याना और कोसली विधानसभा से लक्ष्मण सिंह यादव के लिए खतरे की घंटी मानी जा रही है।



### मनोहर लाल लगाएंगे जीत की हैट्रिक

लगभग नौ साल से हरियाणा को बखूबी संभाल रहे मुख्यमंत्री मनोहर लाल जीत की हैट्रिक लगाने को तैयार हैं। करनाल विधानसभा सीट की बात करें तो यह सीट पंजाबी बाहुल्य है। पंजाबी वोटबैंक के बलबूते पर मुख्यमंत्री मनोहर लाल की जीत के आसार सौ प्रतिशत माने जा रहे हैं। वहीं अंबाला सीट पर गृहमंत्री अनिल विज की जीत में चौधरी निर्मल सिंह का परिवार आड़े आएगा लेकिन रिपोर्ट में साफ दर्शाया हुआ है कि विज अपनी सीट निकालने में कामयाब होते दिखाई दे रहे हैं।




### बादली : पिता से ज्यादा पुत्र लोकप्रिय





बादली विधासभा सीट प्रदेश की हॉट सीट मानी जाती है। जाट बाहुल्लय इस सीट पर हुड्डा पिता-पुत्र का काफी प्रभाव माना जाता है। इस सीट पर इस बार रोचक बात यह है कि मनोहर सरकार के पहले कार्यकाल में मंत्री रहे और वर्तमान में पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़ से ज्यादा उनके पुत्र आदित्य धनखड़ की लोकप्रियता बढ़ रही है। माना जा रहा है कि इस बार बादली से ओमप्रकाश धनखड़ की बजाय पार्टी उनके बेटे आदित्य धनखड़ को मैदान में उतार सकती है। युवाओं में अच्छी पकड़ रखने वाले आदित्य धनखड़ की क्षेत्र में लोकप्रियता दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। आदित्य धनखड़ पिछले काफी समय से क्षेत्र में सक्रीय दिखाई दे रहे है। आदित्य विधानसभा क्षेत्र के गांव-गांव का दौरा कर लोगों तक पार्टीयों की नीतियों को पहुंचा रहे हैं। और अपनी राजनीतिक पकड़ को मजबूत बना रहे है। आपको बता दें कि 2019 के विधानसभा चुनाव में ओमप्रकाश धनखड़ कांग्रेस के प्रत्याशी कुलदीप वत्स से 11245 वाटों से हार गए थे।

### फरीदाबाद : विपुल गोयल पर दाव खेलना रहेगा फायदे का सौदा



वहीं फरीदाबाद विधासभा सीट पर भी पार्टी ने 2014 में मनोहर सरकार में उघोग मंत्री रहे विपुल गोयल की 2019 में टिकट काट दी गई और उनकी जगह नरेंद्र गुप्ता को उम्मीदवार बनाया था गनीमत यह रही कि मोदी, मनोहर और कृष्णपाल गुर्जर की लहर के चलते नरेंद्र गुप्ता यह सीट निकालने में कामयाब रहे। लेकिन इस बार पार्टी सर्वे में नरेंद्र गुप्ता कहीं नहीं टिक पा रहे हैं और पूर्व मंत्री विपुल गोयल का फिर ग्राफ बढ़ता जा रहा है। राजनैतिक पंडितों का मानना है कि अगर पार्टी इस बार विपुल गोयल पर दाव लगाती है तो निश्चित ही वो यह सीट जीत कर पार्टी की झोली में डालने का काम करेंगे।

### इनकी जीत की संभावनाएं



### बादशाहपुर : राव नरबीर सिंह सबसे आगे



अगर बात बादशाहपुर विधानसभा सीट की करें तो राव नरबीर सिंह सबसे आगे बताए जा रहे हैं। 2014 मनोहर लाल पार्ट वन सरकार में लोकनिर्माण एवं वन मंत्री रहे राव नरबीर सिंह को 2019 के विधनसभा चुनाव में पार्टी ने टिकट से वंचित रखा था और उनकी जगह हरियाणा युवा मोर्चा अध्यक्ष रहे मनीष यादव पर दांव लगाया था। लेकिन पार्टी के 75 पार के नारे और शहरी बाहुल्य सीट होने के बाद भी मनीष यादव चुनाव जीत नहीं पाए और पार्टी को यह सीट गवानी पड़ी। यहां निर्दलिय मैदान में उतरे राकेश दौलताबाद चुनाव जीत गए थे। जबकि मंत्री रहते हुए राव नरबीर सिंह ने अहीरवाल में रिकार्ड विकास करवाया तथा सड़कों का जाल बिछाया जिसकी बदौलत वह लोगों की पसंद बने हुए है।

## न्यूज डायरी

### पहलवान बजरंग पुनिया हुए चोटिल, मुंबई अस्पताल में भर्ती




**चंडीगढ़।** देश के स्टार पहलवान बजरंग पुनिया एक बार फिर चोटिल हो गए है। एशियन गेम्स खेलते हुए उनके हाथ में चोट आई है। बजरंग पुनिया मुंबई के कोकिला बेन अस्पताल में भर्ती हुए है। बजरंग पुनिया के हाथ का ऑपरेशन हुआ है। बजरंग पुनिया काफी लंबे समय से चोटों से जूझ रहे हैं।

### पीएम मोदी राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में होंगे शामिल, निमंत्रण स्वीकारा



**नई दिल्ली।** कई दशकों से जिस शुभ घड़ी का इंतजार था, उस अविस्मरणीय पल का गवाह करोड़ों-करोड़ों भारतीय अब बनने जा रहे हैं। भारतीयता और सनातन के प्राणतत्व माने जाने वाले भगवान राम अब गर्भगृह में विराजेंगे। श्री राम जन्मभूमि ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने जानकारी साझा करते हुए बताया कि 22 जनवरी 2024 को अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा होगी। इस कार्यक्रम में पीएम नरेंद्र मोदी शामिल होंगे। बुधवार को श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सदस्य चंपत राय, नृपेन्द्र मिश्रा और दो अन्य लोगों ने पीएम मोदी से मुलाकात कर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में शामिल होने का अनुरोध किया। जिसके बाद पीएम मोदी ने निमंत्रण स्वीकार करते हुए इस कार्यक्रम में आने की हामी भर दी। श्री राम जन्मभूमि ट्रस्ट के सदस्यों से मुलाकात के बाद पीएम मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर प्रोस्ट करते हुए लिखा । जय सियाराम! आज का दिन बहुत भावनाओं से भरा हुआ है। अभी श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के पदाधिकारी मुझसे मेरे निवास स्थान पर मिलने आए थे। उन्होंने मुझे श्रीराम मंदिर में प्राण-प्रतिष्ठा के अवसर पर अयोध्या आने के लिए निमंत्रित किया है। मैं खुद को बहुत धन्य महसूस कर रहा हूं। ये मेरा सौभाग्य है कि अपने जीवनकाल में, मैं इस ऐतिहासिक अवसर का साक्षी बनूंगा।

मुख्यमंत्री मनोहर लाल की उपस्थिति में **केन्द्रीय शिक्षा मंत्री** धर्मेंद्र प्रधान ने किया लोकार्पण

# पीएम श्री स्कूलों को शुरू करने वाला देश का पहला राज्य बना हरियाणा

### प्रदेश के प्ले वे स्कूल अब कहलाएंगे बाल वाटिका स्कूल : मनोहर लाल

### प्रदेश में प्रथम चरण के 124 पीएम श्री स्कूलों का हुआ लोकार्पण

**शशिभूषण सैनी, भरोसा मित्र**

चंडीगढ़। रोहतक के एमडीयू में पीएम श्री स्कूलों का लोकार्पण किया गया। पीएम श्री स्कूलों को शुरु करने वाला हरियाणा देश का पहला राज्य बना। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने इसका शुभारंभ किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि प्रदेश में शुरू किए गए 4000 प्ले वे स्कूल को अब बाल वाटिका स्कूल के नाम से जाना जाएगा। सरकार द्वारा इतने ही और स्कूल भी भविष्य में शुरू किए जाएंगे। बच्चों को खेल-खेल में शिक्षा देने के लिए आंगनवाड़ी केन्द्रों को भी इन स्कूलों में परिवर्तित किया गया है। प्रदेश में शिक्षा के स्तर में और सुधार के लिए प्रथम चरण में 124 पीएम श्री स्कूलों का नए सत्र से शुभारंभ होगा तथा दूसरे चरण में 128 स्कूलों के शुभारंभ के साथ ही इन स्कूलों की संख्या 252 हो जाएगी। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि ये शिक्षा ही है जो युवा पीढ़ी और देश का भाग्य बदलने की ताकत रखती है। देश जिस लक्ष्य को लेकर आगे बढ़ रहा है, उसे हासिल करने में शिक्षा की अहम भूमिका है। उन्होंने कहा कि युवाओं को उनकी प्रतिभा के आधार पर आंका जाए। उन्होंने कहा कि बच्चों को अच्छे संस्कार, व्यवहार के साथ-साथ अपने इतिहास व संस्कृति की जानकारी होना तथा इनसे लगावा होना भी अनिवार्य है। इस अवसर पर लोकसभा सांसद डॉ. अरविंद शर्मा,राज्यसभा सांसद डीपी वत्स व रामचंद्र जांगड़ा, पूर्व मंत्री मनीष कुमार ग्रोवर, मेयर मनमोहन गोयल, हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड के चेयरमैन डीपी यादव, मुख्यमंत्री के ओएसडी प्रचार गजेंद्र फौगाट, मुख्यमंत्री के मीडिया कोर्डिनेटर राजकुमार कपूर, भाजपा जिला अध्यक्ष रणबीर ढाका, मदवि के कुलपति प्रो राजबीर सिंह, डीएलसी सुपवा के वीसी डॉ. गजेंद्र चौहान के अलावा केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय के अतिरिक्त सचिव विपिन कुमार,एसपी हिमांशु गर्ग सहित अन्य अधिकारी गण और गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।



### 21 वीं सदी भारत को नई दिशा देने वाली : धर्मेंद्र प्रधान

पीएम श्री विद्यालयों के लोकार्पण अवसर पर केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 21 वीं सदी के भारत को नई दिशा देने वाली है और हम उन पलों का हिस्सा बनने जा रहे हैं जो हमारे देश की युवा पीढ़ी के भविष्य निर्माण की नींव रख रहा है। उन्होंने शिक्षा के क्षेत्र में हरियाणा प्रदेश द्वारा किए गए सराहनीय कार्यों की प्रशंसा करते हुए कहा कि हरियाणा प्रदेश देश में शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी राज्य के रूप में उभर रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में पारदर्शी शिक्षक भर्ती, ऑनलाईन ट्रांसफर नीति के सराहनीय कदम उठाए गए हैं। ऑनलाईन ट्रांसफर से 90 प्रतिशत शिक्षक संतुष्ट है। उन्होंने कहा कि व्यवस्था को सुधारने और शिक्षा विभाग के कार्यक्रमों को तेज गति से आगे बढ़ाने के लिए केंद्र और प्रदेश सरकार मिलकर कार्य कर रही है, इससे शिक्षा के क्षेत्र में व्यापक सुधार होगा। उन्होंने कहा कि नई शिक्षा नीति में कौशल व तकनीक आधारित शिक्षा तथा मातृ भाषा को बढ़ावा दिया गया है।

### प्रदेश में रोजगारपरक शिक्षा की हुई है शुरुआत : कंवरपाल

शिक्षा मंत्री कंवरपाल ने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में प्रदेश सरकार द्वारा मॉडल संस्कृति स्कूलों की संख्या को 22 से बढ़ाकर 147 किया गया है। केन्द्र सरकार द्वारा प्रथम चरण में पीएम श्री के 124 स्कूलों के लिए 85 करोड़ रूपए की राशि प्रदान की गई है। दूसरे चरण के 128 पीएम श्री स्कूलों के चयन की प्रक्रिया शुरू की गई है। उन्होंने प्रदेश में शुरू की गई सुपर 100 योजना के सार्थक परिणामों की चर्चा करते हुए कहा कि अब तक 252 गरीब बच्चों का नीट, 127 बच्चों का आईआईटी तथा 26 बच्चों का एमबीबीएस पाठ्यक्रमों में चयन हुआ है। सरकार द्वारा शीघ्र ही एनडीए की कोचिंग भी शुरू की जा रही है।

# देशभक्तों के संजोए सपनों को आगे बढ़ा रहे प्रधानमंत्री : मनोहर लाल

### सीएम बोले, देशभर से 75000 कलश पवित्र माटी लेकर पहुंचेगे दिल्ली

- हरियाणा से 242 कलशों में प्रदेश की पवित्र माटी लाई गई, मुख्यमंत्री ने उपस्थित जनसमूह को पंच प्रण की दिलाई शपथ

**भरोसा मित्र, रोहतक**

मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि वर्ष 2022 से 2047 तक देश में आजादी का अमृत काल चलाया जा रहा है जिसका उद्देश्य युवाओं में देशभक्ति की भावना जागृत करना है। इस अमृतकाल में देश की आजादी के लाखों वीर बलिदानियों को याद किया जा रहा है। आजादी के बाद जो सपना देश बनाने का उन्होंने संजोया था उसी को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आगे बढा रहे हैं। हर घर तिरंगा के बाद अब मेरी माटी-मेरा देश कार्यक्रम के माध्यम से युवाओं में देशभक्ति की भावना जागृत की जा रही है। बुधवार को मुख्यमंत्री मनोहर लाल राज्य स्तरीय मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने उपस्थित जनसमूह को पंच प्रण की शपथ भी दिलवाई जो दृ ता से हम सभी के जीवन का हिस्सा बनेगी। मुख्यमंत्री ने विख्यात कवि की कविता की पंक्ति आओ बच्चों तुम्हे दिखाएं झांकी हिंदुस्तान की, इस माटी से तिलक करो ये धरती है बलिदान की भी दोहराई। सीएम ने कहा कि यहां प्रदेशभर से 242 कलश में हरियाणा की पवित्र माटी को स्वयंसेवकों द्वारा लाया गया है, जिसे 29 अक्टूबर को दिल्ली ले जाया जाएगा। पूरे देशभर से 75000 कलश देश की पवित्र माटी को लेकर दिल्ली पहुंचेगे और जहां अमृतकाल के स्मारक के रूप में अमृत वाटिका का निर्माण होगा। कर्तव्य पथ के पेडों मे भी इस माटी को डाला जाएगा जो देश की एकता व अखण्डता का प्रतीक होगी।मनोहर लाल ने कहा कि देश के लगभग 7 लाख गावं व शहरों के घर-घर से लाई जा रही यह पवित्र माटी जब दिल्ली पहुंचेगी तो प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी स्वयं सभी स्वयंसेवकों को शपथ दिलाएंगे।

जब हमारे युवाओं में देशभक्ति का भाव जागृत होगा तो कोई भी हमारा बाल बांका नहीं कर सकेगा।



### भारत विश्व की पांचवी सबसे बड़ी आर्थिक शक्ति

सीएम मनोहर लाल ने कहा कि आज भारत विश्व की पांचवी सबसे बडी आर्थिक शक्ति बन कर उभरा है। 1947 में जब देश आजाद हुआ तो उस समय लोगों में नया उमंग और उत्साह था। विकास के मामले में आज हम चांद पर भी पहुंचे हैं और अनेकों क्षेत्रों में आत्मनिर्भर हुए हैं। आज प्रदेश में ऐसा माहौल बना है कि देश व दुनिया का हर निवेशक हरियाणा में निवेश करना चाहता है। देश में खिलाडियों के मेडल की बात आती है तो 40 प्रतिशत मेडल अकेले हरियाणा के खिलाडी लाते हैं। इस अवसर पर शहरी स्थानीय निकाय मंत्री डा. कमल गुप्ता, सांसद अरविंद शर्मा, राज्यसभा सांसद रामचंद्र जांगडा, पूर्व मंत्री मनीश ग्रोवर, अतिरिक्त प्रधान सचिव व सूचना, जन सम्पर्क व भाषा विभाग के महानिदेशक डा. अमित अग्रवाल, शमशेर खरक I, रणबीर ढाका, मंजू हुड्डा, रेणू डाबला अन्य गणमान्य भी उपस्थित थे।

**संशय** डीजीपी की दलीलों से विज नहीं हुए संतुष्ट

# 372 पुलिस कर्मचारियों के खिलाफ एक्शन का दिया आदेश

### डीजीपी कार्यालय ने एसपी व पुलिस आयुक्तों से की गई कार्रवाई की रिपोर्ट मांगी

**शशिभूषण सैनी, भरोसा मित्र**

चंडीगढ़। गृह मंत्री अनिल विज के 372 जांच अधिकारियों को निलंबित करने के आदेश का अनुपालन करने की प्रक्रिया आरंभ हो चुकी है। यह जांच अधिकारी अंबाला, करनाल, यमुनानगर, पानीपत, हिसार, सिरसा, जींद, रेवाड़ी और रोहतक जिलों के हैं, जिनकी कार्यप्रणाली से गृह मंत्री खुश नहीं हैं। इन जिलों के जांच अधिकारियों के पास 3229 केस जांच के लिए एक साल से भी अधिक समय से लंबित पड़े हैं। गृह मंत्री के आदेश के बाद पुलिस महानिदेशक शत्रुजीत कपूर के कार्यालय से आरोपित जांच अधिकारियों को निलंबित करने की प्रक्रिया के तहत सभी पुलिस आयुक्तों व जिला पुलिस अधीक्षकों को पत्र लिखा गया है। हरियाणा के एडीजीपी (कानून-व्यवस्था) ओपी सिंह की ओर से गुरुग्राम, फरीदाबाद, पंचकूला व सोनीपत के पुलिस आयुक्तों के साथ-साथ नौ जिलों के पुलिस अधीक्षकों को भी यह पत्र भेजकर गृह मंत्री के आदेश का अनुपालन करने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही कहा गया है कि उनके द्वारा की जाने वाली कार्रवाई से तुरंत पुलिस महानिदेशक व एडीजीपी कार्यालय को अवगत कराया जाए। हालांकि पत्र में यह दर्ज नहीं है कि पुलिस आयुक्तों व पुलिस अधीक्षकों को कितने दिन के भीतर आरोपित जांच अधिकारियों को निलंबित कर रिपोर्ट भेजनी होगी, लेकिन गृह मंत्री अनिल विज पहले ही आदेश दे चुके हैं कि जो केस एक साल से अधिक समय से लंबित पड़े हैं, उन सभी को संबंधित पुलिस उपाधीक्षकों को इन निर्देशों के तहत सौंप दिए जाएं कि अगले एक माह के भीतर उन्हें इन सभी का निष्पादन करना है।

गृह मंत्री अनिल विज द्वारा 372 निष्क्रिय जांच अधिकारियों को निलंबित करने के आदेश देने संबंधी कार्रवाई अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई है। किसी राज्य में ऐसा कोई केस सामने नहीं आया कि किसी गृह मंत्री ने अपने पुलिस महानिदेशक को इतनी अधिक संख्या में निलंबित करने के आदेश जारी किए हों।तकनीकी तौर पर पुलिस अधिकारी गृह मंत्री के इस आदेश को लेकर बहुत ही ज्यादा असमंजस में हैं।

पूरे प्रदेश में यदि इतने जांच अधिकारियों को एक साथ निलंबित करने के आर्डर जारी कर दिए गए तो पुलिस बल में नाराजगी पैदा होने की आशंका से इंकार नहीं किया जा सकता।






### गृह सचिव से 11 मई को मांगी थी विस्तृत रिपोर्ट

गृह मंत्री अनिल विज ने गृह विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव टीवीएसएन प्रसाद को 11 मई 2023 को पत्र लिखकर सूचना मांगी थी कि राज्य में एफआइआइ निस्तारण की क्या स्थिति है। उन्होंने एक साल से लंबित केसों का पूरा ब्योरा तलब किया था, जिसके बाद उनके पास रिपोर्ट आई कि 3229 केस लंबित हैं, जो 372 जांच अधिकारियों ने अलग-अलग-अलग कारणों, बहानों और भ्रष्टाचार तथा लोगों को तंग करने की नीयत से रोक ऱखे हैं। जिन विभिन्न जिलों में 372 जांच अधिकारियों (आइओ) को निलंबित करने को कहा गया था, उनमें सबसे अधिक सिरसा में 66, गुरुग्राम में 60, फरीदाबाद 32, पंचकूला 10, अंबाला 30, यमुनानगर 57, करनाल 31, पानीपत तीन, हिसार 14, जींद में 24, रेवा ी पांच, रोहतक 31 और सोनीपत में नौ जांच अधिकारी शामिल हैं।

# भाजपा सिर्फ साहूकारों के लिए बनाती हैं नीतियां : अभय चौटाला

### बोले, ये सरकार किसानों को बर्बाद करने पर तुली है

**भरोसा मित्र, चंडीगढ़**



इनेलो के राष्ट्रीय प्रधान महासचिव एवं ऐलनाबाद के विधायक अभय सिंह चौटाला ने कहा कि भाजपा सरकार पूरी तरह से किसान विरोधी है और साहूकारों के हक मे सरकारी नीतियां बनाती है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार किसानों को बर्बाद करने पर तुली है जिसका एक और ताजा उदाहरण सामने आया है। जब किसानों की बासमती धान की फसल मंडियों में बिकने के लिए आई तो केंद्र की भाजपा सरकार ने बासमती चावल के निर्यात के लिए एमईपी (मिनिमम एक्सपोर्ट प्राइस) को 1200 डॉलर प्रति टन कर दिया।इनेलो नेता ने कहा कि बासमती चावल के व्यापारियों ने एमईपी बढ़ाने के विरोध में हड़ताल कर दी और बासमती चावल का निर्यात रुक गया जिसके कारण किसानों को अपनी बासमती चावल की फसल साहूकारों को औने-पौने दामों पर 500 से 800 रूपए कम पर बेचने के लिए मजबूर होना पड़ा। कम कीमत पर बासमती चावल बेचने से पहले से ही आर्थिक संकट से जूझ रहे किसानों को 10-15 हजार रूपए प्रति एकड़ का भारी नुकसान झेलना पड़ा है। अब जब किसान अपनी बासमती धान की फसल औने-पौने दामों में साहूकारों को बेच चुका है, तो केंद्र की भाजपा सरकार ने एमईपी को कम करके 950 डॉलर प्रति टन कर निर्यात खोल दिया है। इससे साफ हो गया है कि केंद्र की भाजपा सरकार ने जानबूझ कर किसानों को लूटने और साहूकारों को भारी मुनाफा कमाने के लिए ही यह सब किया। उल्लेखनीय है कि देश में बासमती धान के कुल उत्पादन का आधे से ज्यादा हिस्सा केवल हरियाणा के किसान करते हैं।

## खबर फटाफट

### निशुल्क जांच शिविर 29 को

**सोहना।** यहां पर ग्लोबल हाईटस सोसायटी प्रांगण में रविवार, 29 अक्टूबर को सूरज स्वास्थ्य केन्द्र तथा पारस अस्पताल के सहयोग से एक दिवसीय बिल्कुल निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन होगा। इस मौके पर आंखों के साथ-साथ दांतों की भी जांच विशेष रूप से की जाएगी। स्थानीय श्री सिंह गुरूद्वारा समिति में उपाध्यक्ष और नगरपालिका के पूर्व चेयरमैन अमृत सिंह बागड़ी, गुरूबचन सिंह, सरदार जगत सिंह 'जगत', रघुबीर सिंह, जसवंत सिंह बागड़ी, नेकी पहाडिया, राजकुमार सावरिया, जसबीर बागड़ी आदि ने यहां पर बुधवार को उपरोक्त जानकारी देते हुए बताया कि इस निशुल्क शिविर में आने वाले रोगियों की मुफ्त जांच पारस अस्पताल से आए रोग विशेषज्ञ चिकित्सक और सेवानिवृत प्रवर चिकित्सा अधिकारी डाक्टर गोविंदशरण तथा सूरज स्वास्थ्य केन्द्र के निर्देशक डाक्टर राशिद खान समेत मौजूद डाक्टरों द्वारा स्वास्थ्य संबंधी जांच पूरी तरह मुफ्त में की जाएगी। इतना ही नही इस मौके पर जरूरतमंद रोगियों का ब्लड शुगर, ब्लड प्रेशर, ब्लड ग्रुप, हिमोग्लोबिन, ईसीजी आदि समेत विभिन्न जांचें बिल्कुल मुफ्त में की जाएगी। साथ ही जरूरतमंद रोगियों को दवाईयां भी बिल्कुल मुफ्त में वितरित की जाएगी। बता दें कि रविवार, 29 अक्टूबर को लगने वाले एक दिवसीय निशुल्क जांच शिविर से अत्याधिक लोगों को लाभान्वित करने के लिए युवा समाजसेवी इंजीनियर कार्तिकशरण बागड़ी टीम की तरफ से ग्लोबल हाईटस सोसायटी तथा आसपास लगते गांवों में मुनादी भी कराई जा रही है।

### सुरक्षा बीमा योजनाओं का लाभ उठाएं आम नागरिक

**सोहना ।** गांव खेड़ला में रहने वाले भाजपा के वरिष्ठ नेता योगी राघव ने आम नागरिकों से केंद्र सरकार की ओर से क्रियान्वित की जा रही विभिन्न प्रकार की सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का लाभ उठाने का आग्रह किया है। उन्होंने बताया कि आम नागरिक नाममात्र राशि में अपना बीमा करवा सकते हैं। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना तथा प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के फार्म हर एक बैंक व डाकघर में उपलब्ध हैं। इन योजनाओं में निर्धारित वार्षिक प्रीमियम जमा करवा कर 2 लाख रुपए तक का बीमा होता है। केंद्र सरकार द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में प्रत्येक बैंक उपभोक्ता को जीवन सुरक्षा बीमा योजना का लाभ देने के लिए दो स्कीम चलाई हुई हैं। गांव खेड़ला में रहने वाले भाजपा के वरिष्ठ नेता योगी राघव ने कहा कि सामाजिक सुरक्षा योजना सामान्य परिवार को मुश्किल की घड़ी में आर्थिक समर्थन देकर मजबूत बनाती है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना में 18 से 50 वर्ष आयु के व्यक्ति नामांकन करवा सकते है। योजना के तहत 436 रुपये वार्षिक प्रीमियम जमा करवाना होता है तथा इससे 2 लाख रुपए के जीवन बीमा का संरक्षण मिलता है। प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना एक दुर्घटना बीमा योजना है। इस योजना के तहत 18 से 70 वर्ष तक के नागरिक अपना दुर्घटना बीमा करवा सकते है। केवल 20 रुपये के वार्षिक प्रीमियम पर इस योजना में 2 लाख रुपये का दुर्घटना बीमा संरक्षण प्राप्त होता है। उन्होंने बताया कि इन बीमा योजनाओं का प्रीमियम उपभोक्ता के बैंक या डाकघर खाते में से ऑटो डेबिट होता है तथा दावे की राशि संबंधित के बैंक खाते में सीधे जमा हो जाती है। इन योजनाओं में नामांकन करवाने के लिए अपने नजदीकी बैंक शाखा अथवा डाकघर से सम्पर्क करें।

### रक्षामंत्री से प्रेरणा लें देशवासी

**सोहना ।** भाजपा के वरिष्ठ नेता राकेश जैन ने देश में रक्षामंत्री राजनाथ सिंह के अरूणाचलप्रदेश के त्वांग में भारत-चीन सीमा पर भारतीय सेना के जवानों के साथ दशहरा मनाने और दशहरा पर सेना के जवानों के बीच पहुंचने को राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए एक प्रेरणादायी पहल बताया है। उन्होने कहा कि रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने रक्षामंत्री के रूप में इस बार अरूणाचलप्रदेश के त्वांग में भारत-चीन सीमा सेना के जवानों के साथ दशहरा मनाते हुए ना केवल भारतीय सेना के जवानों के मनोबल को बढ़ाया है बल्कि देश की एकता विशेषकर सैन्य परिवारों को सीधे राष्ट्रीय सुरक्षा के भाव से जोडने़ वाली शुरूआत कर देश की जनता के नाम एक अच्छा संदेश दिया है, जिसके दूरगामी बेहतर परिणामों से आने वाले वक्त में देश को अवश्य ही लाभ होगा। भाजपा के वरिष्ठ नेता राकेश जैन ने कहा कि रक्षामंत्री राजनाथ सिंह का अपने जवानों के बीच दशहरा उत्सव मनाना ना केवल उनका उत्साहवर्धन करना है बल्कि चीन को मुंहतोड़ जवाब व ये संदेश देना है कि वह भारत को कमजोर समझने की हर्गिज भूल ना करे। भाजपा के वरिष्ठ नेता राकेश जैन ने बुधवार को सोहना शहर में जेवरात कारोबारी सिद्धार्थ जैन के आवास पर बताया कि जब रक्षामंत्री राजनाथ सिंह भारतीय जवानों के बीच पहुंचे तो जवानों में अलग ही जोश व जज्बा देखने को मिला।

## लोगों के बीच पहुंचकर सुधा यादव ने की सरकार के कार्यों पर चर्चा

**एमके अरोड़ा, भरोसा मित्र**

गुरुग्राम। भाजपा की केंद्रीय चुनाव समिति और संसदीय बोर्ड की सदस्य पूर्व सांसद डॉ सुधा यादव ने शहर में कई स्थानों पर दौरा कर लोगों से सीधा संवाद किया। उन्होंने केंद्र व प्रदेश सरकार के कार्यों पर चर्चा की तथा लोगों की समस्याओं के समाधान में पेश आ रही दिक्कतों को लेकर फीडबैक भी लिया। पूर्व सांसद ने आश्वस्त किया कि समस्याओं के समाधान की दिशा में सरकार तेजी से कार्य कर रही है, यदि किसी स्तर पर कोई अधिकारी सुनवाई या कार्रवाई में देरी करता है तो उसके खिलाफ सरकार को अवगत करवाया जाएगा। निवर्तमान निगम पार्षद कपिल दुआ, सामाजिक कार्यकर्ता दीपक कटारिया, महिला मोर्चा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य पूनम भटनागर और सेक्टर 15-पार्ट 2 आरडब्ल्यूए के प्रेजीडेंट अरुण बंसल द्वारा आयोजित कार्यक्रमों में पहुंची पूर्व सांसद सुधा यादव ने कहा कि भाजपा ने लोगों में बहुत सी उम्मीदें जगाई और सरकार ने इन्हें पूरा करने का भरसक प्रयास भी किया। सरकार ने अपने ज्यादातर वादे पूरे किए हैं। इसीलिए लोगों का विश्वास सरकार पर और गहरा हुआ है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में कुछ विभागों के अधिकारियों की मनमानी के किस्सों का जिक्र लोगों ने किया है, इसके संबंध में सरकार को अवगत कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार की मंशा जनशिकायतों के समाधान की दिशा में बिल्कुल स्पष्ट है । उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने बीते 9 वर्षों में जम्मू कश्मीर से धारा 370 हटाने, अयोध्या में श्रीराम मंदिर निर्माण, तीन तलाक को गैर कानूनी बनाना, किसानों के हितार्थ पीएम किसान निधि योजना शुरू करने सहित ऐसे असंभव कार्य पूरे किए हैं जिन्हें बीते 70 सालों में कोई सरकार छूने का साहस भी नहीं कर पाई।

सोहना में यूरिया के लिए मारे-मारे फिर रहे है किसान-फसलों पर गहराए संकट के बादल

# यूरिया की कालाबाजारी,किसान परेशान

**किसानों को ब्लैक में मुंहमांगे दामों पर यूरिया खरीदना मजबूरी बन गई है**

**उमेश गुप्ता, भरोसा मित्र**

सोहना । क्षेत्र के किसान नेता चौधरी विजय सिंह डागर रायपुरिया, समाजसेवी नरेन्द्र रोहिल्ला, अशोक जांगडा ने सोहना में यूरिया खाद की कालाबाजारी का आरोप लगाया है। उन्होने कहा कि यूरिया की ब्लैक चल रही है। लोग यूरिया खरीदने के लिए मारे-मारे फिर रहे है लेकिन किसानों को यूरिया नही मिल पा रही है। जिस कारण किसान गेहूं की बिजाई से पहले यूरिया और डीएपी ना मिलने से परेशान हो रहे है। उन्होने बताया कि गेहूं की फसल बिजाई से सात से दस दिन बाद यूरिया व डीएपी खाद फसल में डालना पड़ता है लेकिन किसानों को ना यूरिया मिल पा रहा है, ना डीएपी मिल पा रही है। ऐसे में किसानों को ब्लैक में मुंहमांगे दामों पर यूरिया खरीदना मजबूरी बन गई है। विभिन्न गांवों में रहने वाले किसानों का कहना है कि सोहना में किसानों को यूरिया खाद ना मिलने से खासी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। यहां पर सरकारी खाद केंद्रों व निजी दुकानों पर यूरिया ना होने से किसान मारे-मारे फिर रहे है। खाद ना मिलने से इस बार किसानों को गेहूं की फसल खराब होने का डर पैदा हो गया है। गौरतलब यह है कि किसानों के दर-दर भटकने और सुबह से शाम तक खाद बिक्री केंद्रों पर चक्कर काटने के बावजूद कृषि विभाग हाथ पर हाथ धरे बैठा है। यूरिया खाद के लिए भटक रहे जमीदार धरमू पहलवान, ओमप्रकाश सैनी, गुरदयाल सैनी, नंबरदार गंगाराम गढ़ीमुरली, पूर्व सरपंच संजय यादव, नंबरदार सतबीर यादव, गांव रायसीना के मोनी यादव, कृष्णपाल सिंह, जमीदार किशोर यादव, सोहना गांव के सुंदर सिंह राजपूत, रामकिशन गुर्जर, विजय गुर्जर, अनूप खटाना आदि किसानों का कहना है कि उन्होने गेहूं में पहला पानी तो लगा दिया है लेकिन अब खाद की जरूरत है। ऐसे में उन्हे ढूंढने़ पर भी यूरिया खाद नहीं मिल पा रही है। किसानों का कहना है कि अभी से यहां खाद की इतनी किल्लत है तो बाद में क्या होगा। किसानों का यह भी कहना है कि क्षेत्र में जमीन का जलस्तर शनैः शनैः निरंतर नीचे जा रहा है। गेहूं की फसल के लिए पानी की बहुत जरूरत होती है और गेहूं में पहला पानी लगाने के बाद यूरिया की लेकिन इस बार ढूंढ़े से भी यूरिया खाद ना मिलने से किसानों को अपनी उम्मीदों पर पानी फिरता दिखलाई पड़ रहा है। इस मामले में जानकारी लेने पर हैफेड के मैनेजर ने सोहना में यूरिया खाद की बनी किल्लत को मानते हुए बताया कि उन्होंने तो क्षेत्र के किसानों की संभावित खपत के आधार पर पर्याप्त तादाद में यूरिया खाद उपलब्ध कराने की मांग अपने आला अधिकारियों को भेजी हुई है लेकिन जब ऊपर से ही खाद पर्याप्त तादाद में उपलब्ध नहीं कराई जा रही तो वह भी इसमें क्या कर सकते है। बता दें कि यूरिया खाद किल्लत से जूझ रहे किसानों को ऐसे में साथ लगते दूसरे जिलों से मुंहमांगे दामों पर खाद खरीदकर लाना मजबूरी बन गई है। खाद किल्लत से परेशान किसान रह-रहकर कृषि विभाग और भाजपा सरकार को कोस रहे है। किसानों का कहना है कि भाजपा सरकार ना तो किसानों को फसलों का वाजिब दाम देने को तैयार है और ना ही किफायती रेट पर बीज, खाद उपलब्ध करा पा रही है। बिजली-पानी का भी टोटा बना हुआ है। रह-रहकर सरकार किसान हितैषी होने का दावा कर परेशान किसानों के 'जले पर नमक छिडक़' रही है। उपरोक्त लोगों ने किसान हित में सरकार से अविलंब सरकारी बीज, खाद बिक्री केंद्रों पर खाद उपलब्ध कराए जाने की मांग की है ताकि किसान अपने खेतों में खाद डाल सके और गेहूं की फसल खराब होने से बचाई जा सके। कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ क्षेत्रीय नेता सतबीर गुर्जर, चौधरी निहाल सिंह धारीवाल एडवोकेट ने यूरिया की कमी के लिए मौजूदा सरकार की नीतियों को जिम्मेदार ठहराया है और साफ कहा है कि सरकार सोहना में पर्याप्त खाद सरकारी कीमत पर उपलब्ध करवाने का प्रयत्न करे। अन्यथा क्षेत्र के किसान आंदोलन कर अधिकारियों का घेराव करेंगे।



## दान देने से कम नहीं होता बढ़ता है : जैन

**कसी मुहिम को शुरू करना सरकार व प्रशासन का कार्य है कि लेकिन उस मुहिम को सफल बनाने में आमजन की भी उतनी ही जिम्मेदारी है**

**उमेश गुप्ता, भरोसा मित्र**



सोहना । आरके जैन इंफ्राटेक प्रोजेक्ट प्राइवेट लिमिटेड के एमडी राकेश जैन ने यहां पर उप्पल साउथ एंड आरडब्लयूए को सोसायटी में सफाई के लिए अपने ऐच्छिक कोष से खरीदी गई सफाई मशीन बुधवार को उपलब्ध कराई और बताया कि इस मशीन को खरीदने पर ढाई लाख रुपए से ज्यादा की लागत आई है। खुशी की बात ये है कि अब सोसायटी में इस मशीन के जरिए और अच्छे से सफाई हो सकेगी। इस मौके पर आरडब्लयूए प्रधान राव भगत सिंह, चेयरमैन राकेश कुमार जैन, सुरेन्द्र यादव, मोहन मित्तल, अनिल गर्ग सोहना वाले, विनोद गर्ग पेट्रोल पंप वाले, रमेश बतरा आदि प्रमुखजनों के साथ-साथ आमंत्रित लोग खासी तादाद में मौजूद रहे। इस मौके पर उपस्थितों के बीच मुख्य वक्ता रूप में बोलते हुए आरके जैन इंफ्राटेक प्रोजेक्ट प्राइवेट लिमिटेड के एमडी राकेश जैन ने कहा कि समाज में किसी भी व्यक्ति की पहचान उसके पद अथवा रंग, रूप से नहीं बल्कि कर्मों से होती है। उन्होंने समाज के प्रत्येक व्यक्ति से पार्टीबाजी और जातपात जैसे संकीर्ण विचारों से ऊपर उठकर सामाजिक व रचनात्मक कार्यों में आगे आने जरूरतमंदों व दीन-दुखियों की सेवा में अग्रणी रहने और अपनी नेक कमाई में से अवश्य कुछ अंश धर्मार्थ कार्यों में लगाने की प्रेरणा देते हुए कहा कि पुण्य कमाई में से किया गया दान का सौ गुणा ज्यादा लाभ प्राप्त होता है। आरके जैन इंफ्राटेक प्रोजेक्ट प्राइवेट लिमिटेड के एमडी राकेश जैन ने कहा कि प्रत्येक प्राणी को खुद ही स्वच्छता का अंबेसडर बनकर स्वच्छता को बढ़ावा देने में आगे आना चाहिए। उन्होने कहा कि स्वच्छता एक एक व्यावहारिक विषय है। किसी के व्यवहार को बदलना सबसे कठिन कार्य है। किसी मुहिम को शुरू करना सरकार व प्रशासन का कार्य है कि लेकिन उस मुहिम को सफल बनाने में आमजन की भी उतनी ही जिम्मेदारी है, जितनी सरकार व प्रशासन की है। उन्होने कहा कि स्वच्छता के क्षेत्र में जितना कार्य हरियाणा में हुआ है, उतना शायद ही देश के अन्य किसी राज्य में हुआ हो। उन्होंने कहा कि कोरोना के चलते अभियान की रफ्तार में कमी जरूर आई थी लेकिन अब चूंकि इस महामारी का प्रकोप लगभग अपने अंत की ओर है तो निर्धारित लक्ष्यों की पूर्ति के लिए सरकार द्वारा सभी स्तर पर गंभीरता से प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि सरकार द्वारा स्वच्छता के क्षेत्र में जो सार्थक कदम उठाए गए हैं उसके सुखद परिणाम भी जल्द देखने को मिलेंगे। इस अवसर पर उन्होंने आमजन से भी आह्वान करते हुए कहा कहा कि किसी भी सार्थक मुहिम को शिखर तक पहुँचाने के लिए आमजन की सहभागिता अति आवश्यक है। आरके जैन इंफ्राटेक प्रोजेक्ट प्राइवेट लिमिटेड के एमडी राकेश जैन ने कहा कि देश के नागरिकों को यह समझना होगा कि स्वच्छता अभियान सरकार का नही बल्कि समाज का व जन-जन का अभियान है ।

## सरकार हर मुद्दे पर फेल : निहाल सिंह

**उमेश गुप्ता, भरोसा मित्र**

**प्रदेश में स्वास्थ व्यवस्था व शिक्षा व्यवस्था बदहाल है और महिला व व्यापारी विरोधी नीति को बढ़ावा मिला है**

सोहना । कांग्रेस के वरिष्ठ नेता चौधरी निहाल सिंह धारीवाल एडवोकेट ने कहा कि सरकार में भ्रष्टाचार चरम सीमा पर है, नशा बढ़ा है, बेरोजगारी में हरियाणा नंबर एक पर है, महंगाई लगातार बढ़ती जा रही है, किसान विरोधी नीति को बढ़ावा मिला है, अपराध बढ़ते जा रहे हैं, धर्म व जाति की राजनीति को बढ़ावा मिला है, प्रदेश में स्वास्थ व्यवस्था व शिक्षा व्यवस्था बदहाल है और महिला व व्यापारी विरोधी नीति को बढ़ावा मिला है। उन्होंने कहा कि आज के समय में प्रदेश का हर वर्ग सरकार से दुखी हो चुका है। प्रदेश की जनता अब बदलाव चाहती है। उन्होंने कहा कि भाजपा-जजपा गठबंधन के राज में 10 बुराइयों को लगातार बढ़ावा मिला है, जिसे रोकने में सरकार नाकाम साबित हुई है। कांग्रेस पार्टी इन्हीं 10 मुददों को लेकर जनता के सामना जाएगी। उन्होंने कहा कि सरकार की पहली बुराई भ्रष्टाचार है, जो आज के समय में चरम सीमा पर है और लगातार बढ़ता जा रहा है। भ्रष्टाचार के मामले में सरकार ने सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। दूसरी बुराई नशा है, जिसे रोकने में सरकार विफल रही है। युवा नशे की दलदल में धंसते जा रहे हैं। प्रदेश में शिक्षा के संस्थानों एक नशे के अडडे बन गए हैं। हरियाणा के सिरसा, फतेहाबाद, करनाल, कुरुक्षेत्र, अंबाला में युवा गंभीर नशे की जद में आ रहे हैं, वहीं बेरोजगारी के कारण नशा तस्करों के जाल में फंस रहे हैं। तीसरी बुराई बेरोजगारी है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता चौधरी निहाल सिंह धारीवाल एडवोकेट ने कहा कि भाजपा-जजपा गठबंधन सरकार के राज में हरियाणा बेरोगारी में नंबर वन है। युवा बेरोजगारी के कारण कर्जा और अपनी जमीन बेचकर विदेशों में जाने को मजबूर हैं जबकि हरियाणा में 1.82 लाख सरकारी पद खाली पड़े हैं। सरकार युवाओं को रोजगार देने में नाकाम साबित हुई है। युवा बेरोजगारी के कारण नशे में अपनी जान दांव पर लगाकर विदेश पलायन करने को मजबूर हो गए हैं। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार की चौथी बुराई महंगाई है, हरियाणा महंगाई के मामले में पूरे देश में दूसरे स्थान पर है। गरीब, मजदूर और किसान को महंगाई के कारण अपना गुजारा करना मुश्किल हो गया है लेकिन सरकार इस और बिल्कुल भी ध्यान नहीं दे रही। इसके अलावा सरकार की पांचवी बुराई किसान विरोधी है। सरकार में किसान सबसे ज्यादा परेशान है, न किसानों को फसल का सही दाम मिलता और न बाढ़ से खराब हुई फसलों का मुआवजा मिलता। मंडियों में अव्यवस्था है जिस कारण किसानों की फसल नहीं बिकती। उन्होंने सरकार की छठी बुराई धर्म व जाति की राजनीति को बताया। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता चौधरी निहाल सिंह धारीवाल एडवोकेट ने कहा कि भाजपा सरकार धर्म और जाति प्रदेश के लोगों को बांट रही है और आपस में लड़ा रही है। इसके अलावा सातवीं बुराई अपराध है, प्रदेश में लागतार अपराध बढ़ता जा रहा है। सरकार अपराध पर लगाम लगाने में विफल साबित हुई है। पुलिसकर्मियों तक पर हमले किए जा रहे हैं। जब प्रदेश में पुलिस कर्मचारी ही सुरक्षित नहीं हैं तो आम जनता का क्या होगा। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार की आठवीं बुराई हरियाणा में खराब स्वास्थ्य व्यवस्था है। अस्पतालों में न डॉक्टर है और न दवाइयां हैं।

## अपने भीतर की बुराइयों को खत्म करना ही दशहरा पर्व का उद्देश्य : शर्मा

**उमेश गुप्ता, भरोसा मित्र**

**बुराई पर अच्छाई की जीत के साथ रावण के पुतले दहन किए गए**

सोहना । स्थानीय मार्किटकमेटी के चेयरमैन रहे व भाजपा के सहकारिता प्रकोष्ठ में प्रदेश सहसंयोजक दिनेश शर्मा खेड़लिया ने दशहरा पर्व पर कई दशहरा उत्सवों में शिरकत की। उन्होंने विभिन्न रामलीला कमेटियों के बुलावे पर उनके कार्यक्रम में जाकर इस पर्व की बधाई दी और लोगों को बुराइयां त्यागने के लिए प्रेरित किया। उन्होने कहा कि दशहरा पर्व का इतना उत्साह रहा कि यहां की हर गली में बुराई पर अच्छाई की जीत के साथ रावण के पुतले दहन किए गए हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का भी यही सपना है कि अंतोदय तक पहुंच हो। हर त्योहार समाज के अंतिम व्यक्ति के बीच मनाए जाएं। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब के दिखाए रास्ते पर चलकर हम समाज को बेहतर बनाएं, ऐसे प्रयास हम कर रहे हैं। उन्होने कहा कि विजयदशमी बहुत ही शुभ और ऐतिहासिक पर्व है। लोगों को इस दिन अपने अंदर के रावण पर विजय प्राप्त कर खुशी के साथ यह पर्व मनाना चाहिए। वो त्रेतायुग का दौर था, जिसमें केवल एक रावण का अस्तित्व था। जिस पर भगवान राम ने विजय प्राप्त की थी। अब हम कलयुग में रह रहे हैं। अब बहुत रावण हो गये हैं। इतने रावण पर विजय प्राप्त करना आसान नहीं है। उन्होंने कहा कि बुराई क्रोध, असत्य, बैर, ईर्ष्या, दुख, आलस्य आदि रूपों में हो सकती है। किसी भी आतंरिक बुराई को खत्म करना भी एक आत्म विजय है। हमें प्रति वर्ष अपने में से इस तरह की बुराई को खत्म कर विजयदशमी के दिन इसका जश्न मनाना चाहिए, जिससे एक दिन हम अपनी सभी इन्द्रियों पर राज कर सकें। उन्होंने कहा कि यह बुरे आचरण पर अच्छे आचरण की जीत की खुशी में मनाया जाने वाला त्यौहार है। उनहोने कहा कि रावण चार वेदों का ज्ञाता महाबलशाली राजा था। जिसकी सोने की लंका थी। साथ ही उसमें अपार अहंकार भी था। वो महान शिव भक्त था और खुद को भगवान विष्णु का दुश्मन बताता था। पुराणों में लिखा है कि रावण के पिता विशर्वा एक ब्राह्मण थे एवं माता राक्षस कुल की थी। इसलिए रावण में एक ब्राह्मण के समान ज्ञान था। एक राक्षस के समान शक्ति और इन्ही दो बातों का रावण में अहंकार था।

## मिशन सेव कांस्टीट्यूशन की पंचायत को नूंह प्रशासन ने किया रद्द : विकास

**29 अक्टूबर को होने वाली दिल्ली के रामलीला मैदान में ऑल इंडिया मुस्लिम महा पंचायत के बारे में भी यहां संबोधित किया जाने वाला था**

**ब्यूरो, भरोसा मित्र**

गुरुग्राम। 26 अक्टूबर 2023 को मालब नूह मेवात में हो रही मिशन सेव कांस्टीट्यूशन के द्वारा पंचायत को नूंह प्रशासन ने रद्द कर दिया है यह पंचायत मिशन सेव कॉन्स्टिट्यूशन के हरियाणा कन्वीनर विकास कांगड़ा द्वारा आयोजित किया जा रहा था इसकी सूचना डीसी ऑफिस को भी दी गई थी अब प्रशासन ने यह पंचायत यह कहकर रद्द कर दिया कि आप लोगों की इस पंचायत से मेवात का माहौल खराब हो सकता है ।




इस पंचायत में मिशन सेव कॉन्स्टिट्यूशन के नेशनल कन्वीनर सुप्रीम कोर्ट अधिवक्ता मेहमूद प्राचा संबोधित करने वाले थे । इस पंचायत में मुस्लिम एससी एसटी ओबीसी व अल्पसंख्यक शामिल होने वाले थे 29 अक्टूबर को होने वाली दिल्ली के रामलीला मैदान में ऑल इंडिया मुस्लिम महा पंचायत के बारे में भी यहां संबोधित किया जाने वाला था इधर जैसे ही विकास कांगड़ा हरियाणा कन्वीनर को नुहू प्रशासन द्वारा अपनी इस पंचायत को रद्द होने के बारे में पता चला तो उन्होंने सीधा-सीधा हरियाणा सरकार पर आरोप लगाया क्योंकि इस पंचायत का रद्द करना संविधान द्वारा दिए गए हमारे मौलिक अधिकारों को हनन किए जाने के बारे में बताया हैं और उनका कहना कि हम अपने हक के लिए कोर्ट का दरवाजा खटखटा आएंगे और अपील करेंगे कि हमें यह प्रोग्राम किस वजह से नहीं करने दिया मेवात में काफी लोग इस बात से बहुत नाराज है की 26 अक्टूबर को सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता मोहम्मद प्राचा जी मेवात की जनता को संबोधित करते लेकिन इस पंचायत को नूह प्रशासन ने रद्द करके तमाम लोगों को निराश कर दिया

## सैनिकों का हौसला बढ़ा रहे रक्षामंत्री राजनाथ सिंह

**सोहना।** सतेन्द्र कुमार राघव स्टार ने देश में रक्षामंत्री राजनाथ सिंह के अरूणाचलप्रदेश के त्वांग में भारत-चीन सीमा पर भारतीय सेना के जवानों के साथ दशहरा मनाने और दशहरा पर सेना के जवानों के बीच पहुंचने को राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए एक प्रेरणादायी पहल बताया है। उन्होने कहा कि रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने रक्षामंत्री के रूप में इस बार अरूणाचलप्रदेश के त्वांग में भारत-चीन सीमा सेना के जवानों के साथ दशहरा मनाते हुए ना केवल भारतीय सेना के जवानों के मनोबल को बढ़ाया है बल्कि देश की एकता विशेषकर सैन्य परिवारों को सीधे राष्ट्रीय सुरक्षा के भाव से जोडने़ वाली शुरूआत कर देश की जनता के नाम एक अच्छा संदेश दिया है, जिसके दूरगामी बेहतर परिणामों से आने वाले वक्त में देश को अवश्य ही लाभ होगा। सतेन्द्र कुमार राघव स्टार ने कहा कि रक्षामंत्री राजनाथ सिंह का अपने जवानों के बीच दशहरा उत्सव मनाना ना केवल उनका उत्साहवर्धन करना है बल्कि चीन को मुंहतोड़ जवाब व ये संदेश देना है कि वह भारत को कमजोर समझने की हर्गिज भूल ना करे।

**बदलाव** नंबर प्लेटों पर नंबर की बजाय जाति और महकमे का नाम लिखने का बढ़ा क्रेज

## सोहना में बिना नंबर बाइकर्सों का आतंक

**उमेश गुप्ता, भरोसा मित्र**

सोहना । शिवनगरी सोहना शहर में जगह-जगह बिना नंबरी और पावर हार्न के साथ-साथ नंबर प्लेट वाले स्थान पर जातिसूचक शब्द लिखे मोटरसाइकिलों की भरमार देखने को मिल रही है। देखने में आ रहा है कि टौर दिखाने के चक्कर में एक-एक मोटरसाइकिल पर 3-3, 4-4 युवक गली-मोहल्लों में पावर हार्न लगातार बजाते हुए आवाजाही करने से बाज नही आ रहे है। जिससे महिलाएं, बच्चे, बुजुर्ग और रोगी सभी परेशान है। साथ ही मोटरसाइकिलों पर पंजीकरण नंबर की बजाय जातिसूचक शब्द डिजाईन में लिखवाकर बिना नंबरी मोटरसाइकिलों को सडक़ों पर दौड़ाना स्टेटस सिंबल माना जा रहा है। कम उम्र के छोटे बच्चे भी बिना लाइसेंस, कागजातों के धडल्ले से मोटरसाइकिलों को दौड़ा रहे है। शहर सोहना में पुलिस प्रशासन की अनदेखी के चलते दोपहिया वाहनों पर नंबरप्लेट के ऊपर नंबर लिखवाने की बजाय कुछ लोगों ने अपनी जाति और महकमे का नाम लिखवाने को अपना स्टेटस सिंबल बना लिया है। देखने में आ रहा है कि कई मोटरसाइकिलों पर लोग नंबर लिखवाने की बजाय राजनीति, धर्म और जाति से जोडक़र उसे प्रदर्शित कर रहे है जबकि कानूनन नंबरप्लेट और उस पर लिखे जाने वाले अंकों तथा अल्फाबेट का आकार यातायात विभाग की तरफ से निर्धारित है। केन्द्रीय मोटर अधिनियम-1989 के नियम संख्या-51 में विभिन्न वाहनों के नंबर प्लेट के लिए मानकों का विवरण स्पष्ट रूप में दिया हुआ है और साफ है कि नंबरप्लेट पर नंबर के अलावा कुछ भी लिखवाना कानूनन अपराध है



और मोटर यान अधिनियम का उल्लंघन है। फिर भी लोग हाई सिक्योरिटी प्लेट लगाना तो दूर नंबरप्लेटों पर नंबर अंकित कराना भी पसंद नही कर रहे है और निर्धारित यातायात नियमों की पुलिस की नाक के नीचे सरेआम धज्जियां उड़ा रहे है। देखा जाए तो किसी भी वाहन के लिए सबसे महत्वपूर्ण पंजीकरण नंबर ही होता है। इस नंबर से वाहन व वाहन स्वामी का पूरा विवरण उपलब्ध हो जाता है। यही कारण है कि वाहन चोरी करने के बाद चोर सबसे पहले वाहन की नंबर प्लेट बदलता है। जिससे उसकी पहचान छुपाई जा सके। पुलिस आयुक्त विकास कुमार अरोड़ा का कहना है कि पुलिस ऐसे वाहनों को पकडने़ के लिए समय-समय पर अभियान चलाती है। नंबर प्लेट पर नंबर के सिवा कुछ भी लिखवाना कानूनन अपराध है और मोटर यान अधिनियम का उल्लंघन है। पकड़े जाने पर जुर्माना है। यातायात पुलिस और सभी थाना चौकी पुलिस के एक कार्य योजना बनाकर दोबारा अभियान चलाने के निर्देश दिए जाएंगे। वही जागरूक लोगों का कहना है कि यातायात नियमों की ईमानदारी से पालना कराने के लिए जरूरी है कि पुलिस प्रशासन को चाहिए कि समय रहते इस तरफ ध्यान दिया जाए और बिना नंबरी व पावर हार्न वाली मोटरसाइकिलों के चालान काट कब्जा पुलिस में लिया जाए ताकि इन पर प्रभावी तरीके से रोक लगे।

## सोहना में हथौड़ा गैंग का इनामी बदमाश गिरफ्तार

**उमेश गुप्ता, भरोसा मित्र**

सोहना । गांव लाखुवास में लोहे के हथौड़े, कुल्हाड़ी, लोहे के सरियों आदि से हमला कर ज्ञानेन्द्र उर्फ भोला असावटिया हत्याकांड मामले में सोहना सीआईए पुलिस ने बुधवार को एक और आरोपी को पकडने़ में कामयाबी पाई है। पकड़ में आए आरोपी की पहचान भारत उर्फ भूषण निवासी गांव असावटा, जनपद पलवल के रूप में हुई है। आरोपी दस हजार का इनामी बदमाश बताया गया है। सीआईए पुलिस ज्ञानेन्द्र हत्याकांड में अभी तक मुख्य आरोपी समेत 9 आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है। सोहना सीआईए पुलिस थाना प्रभारी सबइंस्पेक्टर सत्यप्रकाश की माने तो आरोपी से पूछताछ चल रही है। जिसे पुलिस जल्द अदालत में पेश करेगी। पुलिस की माने तो ज्ञानेन्द्र भोला हत्याकांड वाली वारदात को अंजाम देने वाले बदमाशों में से करीब आधा दर्जन बदमाशों की पृष्ठभूमि आपराधिक बताई गई है। जिन पर हत्या, हत्या के प्रयास, लूट जैसे जघन्य आपराधिक मामले दर्ज है। गौर करने वाली बात ये है कि आरोपियों में एक आरोपी आजाद सोहना का रहने वाला बताया गया है। वह भी अभी तक पुलिस की पकड़ से बाहर है। वही ज्ञानेन्द्र हत्याकांड मामले में पुलिस की जांच में सामने आया है कि ज्ञानेन्द्र उर्फ भोला हत्याकांड वाली वारदात में शामिल एक आरोपी बालीवुड अभिनेता सलमान खान की रेकी करने के आरोप में पहले भी जेल चुका है। उस वक्त सोशल मीडिया पर वायरल हो रही वीडियो में दो दर्जन से ज्यादा युवक बेरहमी से काफी देर तक एक युवक को पीटते हुए नजर आए। साथ ही ज्ञानेन्द्र उर्फ भोला को पीटते हुए हमलावर गाली-गलौच भी करते दिखाई पड़े। वीडियो में मृतक आरोपितों से अपनी जान बख्शने के लिए दया की भीख मांगता नजर आया लेकिन हमलावर उसको बेरहमी से पीटते दिखाई देते रहे। उस वक्त वारदात के दौरान घटनास्थल पर लोगों को आते देख आरोपी ज्ञानेन्द्र उर्फ भोला को अधमरी हालत में छोडक़र भाग निकलने में कामयाब हो गए।

दैनिक भरोसा मित्र

गुरुग्राम, गुरुवार
26 अक्टूबर 2023

www.dainikbharoosa.com

अंदर देखे

सरकार ने बच्चा गोद लेने की प्रक्रिया को किया .....



# गुरुग्राम



अंदर देखे

हरियाणा बदलाव पप ओर बढ़ रहा ...



dainikbharoosa

## खबर फटाफट

### कपिल दुआ ने ओमप्रकाश धनखड़ का किया भव्य स्वागत

**गुरुग्राम।** 4 मरला स्थित दशहरा ग्राउंड में दर्जनों कालोनियों के हजारों लोगों ने एकजुट होकर दशहरा पर्व धूम-धाम के साथ मनाया। इस दशहरा कार्यक्रम में नगर निगम के पूर्व पार्षद कपिल दुआ के समर्थन में दर्जनों कालोनियों के हजारों की संख्या में लोग एकजुट हुए। गुरुग्राम में दो दर्जन से अधिक स्थानों पर दशहरा कार्यक्रम मनाया गया लेकिन 4 मरला कॉलोनी में कपिल दुआ के आह्वान पर 10 हजार से भी अधिक लोग एकजुट हुए और कार्यक्रम में पहुंचे मुख्य अतिथि भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़ का भव्य स्वागत किया। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़ का लोगों ने दिल खोल कर स्वागत किया और उनपर पुष्पवर्षा करके उनका भव्य स्वागत सतकार किया। इस मौके पर लोगों का हुजूम देख गदगद हुए ओमप्रकास धनखड़ ने सभी क्षेत्रवासियों को दशहरा पर्व की बधाई देते हुए कहा कि दशहरा बुराई पर अच्छाई की जीत का पर्व है। इस दौरान लोगों ने भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़ और कपिल दुआ के समर्थन में जमकर नारे भी लगाए।

### अनुबंधित विद्युत कर्मचारी संघ ने किया नवनियुक्त अधिकारियों का स्वागत



**गुरुग्राम।** अनुबंधित विद्युत कर्मचारी संघ की जिला कार्यकारिणी ने बिजली निगम ऑपरेशन दिल्ली जोन की मुख्य अभियंता विनीता सिंह तथा इंजी. श्यामबीर सैनी सुपरीटेंडेंट इंजीनियर- 1 गुरुग्राम को नव पद ग्रहण करने पर अनुबंधित विद्युत कर्मचारी संघ ने दोनों ही बिजली अधिकारियों का गुरुग्राम आगमन पर स्वागत अभिनंदन किया। जिसमे प्रदेश कार्यकारिणी से लोकेश भयान व उदय शंकर दास एवं जिला कार्यकारिणी गुरुग्राम से जिला अध्यक्ष अरुण घामरोज, उपाध्यक्ष चरणजीत सिंह, उपाध्यक्ष अरुण कश्यप , सचिव अशोक नैन, सह सचिव ईना भटनागर, प्रेस सचिव यशपाल नोनीवाल, संगठनकर्ता पवन शर्मा, सलाहकार विक्रम सरोहा, कोषाध्यक्ष सोमबीर, उपकोषाद्यक्ष वीरेश , कार्यकारिणी सदस्य शंकर, आनंद, ललित कुंडू, नित्यानंद आदि उपस्थित रहे। दोनों ही अधिकारियों को अनुबंधित विद्युत कर्मचारी संगठन ने जिले में अनुबंधित विद्युत कर्मचारियों को फील्ड में आ रही विभिन्न समस्याओं की तरफ भी ध्यान दिलाया दोनों ही अधिकारियों ने अनुबंधित विद्युत कर्मचारीयो की सभी समस्याओं एवं मांगों का शीघ्र ही समाधान करने का आश्वासन दिया।

### लाभार्थियों को केसीसी सुविधा उपलब्ध कराएं संबंधित विभाग : एडीसी



**गुरुग्राम।** जिला में पीएम किसान सम्मान निधि के पात्र लाभर्थियों को केसीसी प्रदान करने के लिए घर-घर केसीसी अभियान पर चर्चा के लिए विशेष जिला सलाहकार समिति की बैठक एडीसी हितेश कुमार मीणा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। विकास सदन स्थित एडीसी कार्यालय में आयोजित इस बैठक में नाबार्ड से सहायक महाप्रबंधक जगदीश परिहार, एलडीएम अशोक कुमार सहित अभियान से जुडे अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। एडीसी नें बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि अभियान के तहत जिला के उन सभी इच्छुक किसानों से आवेदन प्राप्त किया जाए। जिनके पास किसी भी बैंक से केसीसी नही है। उन्होंने कहा कि विशेषरूप से पीएम किसान सम्मान निधि के लाभार्थी अपनी बैंक शाखा में एक पेज का आवेदन जमा कर सकते हैं, जहां बैंक आवेदन प्राप्त होने के 14 दिनों के भीतर किसान को केसीसी दिया जाएगा। एडीसी ने इस दौरान बैंकर्स, कृषि विभाग, मत्स्य पालन विभाग और पशु पालन विभाग को अभियान के प्रचार प्रसार के लिए पंचायत स्तर पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने के भी निर्देश दिए। साथ ही सभी विभागों व बैंकर्स को ग्राम स्तरीय जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर इसकी सूचना एलडीएम कार्यालय गुरूग्राम के माध्यम से नाबार्ड को सूचित करने के भी निर्देश दिए।

गुरुग्राम–फरूखनगर नपा पर सीएम फ्लाइंग का छापा

# कई मामलों में मिली गड़बड़ी

भरोसा मित्र डेस्क



गुरुग्राम। मुख्यमन्त्री उड़नदस्ता टीम ने बुधवार को फरुखनगर नगर पालिका में रेड मारी गई। टीम में शामिल एसआई महावीर सिंह, एसआई ब्रह्म प्रकाश, ईएसआई सूबे सिंह तथा उपायुक्त गुरुग्राम कार्यालय से नियुक्त डयूटी मजिस्ट्रेट विजय ढाका अभियंता मानेसर नगर निगम नगरपालिका कार्यालय फरुखनगर पहुंचे और वहां जांच-पड़ताल शुरू कर दी।

रेड के दौरान नपा कार्यालय का हाजिरी रजिस्टर चेक किया गया। हाजिरी रजिस्टर के अनुसार नियमित कर्मचारी 10 व कौशल रोजगार के तहत नियुक्त 7 कर्मचारी हाजिरी रजिस्टर में दर्ज हैं, जिनमें से नरेश कुमार सचिव, प्रमोद कुमार क्लर्क, कुलदीप माली चौकीदार कार्यालय से गैरहाजिर मिले। फोन करने पर फोन बंद मिला। नगर पालिका क्षेत्र स्थित 10 वेयर हाउस की प्रोपटी आईडी की डिटेल मांगी गई, जिसमें से केवल एक वेयर हाउस का प्रोपटी टैक्स जमा होना पाया गया। इन वेयर हाउसों को नगर पालिका फरुखनगर द्वारा प्रापर्टी टैक्स जमा करने बार कोई नोटिस ही नहीं दिया गया था। नगरपालिका क्षेत्र गोल बावडी क्षेत्र के पास सात दुकानों को अवैध मानकर सील किया गया था। यह दुकानें 6 सित बर 2022 को सील की गई थी। कमेटी कार्यालय मे रेड के दौरान पूर्व पार्षद मुकेश सैनी द्वारा मिली भगत करके इन दुकानों को खोलने के आरोप लगाए गए। टीम द्वारा दुमनों को चैक किया गया तो मौके पर 5 दुकानें खुली पाई गई वा दो दुकानें सील पाई गई। दुकानों को सील करने वा खोलने के संदर्भ में कोई दस्तावेज नहीं मिले। नगरपालिका क्षेत्र में 2 पेट्रोल प प अनाधिकृत एरिया में चलाए जाने का भी पता चला।

### गुरुग्राम में पकड़ा अवैध नशा मुक्ति केन्द्र

मुख्यमंत्री उड़नदस्ता, स्वास्थ्य विभाग व एसडीएम गुरूग्राम की सयुक्त टीम के द्वारा थाना सेक्टर-5 गुरूग्राम एरिया में नई उम्मीद के नाम से अवैध रूप से चल रहे नशा मुक्ति केन्द्र पर रेड की कार्यवाही की गई। गुप्त सुचना मिली की थाना सेक्टर 5 एरिया में मकान नंबर 23 गली नंबर 2 न्यू अमनपूरा नजदीक शीतला माता मंदिर गुरूग्राम में नई उम्मीद के नाम से अवैध रूप से नशा मुक्ति केन्द्र चलाकर शराब, स्मैक, गांजा, सुल्फा, चिटटा, इन्जेक्शन मेडिकल नशा आदि का ईलाज किया जा रहा है। टीम मौके पर पहुची तो सुचना सही थी। आरोपी विनय राठी की गिरफ्तारी हो चुकी है, जिससे आगामी पूछताछ की जा रही है।

### डा. सुधा यादव का पूनम भटनागर ने किया स्वागत



एमके अरोड़ा, भरोसा मित्र

गुरुग्राम। भाजपा चरखी-दादरी की प्रभारी व अधिवक्ता पूनम भटनागर के आवास पर विजय दशमी के दिन केंद्रीय चुनाव समिति व ससंदीय समिति की सदस्य पूर्व सांसद डा. सुधा यादव पहुंची। जहां पर पूनम भटनागर व उनके परिजनों ने डा. यादव का स्वागत किया। इस मौके पर हरियाणा राज्य सीएसआर ट्रस्ट के उपाध्यक्ष व पंजाबी बिरादरी महासंगठन के अध्यक्ष बोधराज सीकरी भी मौजूद रहे। डा. सुधा यादव ने इस दौरान पारिवारिक व सामाजिक मुद्दों के अलावा राजनैतिक मुद्दों पर भी चर्चा की। इस दौरान उन्होंने परिजनों व क्षेत्रवासियों को हाल-चाल जाना। वरिष्ठ अधिवक्ता पंकज भटनागर व पूनम भटनागर ने डा. यादव के समक्ष कुछ सुझाव रखे, जिन पर सकारात्मक चर्चा हुई और कई विषयों पर सहमति भी बनी। डा. सुधा यादव का स्वागत करने वालों में अर्जुन भटनागर, करण भटनागर, प्राची भटनागर, अर्जुन शर्मा, धर्मेंद्र बजाज, रमेश कामरा, गरिमा जैन, शिप्रा सिंह, अंकित सिंह, मीनाक्षी सक्सेना, आरपी सिंह, ठाकुर संतोष, शिव कुमार चौहान, प्रियव्रत कटारिया, धर्मसागर, एचएस चावला, डीएन कवातरा आदि शामिल रहे।

## शोभायात्रा के बाद धूं-धूं कर जला रावण

एमके अरोड़ा, भरोसा मित्र



गुरुग्राम। न्यू कालोनी स्थित गीता भवन की श्रीसनातान धर्मसभा व केंद्रीय श्रीसनातन धर्मसभा के प्रधान तथा रामलीला के डायरेक्टर सुरेंद्र खुल्लर एवं संयोजक व गीता भवन के उप प्रधान व संयोजक मुनीष खुल्लर ने संयुक्त रुप से जानकारी देते हुए बताया कि बीती रात रामलीला से पूर्व रामलीला कमेटी द्वारा सायं के समय बैंड-बाजे ढोल-नगाड़ों के साथ शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा न्यू कालोनी गीता भवन से चलकर ज्योति पार्क होते हुए न्यू कालोनी दशहरा ग्राउण्ड में संपन्न हुई। शोभायात्रा का रास्ते में समाजसेवी बाबूराम गुप्ता, सुरेंद्र गुप्ता, एलएन छाबड़ा, सीपी छाबड़ा, खुल्लर परिवार द्वारा स्वागत किया गया। रावण दहन से पूर्व मुख्य अतिथि के रुप में समाजसेवी एचएस चावला, डा. प्रवीण नैय्यर, भाजपा पर्यावरण विभाग के प्रदेश प्रमुख नवीन गोयल, पंजाबी बिरादरी महासंगठन के अध्यक्ष व सीएसआर ट्रस्ट के उपाध्यक्ष बोधराज सीकरी, नगर निगम के पूर्व वरिष्ठ उप महापौर यशपाल बतरा, समाजसेवी डा. परमेश्वर अरोड़ा आदि का रामलीला कमेटी द्वारा स्वागत किया गया। मुनीष खुल्लर ने बताया कि दशहरा ग्राउण्ड में देर सायं रावण, कुभकरण, मेघनाथ के पुतलों का दहन किया गया। जिसके उपरांत श्रीराम-सीता के दृश्यों को बखूवी दर्शाया गया। इसके बाद श्रीराम, लक्ष्मण व सीता हनुमान सहित सभी लोग अयोध्या पहुंचते हैं, जहां पर अयोध्यावासी लोकगीत, दीप जलाकर श्रीराम, लक्ष्मण सीता का स्वागत करते हैं। रामलीला के अंत में भगवान श्रीराम का राजतिलक दर्शाया जाता है। मुनीष खुल्लर ने बताया कि रामलीला को सफल बनाने के लिए यूबी ग्रोवर, अरविंद गुप्ता, मोहित खुल्लर, रविंद्र खुल्लर, अर्जुन खुल्लर, जयदयाल गुप्ता, डीसी ग्रोवर, कृष्ण गोगिया, एसके मोदी, मनोज शर्मा, तरुण चावला, अश्विनी कुमार, राकेश शर्मा, जितेश मोदी, त्रिभुवन गोयल, आशु गोयल, सुरज महेंद्रू आदि का विशेष सहयोग रहा। गीता भवन की श्रीसनातान धर्मसभा व केंद्रीय श्रीसनातन धर्मसभा के प्रधान तथा रामलीला के डायरेक्टर सुरेंद्र खुल्लर द्वारा रामलीला कमेटी के सभी सदस्यों, रामलीला के कलाकारों का रामलीला में भाग लेने व सफल बनाने के लिए धन्यवाद किया।

## सेक्टर 23 में किया रावण का पुतला दहन

ब्यूरो, भरोसा मित्र



गुरुग्राम । सेक्टर 23 के निवासियों ने सेक्टर के सबसे बड़े पार्क में, बुराई पर अच्छाई की जीत का जश्न मनाते हुए दशहरा का जश्न मनाया। यह कार्यक्रम आरडब्ल्यूए अध्यक्ष श्री वेद यादव रेजीडेंट वेल्फेयर एसोसिएशन अध्यक्ष, के नेतृत्व में प्रतिष्ठित रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन (आरडब्ल्यूए) द्वारा आयोजित किया गया था और इसमें पुरुषों, महिलाओं और बच्चों सहित हजारों उत्साही निवासियों की भागीदारी देखी गई।

कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण भगवान राम की जीत के प्रतीक रावण और उसके परिवार के सदस्यों के पुतले का दहन था। पुतले को आग लगाते ही भीड़ ''जय श्री राम'' के नारे लगाने लगी, जो पूरे पार्क में गूंज उठा। यह प्राचीन अनुष्ठान धार्मिकता, साहस और बुराई पर अच्छाई की अंतिम विजय के शाश्वत मूल्यों की याद दिलाता है। इस अवसर पर प्रतिष्ठित व्यक्तित्व उपस्थित थे, जिनमें डॉ. टीसी राव, श्री रविंद्र यादव, पूर्व पार्षद, श्री एलआर यादव, पूर्व टं। अध्यक्ष और कर्नल महाबीर यादव शामिल थे, जो उपस्थिति में प्रमुख व्यक्तियों में से थे। डॉ. टीसी राव ने सभा को अपने संबोधन में दशहरे के शुभ अवसर पर अपनी हार्दिक शुभकामनाएं दीं। शहीद फाउंडेशन के अध्यक्ष कर्नल महाबीर यादव के साथ श्री एलआर यादव, श्री रविंदर यादव और श्री पवन यादव ने भी उत्साही सभा को संबोधित किया, और एकता, भाईचारे और सामाजिक जिम्मेदारी के महत्व पर प्रकाश डाला।

सम्मानित उपस्थित लोगों में कर्नल मुनिलाल यादव, ललित राणा, महासचिव रोहित बजाज और समुदाय के कई अन्य सम्मानित सदस्य उपस्थित थे, जिससे कार्यक्रम की भव्यता बढ़ गई।

आरडब्ल्यूए अध्यक्ष वेद यादव ने सभी निवासियों को उनकी सक्रिय भागीदारी के लिए आभार व्यक्त किया।

## भगवान श्रीराम के जीवन से लें प्रेरणा



एमके अरोड़ा, भरोसा मित्र

गुरुग्राम। शहर में विभिन्न क्षेत्रों में आयोजित रामलीला में दर्शकों की भारी भीड़ रही। भीम नगर स्थित श्रीकृष्ण मंदिर की श्री सनातन धर्मसभा के प्रधान पवन पाहूजा, महासचिव किशोरीलाल डूडेजा व चीफ डायरेक्टर एसके मल्होत्रा ने संयुक्त रुप से जानकारी देते हुए बताया कि कमेटी द्वारा भीम नगर क्षेत्र में विशाल झांकियां बैंड-बाजे व आतिशबाजी के साथ झांकी निकाली गई। भगवान श्रीराम की झांकी भीम नगर से होते हुए रामलीला ग्राउण्ड पहुंची। जहां पर दर्शकों से खचाखच भरे पांडाल को संबोधित करते हुए नगर निगम की पूर्व पार्षद व भाजपा नेत्री सीमा पाहूजा तथा समाजसेवी पवन पाहूजा बंटी ने कहा कि रामलीला के माध्यम से लोगों को यह संदेश दिया जाता है कि हमें मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के आदर्शों पर चलना चाहिए। जिससे हमें सीख मिलती है कि माता-पिता व गुरुओं का सम्मान करना चाहिए। महासचिव किशोरीलाल डूडेजा व चीफ डायरेक्टर एसके मल्होत्रा ने बताया कि जिसके पश्चात रावण, कुभकरण, मेघनाथ के पुतलों का दहन किया गया।

## ऐतिहासिक रहा अमृत कलश यात्रा का समारोह : सुंदर

एमके अरोड़ा, भरोसा मित्र




गुरुग्राम। मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत बुधवार को अमृत कलश यात्रा को रोहतक के लिए नगर निगम मानेसर के संयुक्त आयुक्त दिनेश कुमार ने आईएमटी मानेसर चौक से झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान सुन्दर लाल सरपंच सिकन्दरपुर-बढ़ा, अजीत यादव मानेसर अजीत (ढाणा) देशराज सरपंच फाजिलवास सहित मानेसर नगर निगम के अधिकारी भी साथ रहे। एनएसजी ब्लैक केट्स के ग्रुप कमांडर, एनएसजी की टीम के साथ नगर निगम मानेसर की टीम अमर जवान की मिट्टी लेकर रोहतक पहुंची। रोहतक में राज्य स्तरीय कार्यक्रम में मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने संबोधित किया। सरपंच सुंदर लाल ने बताया कि जिला के हर खंड और नगर निगम, नगर परिषद क्षेत्र में पिछले दो माह से मेरी माटी देश अभियान के कार्यक्रम किए गए। प्रत्येक गांव व नगर निगम क्षेत्र के वीर शहीदों को इस माध्यम से यादव किया। उस क्षेत्र की पावन माटी को अमृत कलश में एकत्रित किया गया। सरपंच सुंदर लाल यादव ने कहा कि मेरी माटी मेरा देश का राष्ट्रीय समारोह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में दिल्ली में आयोजित किया जाएगा। इससे पहले रोहतक में प्रदेश स्तरीय समारोह आयोजित किया गया। दिल्ली में होने वाले कार्यक्रम को लेकर गुरुग्राम-दिल्ली सीमा पर धनचिरी कैंप में तैयारियां की गई हैं। यहां विभिन्न प्रदेशों से आने वाले यात्रियों को ठहराया जाएगा। सरपंच सुंदर लाल यादव ने कहा कि गुरुग्राम जिला के हर ब्लॉक, नगर निगम, नगर परिषद और ग्राम पंचायत से एक जनप्रतिनिधि रोहतक पहुंचा। पंचायत व नगर पार्षद अधिकारियों के साथ पहुंचे। जनप्रतिनिधियों को उत्साहपूर्वक इस समारोह में भाग लिया। स्थानीय निकाय और पंचायत विभाग के अधिकारी अन्य विभागों के साथ मिलकर इस आयोजन को सफल बनाने में अहम भूमिका निभाई।

परेशानी

गुरुग्राम के सेक्टर राम भरोसे

# सेक्टर 39 पॉकेट डी के हाल-बेहाल, लोग परेशान

ब्यूरो, भरोसा डेस्क

गुरुग्राम। गुरुग्राम का नाम लेते ही बड़ी-बड़ी बिल्डिंग ,मॉल व चमकते सेक्टर याद आते हैं। लेकिन गुरुग्राम के सैक्टर 39डी पॉकेट की सच्चाई कुछ और ही है। यहां पर आप एक समस्या की ओर ध्यान देंगे तो आपको चार और समस्या आएंगी । कहने का भाव है कि सैक्टर में समस्याओं का अंबार लगा हुआ है जिससे स्थानीय लोगों का जीना मुहाल हो गया है। आपको बता दें कि सैक्टर 39 डी पॉकेट झाड़सा गांव के साथ ही लगता है और सेक्टर में गांव की तरफ से अवैध रास्ते खोले हुए हैं जिनसे गांव से लोगों व वाहनों का आना जाना दिन रात लगा रहता है।

यहां की सड़कों की हालत ऐसी है कि आप सही से पैदल भी नहीं चल सकते हैं। वाहनों को यहां से गुजरने में परेशानी होती है और बरसात के दिनों में तो यहा समस्या विकराल रूप धारण कर लेती है थोड़ी सी ही बारिश से यहां की सभी सड़कें पानी से लबालब नजर आती हैं। इस दौरान यहां से निकलना दूभर हो जाता है। विशेषकर महिलाओं और बच्चों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। यहां बरसाती पानी की निकासी की समस्या है। रेन वॉटर हार्वेस्टिंग की कोई व्यवस्था नहीं है। सैक्टर की सड़कें अंधेरा होते की शराब पीने का अड्ड बन जाती हैं। जिससे खुले में शराब पीने वाले सड़क पर हुड़दंग भी करते नजर आते हैं। कई बार शराबियों को यहां पर शराब पीने से मना करने पर वे लड़ाई भी करते हैं। यहां पर रहने वाली खासकर महिलाओं और बच्चों को यहां से निकलना दूभर हो जाता है।



### कई बार कर चुके हैं शिकायत

सैक्टर वासी अपनी इन सभी समस्याओं को लेकर एक्सईएन, एसडीओ, जेई से कई बार शिकायत दे चुके हैं उनका कहना है कि वे शिकायत दे देकर थक चुके हैं लेकिन अधिकारियों की ओर से केवल आश्वासन के अलावा कुछ नहीं मिलता। सैक्टरवासी परेशानियों का सामना करने को मजबूर हैं उनका कहना है कि जल्द से जल्द सैक्टर में साफ सफाई की समस्या का निवारण किया जाए और अवैध रास्तों को बंद किया जाए।

### सभी अवैध रास्ते बंद हों



अवैध रास्ते खुले होने से यहां कई बार चोरी हो चुकी है। अवैध रास्ते खुले होने से चोर इन रास्तों से सैक्टर में प्रवेश कर आसानी से चोरी कर ले जाते हैं। लोगों का कहना है कि कई बार उनके घरों से पानी की मोटर, सीवर का ढक्कन चोरी हो चुके है। चोरी होने के कारण सैक्टरवासी अपने आपको असुरक्षित महसूस कर रहे हैं ।

### सैक्टर की हर गली में कूड़े के ढेर

वैसे तो गुरुग्राम नगर निगम की ओर से सफाई की मुहिम चलाई हुई है। लेकिन सैक्टर 39 डी पॉकेट में साफ सफाई तो दूर की बात है यहां पर हर गली में कूडे के ढेर लगे हुए हैं। जिसकी बदबू से आसपास के लोगों का जीना मुश्किल हो गया है। कूड़े के ढेर में मक्खी मच्छर पैदा होने से लोगों में बिमारी का भय बना हुआ है।

## गुरुग्राम में बनवाएंगे फिल्म सिटी : नवीन

### सरकार को फिल्म सिटी के निर्माण के लिए सरकार को भेजेंगे मांग पत्र

एमके अरोड़ा, भरोसा मित्र



गुरुग्राम। मिलेनियम सिटी गुरुग्राम हरियाणा का चेहरा है। यहां पर हर राज्य के लोग रहते हैं। इनमें कारपोरेट जगत में नौकरी करने वालों के साथ कलाकार भी शामिल हैं। इसलिए यहां पर फिल्म सिटी बनाई जानी चाहिए। फिल्म सिटी बनने से गुरुग्राम ही नहीं हरियाणा व आसपास के युवाओं को कला के क्षेत्र में भविष्य बनाने का अवसर मिलेगा।

फिल्म सिटी हुनर दिखाने के साथ रोजगार का भी माध्यम बनेगी। यह बात पर्यावरण संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा के प्रमुख एवं एक भारत श्रेष्ठ भारत कमेटी के प्रदेश सह-संयोजक नवीन गोयल ने कही। नवीन गोयल ने मंगलवार की रात को ओल्ड दिल्ली रोड स्थित राज चौहान नाईट में यह बात कही। यहां उन्होंने कलाकारों का उत्साह बढ़ाया। नवीन गोयल ने कहा कि हरियाणा सरकार ने जिस तरह से फिल्म पॉलिसी बनाकर कलाकारों, फिल्म अभिनेताओं को सुविधा मुहैया कराई है, वह काबिले तारीफ है। आने वाले भविष्य में गुरुग्राम में फिल्म सिटी का भी निर्माण हो, इसके भी प्रयास किए जाएंगे। प्रदेश के कलाकारों को वर्तमान प्रदेश सरकार ने बेहतर मान-सम्मान दिया है।

हरियाणवी कला को बढ़ावा देने के लिए भी प्रयास किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री मनोहर लाल, प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़ कला को आगे बढ़ाने के लिए हमेशा तत्पर रहते हैं। उन्होंने कहा कि कलाकार हर व्यक्ति होता है। कला का कोई पैमाना नहीं होता। चुप रहना भी एक कला है तो बेहतर बोलना भी एक कला है। खड़े रहना भी एक कला है तो एक्टिंग करना भी एक कला है। हमारी संस्कृति में कला को बहुत सम्मान दिया जाता है। यहां प्रतिभाओं को तराशा जाता है। हर क्षेत्र की प्रतिभा यहां पर हमें नजर आती है। नवीन गोयल ने कहा कि उन्हें गुरुग्राम में लगभग हर प्रदेश के लोगों के कार्यक्रमों में शिरकत करने का अवसर मिला है। हर जगह पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों में बेटियों, बहनों, युवाओं, बच्चों में जो प्रतिभा नजर आती है, वही विशेषता है। उन्होंने कहा कि हमें अपने बच्चों को शिक्षा के साथ कला से भी जोड़ना चाहिए। बच्चों में झिझक नहीं होनी चाहिए। उन्हें ऐसा मंच मिलना चाहिए, जहां वे अपने आप को प्रस्तुत कर सकें। घर में भी बच्चों के साथ माता-पिता प्रतिभा निखारने पर काम करें। उन्होंने कहा कि कलाकार भी पैदाइशी नहीं होता। उसे वैसा माहौल मिलता है और वह कला के क्षेत्र में आगे बढ़ जाता है।

## खबर फटाफट

### रामलीला मंचन के कलाकारों व आयोजकों को किया सम्मानित



**तावडू ।** लायंस क्लब तावडू टाऊन के अध्यक्ष गोबिंद चांदना ने शहर की धार्मिक रामलीला, जय भारत रामलीला एवं युवा बाल कलाकारों और आयोजकों को सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि त्याग दी हर ख्वाहिशें निष्काम बनने के लिए राम ने बहुत कुछ खोया श्रीराम बनने के लिए। उन्होंने कहा कि मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम समेत रामायण के विभिन्न चरित्रों को जीने वाले सभी कलाकारों, आयोजकों और श्रद्धालुओं के आयोजन को व अभिनय से सजग बनाया है। इस दौरान उन्होंने तीनों रामलीला के प्रधानों ने कलाकारों को प्रोत्साहित करने के लिए लांयस क्लब के अध्यक्ष के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में स्थानीय विधायक संजय सिंह के छोटे भाई अरुण सिंह, डीएसपी मुकेश कुमार क्लब के उपाध्यक्ष अशोक वासुदेव, सचिव आंनद अग्रवाल, अनाज मंडी प्रदान संजय गोयल आदि मौजूद रहे।कलाकरों के अभिनय की सहराना करते हुए सभी मुख्यातिथिओं ने कलाकारों को सम्मानित किया। विधायक संजय सिंह के छोटे भाई अरुण सिंह ने इस दौरान तीनों रामलीलाओं के आयोजन में सहयोग के लिए 51-51 हजार रुपए अपनी ओर से देने की घोषणा की। इस अवसर पर डॉ विजय शर्मा, जगदीश सोनी सहित तीनों रामलीलाओं के सभी कलाकारों सहित आयोजक भी मौजूद रहे।

### एलएनटी कंपनी ने सरकारी स्कूल में आरओ लगवाया

**तावडू ।** उपमंडल के गांव राहडी के राजकीय वरिष्ट माध्यमिक विद्यालय में एलएनटी कंपनी के द्वारा टॉयलेट ब्लॉक वे आरओ प्लांट सीएसआर के तहत लगाया। इस कार्यक्रम के तहत एलएंडटी कंपनी के कर्मचारी श्रीनिवास राव, अमलांश मैती, पंकज पांडेय, रॉबिन्स कुमार, दयाल सिंह मौजूद रहे। इस दौरान विद्यालय प्रिंसिपल नीति रानी ने कंपनी के कर्मचारियों का धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि कंपनी ने विद्यार्थियों के लिए जो योगदान दिया है वह विद्यार्थियों के लिए उपयोगी है। वहीं इस दौरान इमरान खान व सबुर खान ने विद्यालय के समीप चल रहे रेलवे विभाग के कार्यों के बारे में जागरूक किया कि कोई भी रेलवे ट्रैक के पास न जाए। विद्यालय सदस्यों ने भी एल एन टी कंपनी के प्रोजेक्ट डायरेक्टर चिंतन कुमार पारीख का आभार व्यक्त किया। इस दौरान उन्होंने बच्चों को पढाई से संबंधित बातें बताई। इस दौरान विद्यालय स्टाफ सहित विद्यार्थी भी उपस्थित रहे।

### बस में हुआ विस्फोट

**तावडू ।** उपमंडल के गांव डिढारा बाईपास पर एक व्यक्ति बस में बारूद ले जाने के चलते बस में विस्फोट हो गया। पुलिस ने बादरूद ले जा रहे व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

सिपाही कृष्ण कुमार ने पुलिस को दी गई शिकायत में बताया कि गत 24 अक्टूबर को उसे सूचना मिली कि डिढारा बाईपास तावडू के पास एक प्राईवेट सवारी बस में आग लग गई है। जिस पर वह मौके पर पहुंचा तो बस में धुआं उठ रहा था व बस में बैठी हुई सवारियां नीचे उतरी हुई थी। बस में 2 लडके आग से बुरी तरह झुलस गए। जिन्हें एंबुलेंस गाडी से उपचार के लिए ले जाया गया। उसने अपने तौर पर सूत्रों से पता किया तो पता चला कि एक लडका मंडावर निवासी शिवा सोहना दशहरा का त्योहार मनाने के लिए बारूद को अपने साथ बैग में लेकर जा रहा था। जैसे ही बस डिढारा बाईपास पर पहुंची तो उसके बैग में आग लग गई। शिवा व शिवा के साईड में बैठा राजेशी चांचली जिला गौतम बुधनगर यूपी आग से झुलस गए। शिवा ने सवारी बस में ज्वलनशील पदार्थ अपने कब्जे में अवैध तरीके से रखकर ले जाने पर अपने आप को व सवारियों की जान जोखिम में डालकर घोर लापरवाही का अपराध किया है। पुलिस ने कृष्ण की शिकायत पर शिवा के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

### मुकुल धामीवाल ने 2 सौ मीटर रेस में जीता रजक पदक

**तावडू।** किसी की सलाह से रास्ते जरूर मिलते है, पर मंजिल तो खुद की मेहनत से ही मिलती हैं। बहुत ही



खुशी की बात है कि गांव जौरासी के मुकुल धामीवाल ने सीबीएसई नेशनल क्लस्टर में रजत पद पदक जीतकर गांव और जिले मेवात का नाम रोशन किया है। मेवात अब तक खेलों में पिछड़ा हुआ एरिया माना जाता है। लेकिन उनको सही दिशा खाने वाला कोई कोच या पेरेंट्स मिल जाए तो अपने प्रतिभा को आपके सामने ला सकते हैं ऐसा ही कारनामा करके दिखाएं मुकुल ने मुकुल ने सीबीएसई नेशनल क्लस्टर जो 17 से 19 अक्टूबर तक गोहाना में आयोजित हुई थी। जिसमें मुकुल धामीवाल ने 200 मीटर दौड़ में भाग लेकर रजत पदक प्राप्त किया। गांव जौरासी निवासी मुकुल धामीवाल ने जिला मेवात का नाम रोशन किया। इसी खुशी के मौके पर मुकुल ने बताया कि वह घर से गुडे ांव आता जाता है और वहां पर गुडगांव में अभ्यास करता है। यहां पर कोई कोच भी नही है और इसके लिए उसने अपने माता-पिता और अपने कोच अर्जुन सिंह को बधाई देता हूं और मुझे खेल के लिए प्रेरित किया। अपने बड़े भाई मुक्केबाजी अंतर्राष्ट्रीय प्रशिक्षक अजय धामीवाल को देता हूं जिसने मुझे खेल के लिए प्रेरित किया और मैं आज इस मुकाम पर पहुंचा हूं और इस खुशी के मौके पर सभी ग्राम वासियों का धन्यवाद करता हूं।

## पांच सौ साल पुरानी ऐतिहासिक दरगाह दादा शाह चोखा जाने वाली सड़क जर्जर

# हिन्दू मुस्लिम सहित लाखों लोगों की आस्था से जुड़ी है दादा शाह चोखा दरगाह

### सर्वेक्षण कर पुनर्निर्माण कराने को विधायक आफताब अहमद ने अधीक्षक अभियंता को लिखा पत्र

**आस मोहम्मद, भरोसा मित्र**

नूंह । जिले के गांव शाह चौखा में पांच सौ साल पुरानी ऐतिहासिक सैयद अहमद अली शाह दरगाह की आस्था मेवात ही नहीं बल्कि देश के लाखों लोगों की आस्था से जु ी हुई है। कुछ इतिहासकारों का कहना है कि इस दरगाह को लगभग 500 साल पहले अकबर बादशाह ने अपने बेटे की मुराद पूरी होने पर इसका निर्माण कराने का काम किया था। देश के कई राज्यों जैसे मुंबई ,राजस्थान, गुजरात ,दिल्ली व यूपी आदि से हर बृहस्पतिवार को हजारों श्रद्वालु यहां मन्नत मांगने आते हैं, लेकिन दरगाह तक जाने वाली से क और यहां की ऐतिहासिक इमारत काफी समय से जर्जर हालत में है। अब दादा शाहचौखा दरगाह तक जाने वाली से क के निर्माण का मुद्दा हरियाणा विधानसभा में प्रतिपक्ष के उपनेता चौधरी आफताब अहमद ने उठाया है। सीएलसी उपनेता चौधरी आफताब अहमद ने लोकनिर्माण विभाग गुरूग्राम के अधीक्षक अभियंता को पत्र लिखकर कहा कि गांव शाह चौखा में सैयद अहमद अली शाह की प्राचीन दरगाह है। यह दरगाह गांव के पहो में स्थित हैं और इस दरगाह के दर्शन करने के लिए देशभर से काफी मात्रा में श्रद्वालु आते है। श्रद्वालुओं को दरगाह तक पहुंचने के लिए केवल पी.डब्लू.डी. से क ही एकमात्र रास्ता है। काफी समय से से क की मरम्मत न होने से ये काफी जर्जर चुकी है। उन्होने कहा इस से क का उठान व ढलान आई आर सी मानकों के अनुरूप नहीं है। जिसके कारण दरगाह तक पहुंचने के लिए श्रृद्धालुओं को काफी परेशानियों का सामना करना पे ता है। कई बार श्रद्धालुओं के वाहन व स्वयं दुर्घटनाओं के शिकार हो चुके हैं। उन्होने बताया कि से क पहो की उचाई में 45 डिग्री के कोण पर बनी हुई है।




### केंद्रीय व राज्यों के कई नेता करते हैं अपने चुनाव अभियान की यहां से शुरुआत

आपको बता दें कि केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह जब भी चुनाव लड़ते हैं वह शाह चोखा की इस दरगाह से अपने चुनाव अभियान की शुरुआत करते हैं। इतना ही नहीं उन्होंने काफी समय पहले इस सड़क के निर्माण के लिए राशि देकर इस सड़क को बनवाने का काम किया था, लेकिन काफी समय बीत जाने के बाद अब इस दरगाह को जाने वाली सड़क फिर से जर्जर हो गई है।

### आफताब ने मंत्री रहते हुए दरगाह की मरम्मत को दिए थे 20 लाख रुपये



पूर्व मंत्री व नूंह से विधायक चौधरी आफताब अहमद जब पूर्व की कांग्रेस सरकार में मंत्री रहे तो उन्होंने ग्रामीणों की मांग पर दरगाह की मरम्मत के लिए 20 लाख रुपए दिए, लेकिन दरगाह की इमारत काफी बड़ी होने के चलते और ज्यादा जर्जर होने के साथ-साथ इसमें 20 लाख रुपए से इसकी मरम्मत का पूरा काम नहीं हो पाया।

### पूर्व सांसद मरहूम चौधरी खुर्शीद अहमद ने की थी सड़क के निर्माण की पहल



आपको बता दें कि नगीना-हो ल रो से दरगाह को सड़क से जोडने के लिए पूर्व मंत्री और सांसद महरूम चौधरी खुर्शीद अहमद ने सबसे पहले पहल की थी। मां सड़क से लेकर दरगाह को जाने वाले रास्ते को पक्का करने का काम चौधरी खुर्शीद अहमद ने किया था। इतना ही नहीं दरगाह में पीने का पानी व नमाज पढ़ने के लिए वजू के पानी के लिए भी इंतजाम करवाने का काम चौधरी खुर्शीद अहमद ने किया था।

## दूसरे स्तर की परीक्षा में बैठेंगे करीब तीन हजार बच्चे

**आस मोहम्मद, भरोसा मित्र**

नूंह । मेवात पुलिस कप्तान नरेंद्र बिजारणिया ने कहा कि हरियाणा पुलिस महानिदेशक शत्रुजीत कपूर एवं पुलिस महानिरीक्षक यातायात एवं हाईवे करनाल के दिशा-निदेशों के अनुसार सभी जिलों में यातायात को लेकर स्कूल स्तरीय सड़क सुरक्षा क्विज कम्पीटीशन करवाया जा रहा है । नूंह पुलिस द्वारा जिला नूंह में दिनांक 13 अक्टूबर 2023 को प्रथम चरण की यह प्रतियोगिता कराई जा चुकी है। पुलिस कप्तान नरेंद्र बिजारणिया ने बताया कि जिला नूंह में इस प्रतियोगिता परीक्षा के दूसरे स्तर की परिक्षा के आयोजन कराने के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। दिनाक 13 अक्तूबर को इस क्विज कम्पीटीशन के पहले स्तर की परीक्षा का स्कूल स्तरीय आयोजन करवाया जा चुका है। पहले स्तर की परीक्षा 4 लेवल पर हुई थी ।

पहले लेवल में कक्षा 1 से 5 तक के विद्यार्थी, लेवल 2 में कक्षा 6 से 8, लेवल 3 में कक्षा 9 वीं से 12 वी व लेवल 4 कॉलेज के बच्चों ने भाग लिया था। पहले स्तर की परीक्षा में सरकारी व गैर सरकारी शिक्षण संस्थानों के करीब 1 लाख 85 हजार बच्चों ने भाग लिया था । जिसमें से करीब 3 हजार 200 बच्चों ने परीक्षा उत्तीर्ण की थी । जो अब दूसरे स्तर की परीक्षा में भाग लेंगे। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि इस तरह की



### बच्चों को यातायात के नियमों के प्रति जागरुक करना मुख्य उद्देश्यः एसपी

प्रशोनत्तरी प्रतियोगिता का मकसद विद्यार्थियों को प्रारम्भ से ही यातायात नियमों के प्रति जागरूक करना तथा उनकी पालना करने के लिए प्रेरित करना है क्योंकि बचपन से सीखा हुआ सबक जिन्दगी भर याद रहता है। इसी उद्देश्य से पुलिस विभाग द्वारा शिक्षा विभाग के साथ मिलकर इस प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है ।

# धूमधाम से मनाई श्रीसाई बाबा की 16वीं पुण्यतिथि



**नरेश मैहंदीरत्ता, भरोसा मित्र**

तावडू। शिरडी वाले श्री साई बाबा की पुण्यतिथि के उपलक्ष्य में शहर के वार्ड नंबर 14 में स्थित श्रीसाई बाबा धाम मंदिर में 16वीं बार श्रीसाई बाबा धाम एवं संस्थान ट्रस्ट के तत्वाधान में प्रातः साढे 5 बजे काकड आरती व दोपहर साढे 2 बजे श्री साई बाबा की भव्य पालकी एवं शोभा यात्रा धूमधाम से निकाली गई। इस दौरान बतौर मुख्यअतिथि कल विप्र फांउडेशन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष जितेन्द्र भारद्वाज के छोटे भाई पंकज भारद्वाज ने विधिवत पूजन करा पालकी को लेकर चले। इस पालकी एवं शोभा यात्रा में शहर व क्षेत्र के साईं सेवादारों सहित गणमान्य लोगों ने भारी संख्या में भाग लिया। इस दौरान पूरा शहर साईमय बना रहा। सांय काल रावण दहन के बाद सांई संध्या व विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। भव्य पालकी एवं शोभा यात्रा शहर के वार्ड नंबर 14 में स्थित श्रीसाई धाम मंदिर से आरंभ होकर आर्य समाज मंदिर, विजय चौक, पुराना पटौदी रोड, जटवाडा मोहल्ला, सनातन धर्म मंदिर, कच्चा बाजार, मुख्य बाजार, बावला चौक, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय चौक, जयभारत रामलीला मैदान से विजय चौक पुनः मंदिर पहुंची। भव्य पालकी में जमकर पुष्प वर्षा की गई। भव्य पालकी ढोल बाजों और मधुर गानों से पूरे नगर को संगीतमय बनाए हुई थी। वहीं सांयकाल मंदिर में विशाल साईं संध्या का आयोजन किया गया। इस अवसर पर चेयरमैन राजेश उर्फ रज्जू सहरावत, सूंध से सुरेन्द्र प्रधान, नरेन्द्र कुमार, राम अवतार शर्मा, प्रवीन कुमार, अमीचंद, नीरज सोनी, खेमचंद, मास्टर महाबीर, महेश शर्मा, श्रीराम सहाय, जयभगवान शर्मा, हबीब, समसूदीन, मास्टर रामलाल, राजेश राघव, धर्म भारद्वाज आदि मौजूद थे।

# नूंह विस क्षेत्र के पांच गांवों में 28 अक्टूबर को होंगे जनसंवाद कार्यक्रम : धीरेंद्र खड़गटा

### गांव अलावलपुर, बरोटा, बेरी, चंदेनी व चिलावाली में विधायक संजय सिंह सुनेंगे गामीणों की शिकायतें

**आस मोहम्मद, भरोसा मित्र**

नूंह । विधानसभा क्षेत्र के गांव अलावलपुर, बरोटा, बेरी, चंदेनी व चिलावाली में आगामी 28 अक्टूबर को जनसंवाद कार्यक्रम होंगे, जिसमें सोहना के विधायक संजय सिंह ग्रामीणों की समस्याएं सुन मौके पर ही उनका समाधान करना सुनिश्चित करेंगे। उपायुक्त धीरेंद्र खडग्टा ने बताया कि जनसंवाद कार्यक्रम में सभी विभागों के अधिकारी पहुंचेंगे और आवश्यक प्रबंध व शिकायतों का निपटान कराना सुनिश्चित करेंगे। खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी नूंह कार्यक्रम स्थल का चयन कर वहां पर सभी आवश्यक प्रबंध जैसे साफ-सफाई व आमजन के बैठने के लिए समस्त व्यवस्था करवाएंगे। सिविल सर्जन नूंह द्वारा इन कार्यक्रमों में डॉक्टरों की टीम सहित एक



एंबुलेंस भिजवाई जाएगी। जनसंवाद कार्यक्रम में पार्किंग एवं सुरक्षा के लिए पुलिस विभाग द्वारा जरूरी प्रबंध करवाए जाएंगे। कार्यकारी अभियंता, दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम नूंह इन कार्यक्रम स्थलों पर बिजली की सुचारू रूप से व्यवस्था करवाएंगे। लोक निर्माण विभाग के कार्यकारी अभियंता गांवों में कार्यक्रम स्थल पर बैरिकेडिंग, अग्निशमन अधिकारी द्वारा फायर ब्रिगेड की गाड़ी इन गांवों में भिजवानी होगी। कार्यकारी अभियंता, जनस्वास्थ्य विभाग द्वारा इन कार्यक्रमों में पीने की पानी व वीआईपी टॉयलेट की व्यवस्था करवाई जाएगी। उपमंडल अधिकारी (ना.) नूंह कार्यक्रम के ओवर आल इंचार्ज रहेंगे।

### चिरायु योजना का लाभ लेने के लिए 31 अक्टूबर तक करें आवेदन: उपायुक्त

**नूंह ।** हरियाणा सरकार की ओर से आयुष्मान भारत के तहत चिरायु हरियाणा योजना का विस्तार किया गया है, जिसके तहत अब 31 अक्टूबर तक ऑनलाइन आवेदन जमा करवाए जा सकते हैं। आवेदन करने वाले सभी पात्र व्यक्तियों को एक नवंबर से योजना का लाभ मिलना शुरू हो जाएगा।

उपायुक्त धीरेंद्र खडग्टा ने बताया कि सरकार द्वारा 1.80 लाख से 3 लाख रुपए तक की वार्षिक आय वाले परिवारों को भी आयुष्मान भारत योजना के तहत कवर किया गया है। इस योजना का लाभ लेने के लिए लाभार्थी को 1500 रुपए सालाना प्रीमियम अदा करना होगा। उन्होंने बताया कि परिवार पहचान पत्र के आधार पर जिले में जिन व्यक्तियों की आय 1.80 लाख से 3 लाख रुपए सालाना के बीच है।

### मतदाता सूचियों के संबंध में बैठक आज

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिला नूंह की 79-नूंह, 80-फिरोजपुर झिरका व 81-पुन्हाना विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की फोटोयुक्त मतदाता सूचियों की एक जनवरी 2024 की क्वालीफाइंग तिथि के आधार पर विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण का कार्य 27 अक्टूबर से से 9 दिसंबर 2023 तक किया जाना है। इस संबंध में उपायुक्त धीरेंद्र खडग्टा की अध्यक्षता में सभी सुपरवाइजर व बीएलओ की मीटिंग कल 26 अक्टूबर को सायं 5 बजे शहीद हसन खां मेवाती मेडिकल कॉलेज, नल्हड़ के ऑडिटोरियम में होगी। नगराधीश एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी गजेंद्र ड्क्षसह ने बताया कि इस बैठक में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि, ईआरओ, एईआरओ, सुपरवाइजर व बीएलओ उपस्थित रहेंगे।

रोष | सफाई कर्मचारियों की लड़ाई जारी

# मांगों को लेकर कर्मचारियों का प्रदर्शन

### सेक्टर 34 स्थित निगम आयुक्त के कार्यालय का घेराव कर की जमकर नारेबाजी

**एमके अरोड़ा, भरोसा मित्र**

गुरुग्राम। नगरपालिका कर्मचारी संघ के आह्वान पर संघ के राज्य प्रधान नरेश कुमार शास्त्री की अध्यक्षता में सेक्टर 34 स्थित निगम आयुक्त पीसी मीणा के कार्यालय का घेराव कर जोरदार प्रदर्शन किया गया।

नरेश कुमार शास्त्री ने कहा कि सरकार की नई आर्थिक एवं उदारीकरण की नीतियों ने मजदूर कर्मचारी किसान का जीवन बर्बाद और तबाह कर दिया है। जनता को सरकार द्वारा निजीकरण के नाम पर बेहतर सुविधाएं देने के दिखाए जा रहे सपने झूठे हैं। निकट भविष्य में आम जनता से पैसे लेकर जन सुविधा दी जाएगी और इन नीतियों का फायदा बड़े कॉर्पोरेट घरानों को होगा। उन्होंने कहा कि अब कर्मचारी 3 नवंबर को अखिल भारतीय राज्य सरकारी कर्मचारी फेडरेशन की आव्हान पर रामलीला मैदान दिल्ली में चेतावनी रैली करेंगे।

इस रैली में निजीकरण, छटनी, रिक्त पदों पर पक्की भर्ती ,पुरानी पेंशन की बहाली जैसी महत्वपूर्ण मांगों को रैली के मंच से को उठाया जाएगा। उन्होंने कहा कि इसके बाद 5 नवम्बर को गुरुग्राम के सांसद व केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह के आवास पर व 8 नवम्बर को मुख्यमंत्री के ओएसडी जवाहर यादव के आवास पर विशाल प्रदर्शन कर



छटनी ग्रस्त कर्मचारियों को बहाल करने की मांग की जाएगी । उन्होंने कहा कि संघ के राज्यस्तरीय आंदोलन के तहत प्रदेश के सभी 60पालिकाओ, 22नगर परिषदो, 11 निगमो एवं 89अग्निशमन केंद्रों के कर्मचारी राज्यस्तरीय मांगों को लेकर एवं छटनी ग्रस्त कर्मचारियों की बहाली के लिए शहरी स्थानीय निकाय मंत्री डॉक्टर कमल गुप्ता के हिसार स्थित आवास का घेराव करेंगे। इस अवसर पर रमेश तुषामड, मांगेराम तिगरा, कमला, राजेंद्र सिन्द, संगठनकर्ता राजपाल, सुनील चिंडालिया, नरेश मलक्ट, सुशीला देवी आदि मौजूद रहे।

# नूंह से राज्यस्तरीय कार्यक्रम में कलश लेकर पहुंचे जनप्रतिनिधि




**आस मोहम्मद, भरोसा मित्र**

नूंह । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर चलाए जा रहे मेरी माटी-मेरा देश अभियान के तहत मुख्यमंत्री मनोहर लाल की अध्यक्षता में रोहतक में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में जिला नूंह के सभी खंडों व शहरी निकायों से जनप्रतिनिधि अमृत कलश को सम्मानपूर्वक लेकर पहुंचे। जिला के ग्र्रामीण व शहरी क्षेत्रों में अमृत कलश यात्रा के लिए जोश व उत्साह देखने को मिला।

उपायुक्त धीरेंद्र खडग्टा ने बताया कि अमृत कलश लेकर प्रत्येक पंचायत व शहरी निकायों से एक-एक जनप्रतिनिधि राज्य स्तरीय कार्यक्रम में शामिल हुआ। अमृत कलश यात्रा का तीसरा और अंतिम चरण दिल्ली में संपन्न होगा।

दिल्ली के कर्तव्य पथ पर मेरी माटी-मेरा अभियान के तहत राष्टीय कार्यक्रम होगा।

दिल्ली अमृत कलश यात्रा में भी शहरी निकाय व प्रत्येक खंड से एक-एक जन प्रतिनिधि शामिल होगा। अमृत कलश यात्रियों को 29 अक्टूबर को दिल्ली स्थित कर्तव्य पथ पर पहुंचना होगा।

26 page 6_01.qxd 10/25/2023 10:21 PM Page 1



## खबर फटाफट

### मेरी माटी-मेरा देश अभियान : रोहतक में हुआ राज्य स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन



**रेवाड़ी।** मेरी माटी-मेरा देश अभियान के तहत बुधवार को जिला रोहतक में राज्य स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन हुआ, जिसमें मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। बुधवार को रेवाड़ी जिला के सभी सात खंडों व शहरी निकायों से जनप्रतिनिधियों द्वारा अमृत कलशों को सम्मानपूर्वक रोहतक ले जाया गया। बसों को एडीसी एवं नोडल अधिकारी स्वप्निल रविन्द्र पाटिल के मार्गदर्शन में झंडी दिखाकर रवाना किया गया। अमृत कलश यात्रा के दौरान जिलावासियों में पूरा जोश व उत्साह देखने को मिला। बसें अमृत कलश के साथ भारत माता की जय के नारे लगाते हुए रोहतक पहुंची।

एडीसी पाटिल ने बताया कि प्रत्येक पंचायत से एक पंचायत प्रतिनिधि राज्य स्तरीय कार्यक्रम में शामिल हुआ। उन्होंने बताया कि अमृत कलश यात्रा का तीसरा और अंतिम चरण दिल्ली में संपन्न होगा। दिल्ली के कर्तव्य पथ पर मेरी माटी-मेरा अभियान के तहत राष्ट्रीय कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि दिल्ली अमृत कलश यात्रा के लिए शहरी निकाय व प्रत्येक खंड से एक-एक जन प्रतिनिधि कलश यात्रा में शामिल होगा तथा प्रत्येक विकास खंड व शहरी निकाय से नेहरू युवा केंद्र संगठन का वालंटियर भी दिल्ली जाएगा। अमृत कलश यात्रियों को 29 अक्टूबर को दिल्ली स्थित कर्तव्य पथ पर पहुंचना होगा।

### भगवान वाल्मीकि प्रकटोत्सव पर डूंगरवास में होगा दो दिवसीय भव्य कार्यक्रम

**रेवाड़ी।** भगवान वाल्मीकि के प्रकटोत्सव पर गांव डूंगरवास में दो दिवसीय भव्य कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। सामाजिक समरसता संघ की ओर से आयोजित होने वाली इस कार्यक्रम की तैयारी आरंभ कर दी गई है। कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए संघ के कार्यकारी संरक्षक मास्टर कुलदीप की अध्यक्षता में बैठक हुई। जिसमें तैयारियों को अंतिम रूप दिया गया। बैठक के बाद कार्यक्रम की रूपरेखा पर प्रकाश डालते हुए संघ के कार्यकारी अध्यक्ष प्रवीण डूंगरवासिया ने बताया कि कार्यक्रम का आगाज 27 अक्टूबर को गांव के पंचायत घर में रात्रि जागरण से होगा। उन्होंने बताया कि जागरण में बतौर मुख्य अतिथि प्रशांत सन्नी यादव ज्योति प्रज्वलित करेंगे तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता गांव के सरपंच विपिन कुमार करेंगे। जागरण में मथुरा, अलवर, पलवल, कैथल के कलाकार भजनों की प्रस्तुति देंगे। 28 अक्टूबर को सुबह 8 बजे से पूरे गांव में झांकियां निकाली जाएंगी। गांव के सरपंच विपिन कुमार व अन्य गणमान्य जन झांकी को पंचायत घर से झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। झांकी के उपरांत पंचायत घर में यज्ञ होगा। हवन में पूर्णाहुति के बाद प्रसाद वितरण किया जाएगा। बैठक में मसानी बस स्टैंड ऑटो यूनियन के प्रधान अनिल कुमार, मोहनलाल, लक्ष्मी नारायण, पंडित शिवकुमार, विक्रांत यादव, सुरेंद्र नीमरानिया, राहुल, रतन सिंह, कर्नल गंगाहेड़ी, साहिल, तरुण कुमार, देवेंद्र, देवीश, सुंदर हवलदार, दिव्यांश, आकाश, ललित सहित बड़ी संख्या में विभिन्न समाज के युवाओं ने हिस्सा लिया।

### बनवारी लाल आज विभिन्न कार्यक्रमों में करेंगे शिरकत

**रेवाड़ी।** हरियाणा सरकार में सहकारिता एवं जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री डा. बनवारी लाल गुरूवार 26 अक्टूबर को बावल विस क्षेत्र के गांवों में आयोजित होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों में शिरकत करेंगे। डा. बनवारी लाल प्रातः 11 बजे गांव टांकड़ी में जनसभा को संबोधित करने उपरांत दोपहर 12 बजे जयसिंहपुर खेड़ा में विकास कार्यो का उद्घाटन करेंगे तथा दोपहर 1 बजे गांव ओढ़ी में जनसभा को संबोधित करेंगे। यह जानकारी जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री डा. बनवारी लाल के निजी सचिव ने दी।

### राज्य ऊर्जा संरक्षण पुरस्कारों के लिए आवेदन आमंत्रित

**रेवाड़ी।** नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा विभाग हरियाणा एवं हरेडा ने वर्ष 2022-23 के लिए विभिन्न श्रेणियों के पात्र उपभोक्ताओं से राज्य ऊर्जा संरक्षण पुरस्कारों के लिए आवेदन आमंत्रित किए जा रहें हैं। बिजली की खपत को कम करने व ऊर्जा संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए सरकार द्वारा 2 लाख तक के पुरस्कार दिए जाएंगे। इनमें औद्योगिक, व्यवसायिक, सरकारी व गैर सरकारी संस्थान शामिल हैं। आवेदन अतिरिक्त उपायुक्त कार्यालय के कमरा नं0 205 में 11 नवंबर, 2023 तक जमा करवाए जा सकते हैं।

एडीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल ने जानकारी देते हुए बताया कि 1 मेगावाट से अधिक लोड के बड़े औद्योगिक व व्यवसायिक संस्थानों के उपभोक्ता को मुख्यमन्त्री द्वारा पुरस्कार राशि के तौर पर प्रमाण पत्र एवं शील्ड देकर सम्मानित किया जाऐगा। इनमें पंजीकृत एमएसएमई औद्योगिक संस्थाएं, जिनका सोलर कनैक्टिड लोड 100 किलोवाट से 01 मेगावाट तक है। उन्होंने बताया कि उनको 2 लाख रूपए तक का इनाम दिया जाएगा। इसके अतिरिक्त ऐसे सरकारी भवन एवं कार्यालय जिनका कनैक्टिड लोड 30 किलोवाट से 500 किलोवाट तक है उन्होंने बताया कि 01 लाख रूपए तक का पुरस्कार दिया जाएगा। इसके अतिरिक्त यदि किसी व्यक्ति ने ऊर्जा संरक्षण के क्षेत्र में विशेष नया अनुसंधान या विकास का कार्य किया है तो उनको भी 2 लाख रूपए तक की पुरस्कार राशि दी जाएगी।

### 30वां जिला युवा महोत्सव 20 नवंबर को

**रेवाड़ी।** डीसी राहुल हुड्डा ने कहा कि हरियाणा सरकार द्वारा कौशल विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग के माध्यम से राज्य के प्रत्येक जिले के युवाओं को सांस्कृतिक गतिविधियों से जोड़ने एवं उनकी प्रतिभा को निखारने के उद्देश्य से प्रदेश के सभी जिलों में जिला युवा महोत्सव का आयोजन किया जएगा। रेवाड़ी जिला में 30वें जिला स्तरीय युवा महोत्सव का आयोजन 20 व 21 नवंबर को किया जाएगा, जिसके लिए पंजीकरण कराने की अंतिम तिथि 31 अक्टूबर है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे जिला युवा महोत्सव बारे सभी खंडों में जागरूकता अभियान चलाकर अधिक से अधिक प्रतिभागियों का पंजीकरण कराना सुनिश्चित करें।

डीसी राहुल हुड्डा बुधवार को जिला युवा महोत्सव के सफल आयोजन को लेकर संबंधित अधिकारियों की बैठक की अध्यक्षता करते हुए दिशा-निर्देश दे रहे थे। उन्होंने कहा कि जिला युवा महोत्सव विलुप्त होती लोक कला को संजोने का हरियाणा सरकार का बेहतरीन प्रयास है। उन्होंने बताया कि 20 व 21 नवंबर को रेवाड़ी सहित प्रदेश के विभिन्न जिलों में जिला युवा उत्सव का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रत्येक जिले में 750 रुपए से लेकर 15000 रुपए तक के 48 नकद पुरस्कार दिए जाएंगे।

# पुलिस-जनता में बेहतर समन्वय जरूरी

## पुलिस अधीक्षक ने कसोला थाना में क्षेत्र के गणमान्य लोगों, जनप्रतिनिधियो. व कंपनी एचआर हैड की ली बैठक

**पुलिस अधीक्षक दीपक सहारन ने थाना कसौला में क्षेत्र के गणमान्य लोगों, कम्पनियों के एचआर हैड व प्लांट हैड के साथ मीटिंग की**



ब्यूरो, भरोसा मित्र

रेवाड़ी । पुलिस अधीक्षक दीपक सहारन ने थाना कसौला में क्षेत्र के गणमान्य लोगों, कम्पनियों के एचआर हैड व प्लांट हैड के साथ मीटिंग की। मीटिंग का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र में लोगों को नशा व साइबर फ्रॉड बारे जागरूक करना तथा महिला विरुद्ध अपराधों को रोकने व मनचलों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करना रहा। इस अवसर पर उप पुलिस अधीक्षक बावल नरेन्द्र सांगवान, कसौला थाना प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार, गढ़ी बोलनी चौकी इंचार्ज पीएसआई सुनील कुमार भी मौजूद रहे।

बैठक को संबोधित करते हुए पुलिस अधीक्षक दीपक सहारन ने कहा कि जनता और पुलिस का बेहतर समन्वय होना बेहद जरूरी है। जनता के सहयोग से ही पुलिस अपराधियों तक पहुंच पाती है। जनता का सहयोग रहा तो पुलिस जिले से नशे जैसी सामाजिक बुराई को निश्चित रूप से खत्म करेगी, वहीं अपराधियों पर भी अंकुश लगेगा। उन्होंने बैठक में आए क्षेत्र के मौजिज व्यक्तियों, कंपनियों के एचआर हेड व प्लांट हैड से पुलिस व आमजन के बीच सामंजस्य स्थापित करने व अपराधों को रोकने को लेकर सुझाव भी लिए तथा पुलिस की ओर से हरसंभव मदद का भरोसा दिया। उन्होंने कहा आप सभी साइबर अपराधों से स्वयं को दूर रखे व सोशल मीडिया पर अन्जान लोगो से फ्रैंड व फॉलो रिक्वेस्ट असेप्ट ना करे। अपनी गोपनीय जानकारी किसी को ना दे। किसी भी साइबर अपराध के घटित होने की सूरत में तुरंत प्रभाव से हेल्पलाईन नंबर-1930 पर काल करे या पुलिस की साइबर क्राइम की वेबसाइट पर भी अपनी शिकायत दर्ज करा सकते है।

उन्होंने कहा कि नशे का व्यापार करने वालों की सूचना तुरंत पुलिस को दें या इस सम्बन्ध में आप हरियाणा पुलिस द्वारा जारी टोल फ्री नम्बर 9050891508 पर दे सकते है। या मुझे मेरे मोबाइल नंबर 7056666100 पर व्हाट्सएप के माध्यम से दे सकते है। सूचना देने वाले का नाम व पता पूरी तरह गुप्त रखा जाएगा और सूचना पर तुरंत कार्रवाई होगी।

एसपी ने कहा कि महिला विरुद्ध अपराधों पर पुलिस द्वारा सख्ती से कार्रवाई की जा रही है। महिलाओं को भी उनके अधिकारों व कानूनों की जानकारी दी जा रही है। महिला थाना व महिला हेल्पलाइन 1091 व डायल 112 पीड़िता की मदद के लिए है।

महिलाएं कभी भी इन पर अपनी शिकायत दे सकती है। कहीं भी मनचलों व असामाजिक तत्वों द्वारा परेशान करने या कहीं भी जमावड़ा रहने पर इसकी जानकारी पुलिस को दें। पुलिस द्वारा मनचलों के विरुद्ध सख्ती से कार्रवाई की जाएगी। मीटिंग में जिला पार्षद महेंद्र सिंह, पूर्व ब्लॉक समिति चेयरमैन सुभाष छाबडी, कम्पनियों के एचआर हैड, प्लांट हेड व आसपास के गांवों के सरपंच मौजूद रहे।

# पुलिसकर्मियों व परिजनों की हुई स्वास्थ्य जांच

ब्यूरो, भरोसा मित्र



रेवाड़ी । पुलिस अधीक्षक दीपक सहारन के मार्गदर्शन में पुलिस द्वारा 21 से 31 अक्टूबर तक पुलिस स्मृति दिवस एवं झंडा दिवस मनाया जा रहा है। जिसके तहत बुधवार को दिल्ली रोड स्थित पुलिस लाइन में स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन का पुलिस अधीक्षक दीपक सहारन ने किया। स्वास्थ्य जांच शिविर में उप पुलिस अधिक्षक शहर पवन कुमार भी मौजूद रहे।

स्वास्थ्य जांच शिविर में पुलिसकर्मियों व उनके परिवारों की स्वास्थ्य जांच की गई। शिविर में मेडिकेयर अस्पताल रेवाड़ी, मार्स हॉस्पिटल एवं हार्ट इंस्टीट्यूट व नेत्रम आंखों का अस्पताल की टीमों द्वारा मरीजों की जांच एवं उपचार किया गया।

पुलिस अधीक्षक रेवाड़ी दीपक सहारन ने कहा कि मनुष्य के जीवन में स्वास्थ्य का सर्वाधिक महत्व है। स्वास्थ्य के बिना सभी सुविधाएं महत्वहीन हैं। उन्होंने कहा कि जो व्यक्ति तन और मन से स्वस्थ होता है, वह संसार का सबसे सुखी प्राणी है, क्योंकि स्वस्थ तन में ही स्वस्थ मन का वास होता है। निष्काम भाव से कर्म करते हैं वे हमेशा स्वस्थ बने रहते हैं। अच्छे स्वास्थ्य के लिए समय पर किए गए उपचार का महत्व भी कम नहीं है। यदि व्यक्ति बीमार हो तो उसे तुरंत योग्य चिकित्सक की मदद लेनी चाहिए। इस अवसर पर मेडिकेयर अस्पताल के डा. शरद यादव, नेत्रम अस्पताल की डा. पूनम यादव, मार्श अस्पताल से डा. अजय कुमार व उनकी टीमो ने मरीजों की जांच व उपचार किया। शिविर में ईसीजी, शुगरए बीपी व आखों की भी निशुल्क जांच की गई।

# विद्यार्थियों को दी राष्ट्र निर्माण में पुलिस के योगदान तथा डॉयल-112 की जानकारी



ब्यूरो/ भरोसा मित्र

रेवाड़ी । जिला पुलिस की ओर से मनाए जा रहे पुलिस स्मृति दिवस और झंडा दिवस के उपलक्ष्य में डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल में व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बच्चों को राष्ट्र निर्माण में पुलिस के योगदान और डायल-112 के महत्व पर विस्तार से जानकारी दी गई।

कार्यक्रम में उप पुलिस अधीक्षक संजीव बल्हारा ने कहा कि किसी भी राष्ट्र की बेहतरी के लिए सबसे जरूरी है कानून व्यवस्था का राज और आम नागरिकों को सुरक्षा की गारंटी। उन्होंने कहा कि पुलिस की तरफ से अपनी इन तमाम भूमिकाओं को बेहतर ढंग से निभाते हुए न केवल देश की एकता-अखंडता को अक्षुण रखा जा रहा है, अपितु आम नागरिकों को सुरक्षित माहौल भी दिया जा रहा है। इसी की वजह से आज आमजन में सुरक्षा की भावना बनी हुई है। उन्होंने कहा कि पुलिस ने हमेशा अपने कर्तव्य और ड्यूटी को निभाते हुए हर समय देशहित का ख्याल रखा है। इस दौरान कई पुलिस कर्मचारियों ने अपने कर्तव्य को निभाते समय समय पर अपने प्राणों का भी बलिदान दिया है।

डीएसपी ने बच्चो से वीर-जवानों के बलिदान से प्रेरणा लेने का आह्वान करते हुए कहा कि शहीदों के बलिदान को कभी नहीं भुलाया जा सकता। शहीदों की बदौलत ही हम आज आजादी की हवा में सांस ले रहे है तथा दुश्मनों से देश की सीमाएं सुरक्षित है। देश में पुलिस स्मृति दिवस 21 अक्टूबर को मनाया जाता है। 21 अक्टूबर 1959 को केन्द्रीय आरक्षी पुलिस बल के दस जवानों ने लद्दाख में देश की सीमा की सुरक्षा करते हुए चीन की सेना के साथ हुई मुठभेड़ में अपने प्राण बलिदान किए थे तभी से लेकर आज तक समस्त देश में इस दिन को पुलिस स्मृति दिवस के रूप में मनाया जाता है। उन्होंने कहा की जिला पुलिस के तीन जवान एसआई रणबीर सिंह, एएसआई चंद्रहास व सिपाही राज सिंह ने भी अपनी ड्यूटी का निर्वहन करते हुए शहादत को हासिल किया है। इस अवसर पर उन्होंने डायल-112 के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए इसकी उपयोगिता पर प्रकाश डाला।

# विद्यार्थियों ने किया औद्योगिक प्रतिष्ठानों का भ्रमण



**रेवाड़ी।** जिला मुख्यालय स्थित किशन लाल पब्लिक कॉलेज के वाणिज्य व प्रबंधन विभाग के विद्यार्थियों ने बावल स्थित एआईटीए पॉलीमरस प्राइवेट लिमिटेड, वीएचसी रबर तथा गणपति एंटरप्राइजेज में औद्योगिक शैक्षणिक भ्रमण किया। महाविद्यालय के वाणिज्य विभागाध्यक्ष एवं बीबीए समन्वयक डॉ मंजू गर्ग के नेतृत्व में आयोजित इस शैक्षणिक भ्रमण में 44 विद्यार्थियों ने भागीदारी की। इस दौरान विद्यार्थियों को कच्चे पदार्थों एवं रसायनों द्वारा मशीनों की सहायता से रबर शीट बनाने की संपूर्ण जीवंत प्रक्रिया को विस्तार से समझाया। साथ ही रबर शीट द्वारा चप्पल तथा के क्रॉक्स बनाने की प्रक्रिया को गहनता से समझाया। विद्यार्थियों ने सभी गतिविधियों को उत्सुकता के साथ बारीकी से समझा तथा इस शैक्षणिक औद्योगिक भ्रमण का लाभ उठाया। प्लेसमेंट सेल के संयोजक प्रदीप अहलावत ने तीनों उपक्रमों के संचालकों से विद्यार्थियों की नियुक्ति से संबंधित विषय पर बातचीत की। कॉलेज के प्राचार्य डॉक्टर कविता गुप्ता ने विद्यार्थियों के भ्रमण को ज्ञानवर्धक बताया। प्रबंधन समिति उपाध्यक्ष संदीप खंडेलवाल, महासचिव कपिल गोयल तथा कोषाध्यक्ष हेमंत अग्रवाल ने कार्यक्रम के आयोजकों की सराहना की तथा विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर असिस्टेंट प्रोफेसर राजकुमार, लक्ष्य एवं डॉ मनीषा भी उपस्थित रहे।

# श्रीराम के राजतिलक का किया सुंदर मंचन

## अमर रामलीला क्लब गुडियानी के तत्वावधान में आयोजित हुई रामलीला

**भगवान श्री राम को राजतिलक करना सौभाग्य की बात : विजय गुडियानी**



ब्यूरो/ भरोसा मित्र

रेवाड़ी । अमर रामलीला क्लब गुडियानी के तत्वावधान में आयोजित श्री रामलीला के 10वें दिन की लीला में श्रीराम को अयोध्या लोटने पर राजतिलक का सुंदर मंचन किया गया। इस अवसर पर समाजसेवी विजय गुडियानी अपने समर्थकों नरोतम यादव, अक्षय सोनी, मनोज सोनी, लक्ष्मण यादव, सहित उपस्थित रहे। अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन के राष्ट्रीय संगठन मंत्री मनोज गोयल गुडियानिया भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस अवसर पर मुख्यातिथि विजय गुड़ियाणी ने कहा कि भगवान श्री राम को राजतिलक करने का सौभाग्य जो मुझे मिला है उसके लिए मैं अमर रामलीला क्लब के पदाधिकारियों एवम कलाकारों आभारी हूं। भगवान श्री राम ने हमेशा मर्यादाओं का पालन कर समाज के लिए उदाहरण प्रस्तुत किया। हम सबको को उनसे प्रेरणा लेनी चाहिए। सर्वेसर्वा संपूर्ण सोनी, प्रधान आशानंद पेंटर, निदेशक मिंटू भगोरिया, कोषाध्यक्ष मास्टर खिल्लू राम, शोभराज सलूजा, अशोक सोनी, टोपनलाल वर्मा, हरीश सोनी, रमेश शर्मा, गौरव सोनी, टीटू सोनी, दीपक मेहता, विशाल रहेजा, हरीश सलूजा, जोनी भगोरिया, अनिल सलूजा, ललित आसीजा, हितेश सलूजा, गर्वित सलूजा, जसविन गौड़ आदि कमेटी सदस्यों का सहयोग सराहनीय रहा। श्री राम की भूमिका में तोला राम, लक्ष्मण की भूमिका में सतीश जलवा, शत्रुघ्न की भूमिका में जतिन यादव, हनुमान जी की भूमिका में धैर्य रेवाड़ी वाले , सीता की भूमिका में पिंटू सोनी, ऋषि वशिष्ठ की भूमिका में कमल सोनी, भरत की भूमिका में सुंदर सोनी ने मनमोहक रोल अदा किया। इस अवसर पर विमल रानी, मीनाक्षी सोनी, नैंसी सोनी, शकुंतला सलूजा, विक्की सैनी, भाविक गोयल, कुसुम गोयल, हरीश बंसल पंसारी, महेंद्र प्रधान , संजीव सोनी, जीतू सोनी साहिल शर्मा आदि गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# सरकार ने बच्चा गोद लेने की प्रक्रिया को किया सरल : हुड्डा

ब्यूरो, भरोसा मित्र



रेवाड़ी । डीसी एवं अध्यक्ष जिला बाल कल्याण परिषद राहुल हुड्डा ने बुधवार को जिला बाल संरक्षण विभाग के माध्यम से गोद ली गई साढ़े चार वर्षीय बच्ची के अभिभावक से मुलाकात करते हुए उन्हें अपनी हार्दिक शुभकामनाएं दीं। उन्होंने बच्ची के माता-पिता से आह्वान किया कि वे बच्ची का बेहतर ढंग से लालन-पालन करते हुए इसे अच्छी शिक्षा व संस्कार दें।

उन्होंने कहा कि कोलकत्ता निवासी दंपत्ति ने रेवाड़ी स्थित आस्था कुंज से बच्ची को गोद लेकर बहुत ही नेक और सराहनीय कार्य किया है, जिससे इस बच्ची का लालन-पालन व शिक्षा और बेहतर ढंग से हो सकेगी। सरकार द्वारा बच्चा गोद लेने की प्रक्रिया को पहले से आसान एवं सरल किया गया है ताकि जरूरतमंद अभिभावकों को बच्चा गोद लेने के लिए परेशानियों का सामना न करना पड़े। इस मौके पर सीडब्ल्यूसी चेयरपर्सन कुसुम लता शर्मा, जिला बाल संरक्षण अधिकारी दीपिका यादव, जिला बाल कल्याण अधिकारी विरेंद्र यादव, संरक्षण अधिकारी करूणा यादव सहित बच्ची के अभिभावक मौजूद रहे।

डीसी ने जिला बाल संरक्षण इकाई और महिला एवं बाल विकास विभाग को नई प्रक्रिया बारे में आमजन को ज्यादा से ज्यादा जागरूक करने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि बच्चा गोद लेने के लिए आवेदन ऑनलाईन होंगे और जिला बाल संरक्षण इकाई द्वारा आवेदक के बारे में सारी जांच की जाएगी। सारी शर्तें पूरी होने उपरांत ही जिला बाल संरक्षण इकाई द्वारा बच्चा गोद लेने के लिए अप्रूवल दी जाएगी।

# ऑफर के नाम पर किसी भी लिंक को न करें ओपन

ब्यूरो, भरोसा मित्र



रेवाड़ी । साइबर थाना पुलिस के एएसआई गोविन्द कुमार व उनकी टीम द्वारा बस स्टेण्ड पर बुधवार को साइबर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन कर छात्र-छात्राओं व आमजन को साइबर ठगी से बचने बारे में जानकारी दी।

साइबर थाना से एएसआई गोविन्द कुमार वउनकी टीम ने साइबर अपराधियों द्वारा ठगी के लिए प्रयोग किए जा रहे विभिन्न तरीकों के बारे में भी बताया और ठगी होने पर तुरंत हेल्पलाइन नंबर-1930 पर कॉल करने के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि साइबर ठगों द्वारा फेक आईडी, फेक लिंक, फेक ईमेल, फेक नौकरी, फेक कॉल व मैसेज सहित विभिन्न प्रकार से बैंक डेबिट व क्रेडिट कार्ड ब्लॉक करने के नाम पर, कार व दुपहिया वाहन व अन्य सामान ऑनलाइन बेचने व खरीदने के नाम पर, पॉलिसी रिन्यू करने के नाम पर, लोन देने के नाम पर, न्यूड वीडियो व फोटो वायरल करने की धमकी देने के नाम पर से ठगी की जा रही है। किसी भी व्यक्ति को अपने मोबाइल पर आने वाले ओटीपी व बैंक खाते संबंधी कोई भी जानकारी न दें। यदि कोई व्यक्ति बैंक से बोलने की बात कहकर जानकारी ले रहा है, तो उसे भी कोई जानकारी नहीं बताएं। ठग बैंक अधिकारी बनकर ठगी करते है। मोबाइल पर आने वाले अनजान लिंक व किसी भी इनाम और ऑफर के लिंक को ओपन न करें।

एएसआई गोविन्द कुमार ने कहा कि अक्सर हम किसी सॉफ्टवेयर या एप को फ्री में इस्तेमाल करने के चक्कर में ऐसे थर्ड पार्टी एप व सॉफ्टवेयर को अपने कंप्यूटर या स्मार्टफोन में इंस्टॉल कर लेते हैं जो की बिल्कुल भी सुरक्षित नहीं होता है और इससे हमारा कंप्यूटरए स्मार्टफोन हैक हो सकता हैं। ऐप को इंस्टॉल करने के लिए सिर्फ प्ले स्टोर का उपयोग करें एवं किसी भी ऐप को अपने फोन की परमिशन देने से पहले जाँचे।

**कार्यक्रम**

## वरिष्ठ नागरिकों व दिव्यांगजनों के लिए हुआ पंजीकरण शिविर का आयोजन

# जरूरतमंदों की सेवा पुण्य का कार्य : जयप्रकाश

**एसडीएम कोसली जयप्रकाश ने किया कैंप का उद्घाटन**

ब्यूरो, भरोसा मित्र



रेवाड़ी । जिला रेडक्रास सोसायटी रेवाड़ी द्वारा भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम एलिम्का कानपुर के माध्यम से केंद्र सरकार की राष्ट्रीय व्योश्री योजना व अरावली पावर कंपनी लि. झाड़ली झज्जर की सीएसआर योजना के तहत वरिष्ठ नागरिकों को वॉकर, व्हील चेयर, कान की मशीन, छड़ी, व्हील कमोड सहित सिलिकॉन फोन तकिया, नी ब्रेस, सामइनल स्पोर्ट, स्वाइकल कॉलर, फुट वियर किट आदि सहायक यंत्र व उपकरण तथा सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय की एडीआईपी योजना के तहत दिव्यांगजनों को बैटरी चालित तिपहिया साईकिल, पहिया कुर्सी, बैशाखी, कृत्रिम अंग आदि सहायक उपकरण प्रदान करने के लिए जिला के विभिन्न खंडों में 25 अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक पंजीकरण शिविर आयोजित किए जा रहे हैं।

बुधवार को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, मेन रोड, कोसली में शिविर का आयोजन किया गया जिसमें शारीरिक रूप से दिव्यांग व्यक्तियों तथा वृद्धजनों की आवश्यकता अनुसार उपकरणों को देने हेतु चिन्हित किया गया। शिविर का उद्घाटन एसडीएम कोसली जयप्रकाश ने किया।

एसडीएम ने कहा कि हमें समाज के गरीब जरूरतमंद एवं दिव्यांगों की निःस्वार्थ भावना से सेवा करनी चाहिए। सरकार व जिला प्रशासन द्वारा समय-समय पर इस तरह के शिविर आयोजित किये जाते है ताकि सभी दिव्यांगजनों को उनकी आवश्यकता अनुसार उपकरण उपलब्ध करवाये जा सके।

उन्होंने कहा कि रैडक्रास द्वारा किया गया कार्य समाज के गरीब जरूरतमंद की सेवा पुण्य का सर्वश्रेष्ठ कार्य है।

सचिव, जिला रैडकास सोसायटी, रेवाड़ी महेश कुमार गुप्ता ने बताया कि सोसायटी का प्रयास है कि जिले में सभी दिव्यांगों को समय-समय पर जरूरतनुसार निःशुल्क ट्राईसाईकिल, व्हीलचेयर, कानों की मशीन, कृत्रिम अंग उपलब्ध करवाए जाते हैं। उन्होनें बताया कि आज 150 दिव्यांगजनों व वृद्धजनों की कृत्रिम अंग (हाथ-पैर ) ट्राईसाईकिल, व्हीलचेयर, कानों की मशीन, बैत, चश्मा आदि के लिए जांच की गई। अतिशीघ्र चिन्हित दिव्यांगजनों व विरष्ठ नागरिकों को आवश्यतानुसार कृत्रिम अंग-सहायक उपकरण दिए जाएंगे।

आज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बावल में होगा जांच शिविर का आयोजन

सचिव महेश गुप्ता ने बताया कि गुरूवार 26 अक्टूबर को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बावल, शुक्रवार 27 अक्टूबर को बीडीपीओ डहीना, शनिवार 28 अक्टूबर को बीडीपीओ जाटूसाना, रविवार 30 अक्टूबर को आईटीआई कुंड तथा सोमवार 31 अक्टूबर को हेमचंद्र विक्रमादित्य सामुदायिक भवन मॉडल टाउन रेवाड़ी में बजे तक निशुल्क पंजीकरण शिविर आयोजित कर पंजीकरण किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि वरिष्ठ नागरिकों को अपने साथ आधार कार्ड व आय प्रमाण पत्र की फोटो प्रति के साथ दो पासपोर्ट साइज फोटो लानी होगी जबकि दिव्यांगजनों को दिव्यांगता प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, आय प्रमाण पत्र व दो पासपोर्ट साइज फोटो साथ लेकर आनी है। उन्होंने वरिष्ठ नागरिकों व दिव्यांगजनों से आह्वान किया कि वे पंजीकरण शिविरों का ज्यादा से ज्यादा लाभ उठाएं।

# दूसरे राउंड की सड़क सुरक्षा प्रश्नोत्तरी परीक्षा कल

**डीएसपी ने ली शिक्षा अधिकारियों व प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन की बैठक**

ब्यूरो, भरोसा मित्र



रेवाड़ी । पुलिस विभाग द्वारा 27 अक्टूबर को खंड स्तर पर सडे सुरक्षा के थीम के साथ प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता के आयोजन को लेकर उप पुलिस अधीक्षक संजीव बल्हारा ने जिले के शिक्षा विभाग से अधिकारी और प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन के साथ बैठक की। उप पुलिस अधीक्षक रेवाड़ी संजीव बल्हारा ने बताया कि जिला पुलिस ने इस प्रतियोगिता परीक्षा के दूसरे राउंड की परीक्षा का आयोजन कराने के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। 13 अक्टूबर को इस क्विज कम्पीटीशन के पहले राउंड की परीक्षा का स्कूल स्तरीय आयोजन करवाया जा चुका है। पहले राउंड की परीक्षा चार लेवल पर हुई थी। पहले लेवल में कक्षा 1 से 5 तक के विद्यार्थी, लेवल 2 में कक्षा 6 से 8, लेवल 3 में कक्षा 9वी से 12वी व लेवल 4 में कॉलेज के बच्चों ने भाग लिया था। पहले स्तर की परीक्षा में सरकारी व गैर सरकारी शिक्षण संस्थानों के करीब 01 लाख 86 हजार बच्चों ने भाग लिया था। जिसमें से करीब पांच हजार बच्चों ने परीक्षा उत्तीर्ण की थी और जोकि वह अब दूसरे राउंड की परीक्षा में भाग लेंगे। उप पुलिस अधीक्षक ने बताया कि इस तरह की प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का मकसद विद्यार्थियों को प्रारम्भ से ही यातायात नियमों के प्रति जागरूक करना तथा उनकी पालना करने के लिए प्रेरित करना है क्योंकि बचपन से सीखा हुआ सबक जिन्दगी भर याद रहता है। इसी उद्देश्य से पुलिस विभाग द्वारा शिक्षा विभाग के साथ मिलकर इस प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर यातायात थाना प्रभारी निरीक्षक जगदीश चन्द, हरियाणा प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष रामपाल यादव, प्राइवेट स्कूल वेलफेयर एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष अमित कुमार व शिक्षा विभाग के अधिकारी भी मौजूद रहे।

## खबर फटाफट

## मनोज कुमार सफाई कर्मचारी ब्रांच के प्रधान चुने गए



**फरीदाबाद।** हरियाणा संयुक्त कर्मचारी मंच से संबंधित' हुड्डा जन स्वास्थ्य कर्मचारी यूनियन नंबर 1266 सर्कल कमेटी फरीदाबाद की एक आम सभा हुडा कंपलेक्स सेक्टर 12 में दोपहर संपन्न हुई। जिसकी अध्यक्षता सर्कल प्रधान अमरजीत कटारिया ने की और संचालन सर्कल सचिव धर्मवीर सिंह वैष्णव ने किया। यूनियन के सर्कल चेयरमैन अशोक कुमार मलिक ने बताया किए आज की सभा में मनोज कुमार को सफाई कर्मचारियों का ब्रांच प्रधान फरीदाबाद चुना गया है और आज की सभा में यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष आर.के.नागर को पगड़ी पहनकर तथा फूलमालाओं और गुलदस्ते से सम्मानित किया गया है। आर.के. नागर एक क्रांतिकारी नेता है और गरीब कर्मचारियों के हिर्तेषी नेता हैं। हर घड़ी कर्मचारियों की मांगों को उठाते रहते हैं और विभाग तथा सरकार से संघर्ष करते रहते हैं। सभा में सर्कल प्रधान अमरजीत कटारिया तथा सर्कल सचिव धर्मवीर वैष्णव ने बताया किए आज की सभा में कर्मचारियों की लंबित मांगों पर विचार विमर्श किया गया है और यह निर्णय लिया गया है किए आने वाले कल 26 अक्टूबर को संपदा अधिकारी फरीदाबाद तथा अधीक्षक अभियंता एचएसवीपी फरीदाबाद से यूनियन के शिष्टमंडल वार्ता करके अपने मुद्दे और मांगों को रखेगा और इनका समाधान करवाने का प्रयास करेगा। मुख्य मांगों और मुद्दों का हवाला देते हुए उपरोक्त नेताओं ने बताया किए सभी कच्चे कर्मचारियों को कौशल रोजगार निगम में समायोजित किया जाए। सबको समान काम समान वेतन दिया जाए। सबके ईएसआई व ईपीएफ शेर काटे जाए और जमा करवाया जाए सबके पहचान पत्र बनाए जाएं। किसी को हटाया ना जाए किसी का उत्पीडन ना किया जाए। हमारी यूनियन के लिए कार्यालय हेतु एक कमरा अलाट किया जाए। अशोक कुमार मलिक की सुपरवाइजर पद पर प्रमोशन की जाए। सभा में सर्वश्री हवा सिंह, राजेश कुमार, सतीश कुमार, कमल, मनोज कुमार, महावीर नागर, मदन मोहन नागर, श्रीपाल, रमन कुमार जून, अशोक कुमार मलिक, अमरजीत कटारिया, संजय सिंह, जगरेश, आर.के.नागर राज्य प्रधान आदि कर्मचारी नेताओं सहित अनेक महिला कर्मचारियों ने भाग लिया।

## समाजसेवी डा. मोतीलाल गुप्ता प्राइड ऑफ रोटरी के सम्मान से सम्मानित



**फरीदाबाद।** शिरडी साई बाबा टैम्पल सोसाइटी द्वारा असहायों के उद्धार के लिए निःशुल्क उत्तम शिक्षा के साथ स्वास्थ्य सेवाएं, सेनिटरी नेपकीन वितरण, सामूहिक विवाह, वोकेशनल ट्रेनिंग आदि सेवाएं समाज के लिए निःशुल्क प्रदान कर रहा है। संस्था ने अभी 9 से 20 वर्ष की 518 कन्याओं को सर्विकल कैंसर की पहली डोज लगवाई है। दूसरी डोज 6 महीने के बाद लगाई जाएगी। संस्था की सेवाओं को देखते हुए रोटरी क्लब 3011 आयोजित पंख कार्यक्रम में समाजसेवी साई सेवक डा. मोतीलाल गुप्ता को विधायक नरेंद्र गुप्ता, रोटरी क्लब 3011 गवर्नर जितेन्द्र गुप्ता, प्रथम महिला दीप्ति सिंह गुप्ता द्वारा प्राइड ऑफ रोटरी के सम्मान से सम्मानित किया गया। 22 अक्टूबर को रोटरी 3011 द्वारा आयोजित पंख कार्यक्रम मे 1000 स्कूली छात्राओं को साईकिल दी गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक नरेन्द्र गुप्ता ने अपने वक्तव्य में कहा कि कन्या पूजन के दिन इन कन्याओं को रोटरी द्वारा जो ये साईकिल का उपहार दिया गया है वो सच में इन कन्याओं को नये पंख देगी। प्रधानाचार्या बीनू शर्मा ने रोटरी 3011 का धन्यवाद करते हुए कहा मैं रोटरी की इस पहल की सराहना करती हूँ। यह उपहार इन बच्चियों के जीवन को और अधिक सुगम बनाएगा। उन्होंने रोटरी क्लब फरीदाबाद एनआईटी के प्रेजिडेंट वीरेंदर मेहता का भी धन्यवाद करते हुए कहा कि आपके अथक प्रयासों से ही पंख नामक महा यज्ञ पूर्ण हो पाया है।

## पुलिस आयुक्त ने 8 पुलिसकर्मियों को प्रथम श्रेणी प्रशंसा पत्र देकर किया प्रोत्साहित

**फरीदाबाद।** पुलिस आयुक्त राकेश कुमार आर्य ने ड्यूटी के दौरान श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले पुलिसकर्मियों की हौसल अफजाई करने के लिए हीरो ऑफ द वीक अभियान के तहत पुलिस कमिश्नर ने आज 8 सर्वश्रेष्ठ पुलिसकर्मियों को प्रथम श्रेणी प्रशंसा पत्र व इनाम देकर उन्हें सम्मानित किया। पुलिसकर्मियों द्वारा किए गए कार्यो की चाय पर चर्चा की गई। पुलिस आयुक्त ने श्रेष्ठ कार्य करने वाले पुलिस कर्मियों को सम्मानित करने के लिए पुलिस आयुक्त कार्यालय में बुलाया जहां पर पुलिस कर्मियों के कार्यों की सराहना करते हुए उन्हें प्रशंसा पत्र व नकद ईनाम देकर सम्मानित किया। पुलिस आयुक्त ने इन पुलिसकर्मियों के साथ बैठकर चाय पी तथा पुलिसकर्मियों के फील्ड के अनुभव के बारे में फीडबैक लिया तथा अपने कार्यों को ओर बेहतर बनाने के लिए उन्हें अहम दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पुलिसकर्मी इसी प्रकार ईमानदारी के साथ अपने कर्तव्य का निर्वाहन करते रहें, अपराधियों पर शिकंजा कसे और पीड़ित को न्याय दिलाने का काम करें।

## अंतर स्कूल सड़क सुरक्षा प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता के दूसरे राउंड की तैयारियां पूरी

**फरीदाबाद।** पुलिस महानिदेशक शत्रुजीत कपूर के आदेश पुलिस आयुक्त राकेश कुमार आर्य के दिशा निर्देश के तहत डीसीपी ट्रैफिक अमित यशवर्धन के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों में सडक़ सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए आयोजित की जाने वाली इंटर स्कूल रोड सेफ्टी क्विज कंपीटीशन का दूसरा राउंड 27 अक्टूबर 2023 को आयोजित किया जाएगा। यह क्विज कंपटीशन एसीपी ट्रैफिक विनोद कुमार के नेतृत्व में आयोजित किया जाएगा। इस प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता को सफल बनाने के लिए एसीपी ट्रैफिक में आज अपने कार्यालय में प्रतियोगिता के संबंध में लगाए गए कोऑर्डिनेटर के साथ मीटिंग लेकर उन्हें प्रतियोगिता को आयोजित करवाने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

# एनीमिया मुक्त अभियान का ध्वजावाहक बनने की दिशा में फरीदाबाद: डीसी

### जिला के 378 सरकारी स्कूलों में एक लाख 20 हजार बच्चों की स्क्रीनिंग 15 नवंबर तक पूरा करने का लक्ष्य

**अभियान में शिक्षा, स्वास्थ्य व महिला एवं बाल विकास विभाग शामिल, एम्स दिल्ली के चिकित्सकों की विशेष टीम भी शामिल**

**प्रत्येक स्कूल में अभियान के लिए एक नोडल आफिसर नियुक्त**

सात्विक देव, भरोसा मित्र







फरीदाबाद। बच्चों और खासकर बेटियों में एनीमिया की समस्या से निपटने के लिए अब जिला फरीदाबाद पूरे देश में सबसे बेहतरीन कार्य करने वाले जिलों में शामिल होने जा रहा है। जिला प्रशासन द्वारा इसके लिए एनीमिया मुक्त फरीदाबाद के नाम से एक अभियान शुरू किया गया है। अभियान के तहत प्रथम चरण में जिला के सभी 378 सरकारी स्कूलों को शामिल किया गया है। इन स्कूलों में पढने वाले एक लाख 20 हजार बच्चों की स्क्रीनिंग करने के लिए शिक्षा, स्वास्थ्य व महिला एवं बाल विकास विभाग की टीमें गठित की गई हैं। अब तक 60 हजार बच्चों की स्क्रीनिंग का कार्य पूरा हो चुका है और बाकी कार्य पूरा करने के लिए 15 नवंबर तक का लक्ष्य रखा गया है। बड़ी और चौकाने वाली बात यह है कि इन 60 हजार में से 1593 बच्चे ऐसे मिले हैं जिनका हिमोग्लोबिन (एचबी) आठ से कम है। इस पूरे अभियान को देशभर में एक केस स्टडी के तौर पर भी प्रस्तुत किया जाएगा। उपायुक्त विक्रम सिंह ने बताया कि एनीमिया आज बच्चों और खासकर लड़कियों के लिए सबसे बड़ी समस्या बनता जा रहा है। उन्होंने बताया कि इसी एनीमिया से फरीदाबाद जिला के बच्चों को बचाने के लिए यह अभियान शुरू किया गया है। उन्होंने कहा कि अभियान के तहत स्कूलों के अध्यापकों, आंगनबाड़ी व आशा वर्करों को विशेष प्रशिक्षण दिया गया है। इसके बाद स्वास्थ्य विभाग द्वारा प्रत्येक स्कूल में कैंपों का आयोजन किया जा रहा है। प्रत्येक स्कूल में एक अध्यापक को नोडल आफिसर लगाया गया है। इन कैंपों में प्रत्येक बच्चे की स्वास्थ्य जांच की जा रही है। इस काम में सहयोग के लिए एम्स दिल्ली द्वारा भी अपनी डाक्टरों की टीमें फरीदाबाद जिला में भेजी गई हैं। उन्होंने बताया कि जांच के बाद 12 एचबी से ऊपर के बच्चों को नार्मल, 10, 11 व 9 एचबी वाले बच्चों को माईल्ड, 8 से 10 एचबी वाले बच्चों को माडरेट और 8 के कम एचबी वाले बच्चों को सीवियर श्रेणी में रखा गया है। उन्होंने बताया कि सामान्य, माईल्ड व मोडरेट श्रेणी के बच्चों को आयरन की गोली दी जा रही हैं। उपायुक्त विक्रम सिंह ने बताया कि जिन बच्चों को सीवियर श्रेणी में रखा गया है उनके इलाज के लिए विशेष व्यवस्था की गई है। इसके लिए जिला नागरिक (बीके) अस्पताल में 20 बैड अलग से आरक्षित किए गए हैं। इसके अलावा प्राइवेट अस्पतालों से भी इस इलाज में सहयोग के लिए मदद ली जा रही है।

### एनीमिया मुक्त अभियान को सफल बनाने में सहयोग करें सभी प्राइवेट अस्पताल

एनीमिया मुक्त फरीदाबाद अभियान को सफल बनाने के लिए उपायुक्त विक्रम सिंह ने बुधवार को जिला के सभी प्राइवेट अस्पतालों के संचालकों व मुख्य चिकित्सकों की मीटिंग को संबोधित किया गया। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा बच्चों और खासकर एनीमिया से पीड़ित बच्चियों के बेहतर स्वास्थ्य के लिए यह अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आज की बच्चियों के ऊपर भविष्य में परिवारों को आगे बढ़ाने की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि जिन 1500 बच्चियों को एनीमिया मिला है उन्हें हमें हर हालत में 20 दिसंबर तक स्वस्थ करना है। ऐसे में प्राइवेट अस्पताल भी इस काम में आगे आएं। इस पर सभी निजी अस्पतालों ने कहा कि वह पूरे अभियान में प्रशासन के साथ हैं। इस पर उपायुक्त ने कहा कि अगर खून की जरूरत है तो वह जिला प्रशासन मुहैया करवाएगा। मीटिंग में अतिरिक्त आयुक्त आनंद शर्मा, सीएमओ डॉ. विनय गुप्ता, सीएमजीजीए श्रुति शर्मा भी मौजूद थे।

### स्कूलों में विशेष बाल सभाओं का आयोजन, गांवों में ग्राम सभाओं के जरिए जागरूकता

उपायुक्त विक्रम सिंह ने बताया कि अभियान के प्रति प्रत्येक परिजन व बच्चों को जागरूक करने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि स्कूलों में बाल सभाओं का आयोजन किया जा रहा है। इसके साथ ही एनीमिया पर पोस्टर मेकिंग व स्लोगन जैसी प्रतियोगिताओं के जरिए जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसके साथ ही सभी सरपंचों व ग्राम पंचायतों को भी अभियान में जोड़ा गया है। आम आदमी को जागरूक करने के लिए विशेष ग्राम सभाओं का आयोजन करने के निर्देश दिए गए हैं।

### एनीमिया मुक्त अभियान के तहत अब तक की स्थिति

जिला फरीदाबाद में कुल सरकारी विद्यालय- 378
जिला में कुल बच्चों की संख्या- एक लाख 20 हजार
12 एचबी से ऊपर के नार्मल बच्चों को की संख्या- 28853
10, 11 व 9 एचबी वाले बच्चों को माईल्ड बच्चों की संख्या- 14350
8 से 10 एचबी वाले बच्चों को माडरेट की संख्या-15104
8 के कम एचबी वाले बच्चों को सीवियर श्रेणी की संख्या -159

# यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 1364 वाहन चालकों के काटे चालान

**रॉन्ग साइड ड्राइव करने वाले 100 वाहन के भी काटे चालान**

**अब तक रजिस्ट्रेशन कराने वाले 7413 ऑटो के लगाए जा चुके हैं यूनिक कोड**

सात्विक देव, भरोसा मित्र



फरीदाबाद। पुलिस आयुक्त राकेश कुमार आर्य व आईजी ट्रैफिक हरदीप सिंह दून के आदेश पर डीसीपी ट्रैफिक अमित यशवर्धन के दिशा-निर्देश पर एसीपी ट्रैफिक एनआईटी विनोद कुमार के मार्गदर्शन में एसएचओ ट्रैफिक के नेतृत्व में ट्रैफिक पुलिस टीम ने एक दिन में रॉन्ग साइड ड्राइव के 100 वाहन चालकों के चालान काटकर जुर्माना लगाया। अभियान के दौरान वाहन चालको के चालान किए गए जिसमें रोंग साइड, नो.पार्किंग, अंडर एज ड्राइविंग, रॉन्ग लेन, ओवर स्पीड इत्यादि के चालान किए गए है। साथ ही ऑटो के यूनिक कोड के रजिस्ट्रेशन कराने वाले 165 ऑटो पर यूनिक कोड लगाया है। यातायात पुलिस ने यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जिसके तहत यातायात पुलिस द्वारा विशेष अभियान के एक दिन में 1364 वाहन चालको के चालान काटे गए। जिसमें 548 ई-चालान और 816 पोस्टल चालान काटे गए है। ट्रैफिक पुलिस ने ऑटो का यूनिक कोड का रजिस्ट्रेशन कराने वाले 165 ऑटो के यूनिक कोड लगाए है। अब तक रजिस्ट्रेशन कराने वाले 7413 ऑटो के यूनिक कोड लगाए जा चुके है। यातायात पुलिस ने रोंग साइड ड्राइव करने वालों को लेकर अभियान की शुरुआत की है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि इस अभियान के तहत वाहन चालको के चालान किए गए जिसमें रोंग साइड, नो.पार्किंग, अंडर एज ड्राइविंग, रॉन्ग लेन तथा ओवर स्पीडए अवैध पार्किंग इत्यादि में 1364 चालान कर जुर्माना किए गए है। इस दौरान वाहन चालको को समझाया भी जा रहा है कि वह अपनी लाइन में ड्राइवए नो.एंट्री में प्रवेश न करें। दोपहिया वाहन चालक बिना हेलमेट के यात्रा न करे। वाहन चालकों को जागरूक करते हुए पुलिस कर्मियों ने बताया कि नो-एंट्री में प्रवेश की वजह से लोगों को जाम का सामना करना पडता है जिसके कारण कई बार दुर्घटना होने की संभावनाएं बढ़ जाती है। जिसमें कई व्यक्तियों की जान तक चली जाती है। इसके साथ ही उन्हें समझाया गया कि कम उम्र के बच्चों को वाहन चलाने के लिए अधिकृत नहीं किया गया है क्योंकि उन्हें यातायात नियमों का ज्ञान नहीं होता जिसकी वजह से वह सडक़ दुर्घटनाओं का शिकार हो सकते हैं इसलिए बच्चों को वाहन चलाने के लिए न दें। पुलिस ने चालकों को सडक़ सुरक्षा का महत्व बताते हुए यातायात नियमों का अनुसरण करने के लिए जागरूक किया। पुलिस ने चालकों को सडक़ सुरक्षा का महत्व बताते हुए यातायात नियमों का अनुसरण करने के लिए जागरूक किया।

# पुलिस ने सड़क किनारे झाड़ियों में मिले डेढ़ वर्षीय बच्चे को तुरंत अस्पताल पहुंचाया

**फरीदाबाद-गुरुग्राम सड़क मार्ग मांगर के पास की घटना**

**बच्चे को मिला जीवनदान**

**एनआईटी दशहरा ग्राउंड ऐरिया से बच्चा हुआ था लापता**

सात्विक देव, भरोसा मित्र



फरीदाबाद। एनआईटी स्थित दशहरा मैदान से गायब हुए डेढ़ वर्षीय बालक को डायल 112 टीम द्वारा झाडियों से उठाकर तुरंत अस्पताल पहुंचाकर तथा पुलिस चौकी नंबर तीन प्रभारी संजय कुमार द्वारा बच्चे का प्राइवेट अस्पताल में इलाज करवाकर, जान बचाने का सराहनीय कार्य किया है। बीती रात 9.21 बजे ईआरवी 209 को सूचना प्राप्त हुई की फरीदाबाद-गुडग़ांव रोड पर एक डेढ़ वर्षीय बच्चा झाडिय़ां में पड़ा है जो ठंड से कांप रहा है। पुलिस टीम में शामिल उप निरीक्षक ओमबीर, सिपाही संजीत तथा एसपीओ जयसिंह सूचना मिलते ही बिना देरी के तुरन्त मौके पर पहुंचे जहां पर मौजूद राहगीर रोहित निवासी फरीदाबाद जिसने डायल 112 पर पुलिस को सूचित किया था ने बताया कि बच्चा झाड़ियों में रो रहा था। पुलिस टीम ने देखा तो बच्चा ठंड से बुरी तरह कांप रहा था। पुलिस कर्मियों ने बच्चे को तुरंत एक कपड़े और तौलिया में लपेटा तथा बिना देरी किए उसे लेकर तुरंत बीके अस्पताल पहुंचे। वहां पर पहुंचते ही बच्चे को तुरंत उपचार दिया गया और सफदरजंग का रेफर कर दिया गया था। एन.एच.तीन चौकी इंचार्ज ने बच्चे का फरीदाबाद के प्राइवेट सन्तोष हॉस्पिटल में ईलाज के एडमिट करवा दिया। बच्चे का इलाज किया जा रहा था की करीब 11 बजे बच्चे के माता-पिता पुलिस चौकी नंबर 3 में पहुंचे और उन्होंने बताया कि वह राजस्थान के रहने वाले हैं और दशहरे के अवसर पर झूला लेकर फरीदाबाद के एनआईटी ग्राउंड में आए थे जहां वह झूला लगाकर अपना रोजगार चलाते हैं। उनका बच्चा कहीं गुम हो गया है। उन्होंने बताया कि उनका डेढ़ वर्षीय बच्चा उनके साथ था परंतु मेले में भीड़ के कारण वह खो गया। उन्होंने बताया कि रावण दहन और मेला खत्म होने के बाद काफी देर तक बच्चे को ढूंढते रहे परंतु बच्चा नहीं मिला तो वह शिकायत दर्ज कराने के लिए पुलिस चौकी आये है। चौकी प्रभारी संजय कुमार ने बताया कि आपका बच्चा अस्पताल में है और सुरक्षित है। पुलिस टीम परिजनों के साथ अस्पताल पहुंची। इलाज के पश्चात बच्चे को सुरक्षित उनके माता-पिता के हवाले किया गया। बच्चे के परिजनों ने कहा की उन्हें किसी पर कोई शक नहीं है और वह किसी के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं चाहते तथा अपने बच्चों को अपने साथ लेकर अपने घर भरतपुर राजस्थान जाना चाहते हैं। बच्चे के माता-पिता द्वारा पुलिस टीम द्वारा किए गए सराहनीय कार्य के लिए उनकी प्रशंसा की और उनका तहे दिल से धन्यवाद किया।

# श्रीराम की मर्यादा एवं सीमाओं की रक्षा करना हमारा कर्तव्य: विजय

**गद्गद् हुए हनुमान जी ने विजय प्रताप को गोद में उठाया**

सात्विक देव, भरोसा मित्र

फरीदाबाद। भगवान श्रीराम की मर्यादा और सीमाओं की रक्षा करना हमारा कर्तव्य है। बुराई पर अच्छाई की जीत का पर्व है विजयादशमी और हम सब मिलकर इसको धूमधाम से मनाते हैं। कांग्रेस नेता विजय प्रताप सिंह दशहरा पर्व के उपलक्ष्य में अलग-अलग स्थानों पर आयोजित कार्यक्रमों में शिरकत कर रहे थे। इस मौके पर लोगों का अपार प्यार एवं समर्थन उनको मिला। विजय प्रताप ने कहा कि भगवान राम के जीवन से बहुत कुछ सीखने को मिलता है। लंका पर विजय प्राप्त करने के बाद जब भगवान राम का अगले दिन राज्याभिषेक होने वाला था, उससे एक दिन पहले शाम माता कैकेयी ने महाराज दशरथ से राम के वनवास का वचन मांगा। अगर राम कहते थे कि मैं नहीं जाता कल राजा बनूंगा तो जनता उनका साथ देती लेकिन वे मुस्कुराते हुए वनवास को चले गए। इससे उनकी त्याग एवं समर्पण की भावना का पता चलता है और हमें भी जीवन में लालच का त्याग करना चाहिए। विजय प्रताप ने कहा कि हमें देश में राम राज्य की कल्पना करनी चाहिए। एक ऐसा देश जहां सभी को मुफ्त शिक्षा, मुफ्त इलाज और कोई भी भूखा न सोए। इसके लिए हम सबको मिलकर प्रयास करना होगा।

# पुलिस फ्लैग डे पर स्कूल में प्रतियोगिता आयोजित

**एसीपी वूमेन सेफ्टी मोनिका ने पुलिस फ्लैग डे कार्यक्रम में मुख्यतिथि के तौर पर की शिरकत**

सात्विक देव, भरोसा मित्र



फरीदाबाद। 23 नवंबर 1952 को भारत के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू ने उत्तर प्रदेश पुलिस और पीएसी को फ्लैग प्रदान किया था। यह फ्लैग उनके कर्तव्य परायणता के फलस्वरुप प्रदान किया गया था। इस दिन पुलिस मुख्यालय व कार्यालय, पीएसी वाहिनियों, क्वार्टर गार्ड, थानों, कैंपों मे पुलिस ध्वज फहराए जाते हैं। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी 21 अक्टूबर को केंद्र व हरियाणा सरकार के द्वारा अर्धसैनिक बल व पुलिस के वीर शहीदों के परिजनों को सम्मानित किया गया था। पुलिस महानिदेशक हरियाणा शत्रु जीत कपूर के निर्देशानुसार पुलिस द्वारा 21 अक्टूबर से 31 अक्टूबर 2023 तक पुलिस फ्लैग डे मनाया जा रहा है। इस मुहिम के तहत पुलिस ने डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल में पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता एवं वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन करवाया। स्कूल की प्रधानाचार्य हेमा अरोड़ा एवं एसीपी महिला सुरक्षा मोनिका, कल्याण निरीक्षक सतबीर सिंह, इंस्पेक्टर काबूल सिंह एवं सब इंस्पेक्टर महेश कुमार ओर से आईटी सेल कमल ने भी इस प्रतियोगिता में शिरकत की एवं छात्रों को राष्ट निर्माण में पुलिस की भूमिका के विषय में बताया। एसीपी मोनिका ने छात्रों को अमर शहीद जवानों की कुर्बानियां तथा देश के लिए दी गई उनकी सेवाओं के बारे में अवगत करा उन्हें राष्ट्रप्रेम तथा राष्ट्रभक्ति के लिए प्रेरित किया। प्रधानाचार्या हेमा अरोड़ा ने भी बच्चों को वास्तविक सुपर हीरो से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि जो वर्दी में होते हैं, जो दिन-रात समाज की सेवा करते हैं वही वास्तव में सुपर हीरो होते हैं। उन्होंने फ्लैग डे का वास्तविक अर्थ बच्चों को समझाया और इन्हीं शब्दों के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।

## जागरूकता कार्यक्रम

### पुलिस ने ग्रैंड कोलंबस इंटरनेशनल में करीब 1000 बच्चों को किया जागरूक

# यातायात पुलिस ने विद्यार्थियों को साइबर अपराध, सड़क सुरक्षा व यातायात नियमों को लेकर किया जागरूक

**महिला सुरक्षा संबंधित सामाजिक मुद्दों के बारे में भी किया जागरूक**

सात्विक देव, भरोसा मित्र



फरीदाबाद। ट्रैफिक एसएचओ सतीश कुमार ने ग्रैंड कोलंबस इंटरनेशनल में छात्र-छात्राओं को सडक़ सुरक्षा व यातायात नियमों के साथ साथ साइबर फ्रॉड व महिला सुरक्षा संबंधित सामाजिक मुद्दों के बारे में जागरुक करते हुए जानकारी प्रदान की। इस अवसर पर स्कूल की प्रधानाचार्य दीपिका शर्मा, डॉ रजा, मोनिका मल्होत्रा, रूपम सचदेवा, उर्मिला सहित समस्त स्टाफ व 1000 छात्र व छात्राएं मौजूद रहीं।छात्रों को जागरूक करने के लिए यातायात पुलिस की टीम स्कूल पहुंची जहां पर कॉलेज प्रशासन ने पुलिस टीम का भव्य स्वागत किया और छात्रों को जागरूक करने के लिए मंच पर आमंत्रित किया। इंस्पेक्टर सतीश ने छात्रों को साइबर अपराध से बचने के लिए अपना बैंक खाता, क्रेडिट या डेबिट कार्ड की कोई जानकारी किसी के साथ सांझा न करने की हिदायत दी। साइबर अपराध से बचाव के लिए हेल्पलाइन नंबर 1930 की जानकारी देते हुए बताया कि अगर साइबर फ्रॉड हो जाता है तो तुरंत हेल्पलाइन नम्बर पर कॉल करे जिससे आपका पैसा 24 घंटे के अंदर वापस आने की संभावना रहती है। यातायात नियमों के बारे में जागरूक करते हुए बताया कि सडक़ पर यात्रा करते समय यातायात नियमों तथा सडक़ सुरक्षा का विशेष ध्यान रखना चाहिए और वाहन सावधानीपूर्वक चलाना चाहिए क्योंकि जरा सी सावधानी हटने पर सडक़ दुर्घटना घटित हो सकती है और इसकी वजह से अपने साथ-साथ दूसरे वाहन चालक भी सडक़ दुर्घटना का शिकार हो सकते हैं इसलिए अपने बचाव में ही सबका बचाव है। उन्होंने बताया कि वाहन चालकों को निर्धारित गति सीमा में ही अपना वाहन चलना चाहिए तथा वाहन चलाते समय फोन का इस्तेमाल ना करें और न ही ऊंची आवाज में संगीत बजाएं क्योंकि ऊंची आवाज में संगीत बजाने की वजह से उन्हें पीछे आ रही गाडिय़ों के हॉर्न सुनाई नहीं देते जिसकी वजह से भी सडक़ दुर्घटना घटित हो सकती है। उन्होंने बताया कि रात के समय वाहन चालकों को अपनी गाड़ी पर रिफ्लेक्टर टेप लगानी चाहिए तथा वाहन को दाएं बाएं मोड़ते समय इंडिकेटर का प्रयोग अवश्य करना चाहिए क्योंकि रात के समय दृश्यता कम हो जाती है इसलिए सडक़ दुर्घटनाओं की संभावनाएं भी बढ़ जाती हैं जिसे कम करने के लिए इस प्रकार की सावधानियों का उपयोग करना आता आवश्यक है। उन्होंने बताया कि युवावस्था में नवयुवक हेलमेट व सीट बेल्ट नहीं लगाते जिसकी वजह से वह कई बार सडक़ दुर्घटना का शिकार होने पर उन्हें गंभीर चोट लग जाती है इसलिए सुरक्षा उपकरणों का उपयोग करना आता आवश्यक है ताकि सडक़ दुर्घटना में आपका अधिक से अधिक बचाव हो सके और आपको चोट न पहुंचे। वहां पर मौजूद छात्र छात्राओं तथा शिक्षकों को महिला विरुद्ध अपराध के बारे में जागरूक करते हुए बताया कि माननीय पुलिस आयुक्त राकेश कुमार आर्य ने महिलाओं की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए सेफ सिटी परियोजना शुरू की है। इसके तहत प्रतिदिन लेट रात को यात्रा करने वाली महिलाएं अपने आप को डायल 112 पर रजिस्टर करवा सकती हैं और पुलिस द्वारा ऑटो चालकों को भी ट्रैक करने का तरीका अपनाया गया है जिसमें ऑटो चालकों को एक यूनिक नंबर दिया जा रहा है और ऑटो चालकों को उनका नाम, मोबाइल नंबर, ऑटो मलिक का नाम, पता सही सारी जानकारी ऑटो के अंदर सामने वाली साइड लगानी अनिवार्य है ताकि जो भी महिला उसमें यात्रा करे वह इसकी फोटो खींचकर डायल 112 पर भेज दें। इस प्रकार जो महिला उसे ऑटो में यात्रा करेगी उस महिला और ऑटो चालक दोनों की जानकारी पुलिस के पास होगी जिससे ऑटो चालक को आसानी से ट्रैक किया जा सकेगा। पुलिस के इस प्रयास से ऑटो चालकों में भी पुलिस डर रहेगा और वह किसी प्रकार की आपराधिक वारदात को अंजाम देने की कोशिश नहीं करेंगे। इसके साथ ही पुलिसकर्मियों ने महिला हेल्पलाइन 1091, दुर्गा शक्ति एप के बारे में छात्राओं को जानकारी देते हुए बताया कि यदि आपको कहीं पर भी महिला विरुद्ध अपराध घटित होता दिखाई दे तो वह इसकी सूचना तुरंत पुलिस को दें। पुलिस द्वारा इस प्रकार के आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। कार्यक्रम के समापन पर स्कूल प्रशासन व छात्रों ने पुलिस द्वारा दी गई इस अहम जानकारी के लिए उनका धन्यवाद किया।

26 page 8_02.qxd 10/25/2023 9:40 PM Page 1



## खबर फटाफट

### महिला सुरक्षा को लेकर हरियाणा-112 हुआ अपडेटेड और हाईटैक

**चंडीगढ़।** पुलिस विभाग अत्याधुनिक तकनीक का इस्तेमाल करते हुए जल्द ही महिला सुरक्षा को लेकर और अधिक अपडेटेड व हाइटेक होने जा रहा है। इसे लेकर हरियाणा 112 पर महिला सुरक्षा संबंधी नई पहल शुरू होने जा रही है 'सेफ जर्नी' अर्थात् 'सुरक्षित यात्रा' के कॉन्सेप्ट के साथ शुरू होने जा रही यह पहल महिला सुरक्षा को लेकर गेम चेंजर साबित होगी जिससे महिलाओं में सुरक्षा भावना को और अधिक बल मिलेगा और वे से र करते समय अपने आप को सुरक्षित महसूस कर सकेंगी। यह जानकारी पुलिस महानिदेशक श्री शत्रुजीत कपूर की अध्यक्षता में आयोजित बैठक के दौरान दी गई। यह बैठक हरियाणा 112 के कार्यालय में आयोजित की गई थी जिसमें कई वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया। इस बैठक में हरियाणा-112 के माध्यम से महिलाओं को सुरक्षा प्रदान करने को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। श्री कपूर ने कहा कि महिला सुरक्षा पुलिस विभाग की प्राथमिकताओं में से एक हैं। हमारा प्रयास है कि प्रदेष में महिलाएं घरों से बाहर भी अपने आप को सुरक्षित महसूस करें। इसी के ी में हरियाणा 112 अब महिला यात्रियों के लिए 'सेफ जर्नी' अर्थात् 'सुरक्षित यात्रा' का कॉन्सेप्ट लेकर आ रहा है। इसके तहत अब महिलाएं 112 डायल करके अपने आप को रजिस्टर करते हुए एडवांस में अपनी यात्रा संबंधी जानकारी हरियाणा 112 की टीम के साथ शेयर कर सकेंगी। बैठक में एडीजीपी टेलीकॉम-आईटी अरशिन्दर चावला ने बताया कि महिलाओं को सुरक्षित वातावरण देने के लिए व्हाट्सएप नंबर पर भी काम किया जा रहा है और इसके माध्यम से प्रदेशवासियों को समय-समय पर हरियाणा 112 के बारे में अपडेट किया जाता रहेगा। इस नंबर के माध्यम से भी हरियाणा पुलिस की सुविधाओं व सेवाओं संबंधी जानकारी आम जनता तक पहुंचाई जाएगी ताकि लोग आवष्यकता अनुरूप इनका लाभ उठा सके।

### राज्य में अब तक 40.84 लाख क्विंटल बाजरा खरीदा गया

**चंडीगढ़।** हरियाणा की मंडियों में खरीफ विपणन सीजन-2023 के दौरान धान व बाजरे की खरीद सुचारू रूप से जारी है। अब तक 577.46 लाख क्विंटल बासमती और गैर बासमती किस्म की धान की खरीद की गई है। वहीं24 अक्टूबर 2023 तक 40.84 लाख क्विंटल बाजरा खरीदा जा चुका है। हरियाणा राज्य कृषि विपणन बोर्ड के आंकड़ों के मुताबिक पिछले वर्ष इस अवधि तक 560.80 लाख क्विंटल धान खरीदी गई थी। इस आंकड़े से साफ है कि पिछले वर्ष



के मुकाबले इस वर्ष अब तक 17 लाख क्विंटल धान ज्यादा खरीदी गई है। इस वर्ष सामान्य धान का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2,183 रुपये प्रति क्विंटल और ग्रेड-ए धान का समर्थन मूल्य 2,203 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित है। वर्ष 2022-23 में सामान्य धान का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2040 रुपये और ग्रेड-ए धान का समर्थन मूल्य 2060 रुपए था।वर्ष 2022-23 में कुल 945.68 लाख क्विंटल धान खरीदा गया था। हालांकि हरियाणा अभी इस लक्ष्य से 368.22 लाख क्विंटल पीछे है लेकिन उम्मीद है कि आने वाले समय में इस लक्ष्य को पार पाते हुए हरियाणा में धान की रिकार्ड खरीद होगी। यहां यह उल्लेखनीय है कि धान की खरीद के साथ ही प्रदेश की मंडियों में समय पर इसकी लिफ्टिंग भी सुनिश्चित की जा रही है। मंडियों से 516.85 लाख क्विंटल धान की लिफ्टिंग हो चुकी है जबकि 43.46 लाख क्विंटल धान की लिफ्टिंग शेष है। समय पर लिफ्टिंग होने से जहां आढ़तियों और किसानों की परेशानी कम हुई है वहीं खुले में पड़ी फसल के खराब होने का खतरा भी कम हुआ है।

---

### पैरा एशियन गेम्स में भी हरियाणा के खिलाड़ियों का जलवा बरकरार

# गांव खेवड़ा के छौरे सुमित आंतिल ने गोल्ड पर गाडा लट्ठ

**भरोसा मित्र, चंडीगढ़**

चीन के हांगझोऊ में आयोजित हो रहे पैरा एशियन गेम्स में सोनीपत के गांव खेवड़ा के लाडले सुमित आंतिल ने शानदार प्रदर्शन कर स्वर्ण पदक जीता है। उन्होंने एक बार फिर से देश व प्रदेश का मान बढ़ाते हुए 73.29 मीटर के थ्रो के साथ एशियन पैरा गेम्स रिकॉर्ड और विश्व रिकॉर्ड को तोड़ा है। सुमित ने अपने तीसरे प्रयास में इस उपलब्धि को प्राप्त किया। सुमित की इस जीत के बाद गांव व परिवार में जश्न का माहौल है और अब परिवार और गांव वाले आपने लाडले के इंतजार में बैठे और उसका बड़ी धूमधाम से स्वागत की तैयारी अब गांव व परिवार कर रहा है। सुमित ने कठिनाइयों से नहीं मानी कभी हार, किया कड़ा परिश्रम पैरा ओलंपियन सुमित आंतिल का सफर हमेशा कठिनाइयों भरा रहा है। करीब नौ साल पहले हुए सड़क हादसे में एक पैर गंवाने के बाद भी सुमित ने जिंदगी से कभी हार नहीं मानी और बुलंद हौसले से हर परिस्थिति का डटकर मुकाबला किया। चेहरे पर मुस्कान रखने वाले सुमित ने न सिर्फ अपने से बड़ी तीन बहनों रेनू, सुशीला व किरण को हौसला दिया बल्कि इकलौते बेटे के साथ हुए हादसे से दुखी मां निर्मला देवी को भी कहा था कि- मां रो मत, जो दो पैर वाला नहीं दे पाएगा, तुझे इतना सुख दूंगा। अपनी कही बात को वह लगातार सच कर रहे हैं। सुमित की इस जीत के बाद गांव में जश्न का माहौल है और परिवार अब अपने बेटे के स्वागत समारोह की तैयारियों में जुटने वाला है, ताकि उसका बड़ी धूमधाम से स्वागत किया जा सके।

#### विश्व रिकॉर्ड बनाया

गांव खेवड़ा के लाडले सुमित आंतिल ने बुधवार सुबह पैरा एशियन गेम्स में देश के लिए स्वर्णिम उपलब्धि प्राप्त की। उन्होंने प्रतियोगिता में एफ-64 भाला फेंक स्पर्धा में 73.29 मीटर भाला फेंक अपने पुराने रिकॉर्ड 70.83 मीटर में सुधार कर नया विश्व रिकॉर्ड बनाया है। उनकी इस उपलब्धि पर खेल प्रेमियों में खुशी की लहर है। गांव पहुंचने पर लाडले का स्वागत किया जाएगा। वह पहले ही 2024 पेरिस पैरालंपिक के लिए कोटा हासिल कर चुके हैं। खेवड़ा का यह लाडला टोक्यो पैरालंपिक में देश का नाम स्वर्ण अक्षरों में लिख चुका है। उन्होंने तब 68.55 मीटर भाला फेंका था।




**73.29 मीटर**

#### हादसे ने बदल दी जिंदगी

सुमित आंतिल का जन्म 7 जून 1998 को हुआ था। सुमित जब सात साल के थे, तब एयरफोर्स में तैनात पिता रामकुमार का बीमारी से निधन हो गया था। पिता का साया सिर से उठने के बाद मां निर्मला ने हर दुख सहन करते हुए चारों बच्चों का पालन-पोषण किया। सुमित जब 12वीं कक्षा में थे तो कॉमर्स का ट्यूशन लेते थे। 5 जनवरी 2015 की शाम को वह ट्यूशन लेकर बाइक से वापस आ रहे थे, तभी सीमेंट के कट्टों से भरी ट्रैक्टर-ट्राली ने सुमित को टक्कर मार दी थी और काफी दूर तक घसीटते हुए ले गई थी। इस हादसे में सुमित को अपना एक पैर गंवाना पड़ा था। कई महीनों तक अस्पताल में भर्ती रहने के बाद सुमित को वर्ष 2016 में महाराष्ट्र के पूना ले जाया गया था, जहां उसका पैर चढ़ाया गया था। उसके बाद से वह सदैव आगे ही बढ़ते जा रहे हैं।



#### 7 जून 1998 को हुआ था सुमित आंतिल का जन्म

सुमित आंतिल का जन्म 7 जून 1998 को हुआ था। सुमित जब सात साल के थे, तब एयरफोर्स में तैनात पिता रामकुमार का बीमारी से निधन हो गया था। पिता का साया सिर से उठने के बाद मां निर्मला ने हर दुख सहन करते हुए चारों बच्चों का पालन-पोषण किया। सुमित जब 12वीं कक्षा में थे तो कॉमर्स का ट्यूशन लेते थे। 5 जनवरी 2015 की शाम को वह ट्यूशन लेकर बाइक से वापस आ रहे थे, तभी सीमेंट के कट्टों से भरी ट्रैक्टर-ट्राली ने सुमित को टक्कर मार दी थी और काफी दूर तक घसीटते हुए ले गई थी। इस हादसे में सुमित को अपना पैर गंवाना पड़ा था। कई महीनों तक अस्पताल में भर्ती रहने के बाद सुमित को वर्ष 2016 में महाराष्ट्र के पूना ले जाया गया था, जहां उसका पैर चढ़ाया गया था। उसके बाद से वह सदैव आगे ही बढ़ते जा रहे हैं।

---

### आम आदमी पार्टी पर जमकर बरसे कृषि मंत्री

# बोले, एसवाईएल का पानी आप ने रोका हरियाणा में किस मुंह से मांगेंगे वोट

### भाजपा सरकार के नेताओं ने एसी कमरों के बीच नहीं बल्कि किसानों व जनता के बीच रहकर काम किया : जेपी दलाल

**भरोसा मित्र ब्यूरो**

चरखी दादरी। हरियाणा के कृषि मंत्री जेपी दलाल बाढडा विधानसभा के गांव जगरामबास पहुंचे। जहां उन्होंने जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित कर जनसमस्याएं सुनी और मौके पर मौजूद संबंधित विभागों के अधिकारियों को समस्या के समाधान के निर्देश दिए। वहीं इससे पहले उन्होंने गांव मांढी केहर में मांढी केहर से जगरामबास तक की करीब तीन किलोमीटर लंबी से क का शिलान्यास किया।वहीं इस दौरान मौजूद लोगों को संबोधित करते हुए जेपी दलाल ने कहा कि पंजाब में आम आदमी पार्टी की सरकार ने हरियाणा का एसवाईएल का पानी रोका, अब हरियाणा में आप के नेता किस मुंह से वोट मांगेंगे। आप का हरियाणा में कोई जनाधार नहीं हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार के नेताओं ने एसी कमरों के बीच नहीं बल्कि किसानों व जनता के बीच रहकर काम किया है। भाजपा सरकार ने अपने 9 वर्ष के कार्यकाल में जनहित में अनेक जनहित में धरातल पर कार्य किया है। कृषि मंत्री ने कहा कि पुराने ढर्रे में भाजपा सरकार बदलाव लेकर आई है और सिस्टम बदलकर परिवर्तन लाकर व्यवस्थाएं बदलना मुख्य लक्ष्य है।

#### लोकसभा चुनाव नहीं लड़ूंगा

इस दौरान मीडिया से बात करते हुए मंत्री जेपी दलाल ने लोकसभा चुनाव लड़ने से इनकार किया और कहा कि लोहारू की जनता फिर से विश्वास जताएगी तो पहले की अपेक्षा और अधिक विकास कार्य करवाएंगे। दलाल ने कहा कि इस बार भी जनता सोच समझकर फैसला लेगी और भाजपा तीसरी बार भी सरकार बनाएगी। कृषि मंत्री जयप्रकाश दलाल ने कांग्रेस पार्टी पर भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने का आरोप लगाये और कहा कि कांग्रेस शासनकाल में बिचौलियों की सरकार ने सिस्टम को खराब किया था। उन्होंने स्वयं को भ्रष्टाचार से दूर बताते हुए कहा कि अगर मुझ पर कोई भ्रष्टाचार करने का आरोप सिद्ध कर दे तो इस्तीफा दे दूंगा। मेरे मंत्री काल के दौरान किसानों को उनका हक दिलवाने का काम किया है। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार को मिटाने के लिए ऑनलाइन पोर्टल को लागू किया गया है। शुरुआत में भले ही कुछ दिक्कत पेश आ रही हो लेकिन भविष्य में ये कारगर सिद्ध होंगे और किसानों को इसका लाभ मिलेगा। वहीं जेजेपी के राजस्थान में चुनाव लड़ने पर उन्होंने कहा कि गठबंधन का फैसला हाईकमान करेगा, चुनाव लड़ने का सबका अधिकार है।



---

# हरियाणा अब बदलाव की तरफ बढ़ रहा है : संदीप पाठक

### आप ने चंडीगढ़ में विधानसभा और लोकसभा चुनाव को लेकर रणनीति बनाई

**भरोसा मित्र, चंडीगढ़**



आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री एंव राज्यसभा सांसद डॉ. संदीप पाठक ने लोकसभा और विधानसभा सीटों के प्रभारियों की बैठक चंडीगढ़ स्थित आम आदमी पार्टी के प्रदेश कार्यालय में ली। इसमें आगामी विधानसभा चुनाव और लोकसभा चुनाव को लेकर रणनीति बनाई गई। इसके साथ ही आम आदमी पार्टी ने संगठन विस्तार और मजबूत किलेबंदी की रूप रेखा तैयार की। वहीं जींद में प्रदेश अध्यक्ष और राज्यसभा सांसद डॉ. सुशील गुप्ता, प्रदेश प्रचार समिति के अध्यक्ष डॉ. अशोक तंवर, वरिष्ठ उपाध्यक्ष अनुराग ढांडा और उपाध्यक्ष चित्रा सरवारा ने राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल व पंजाब मुख्यमंत्री भगवंत मान के दौरे को लेकर पदाधिकारियों के साथ चर्चा की। डॉ. संदीप पाठक ने कहा कि इसी माह में बूथ स्तर पर सभी पदाधिकारियों की नियुक्ति के बाद आम आदमी पार्टी चुनावी मोड में प्रचार शुरू करेगी। इसके मद्देनजर ही सभी लोकसभा और विधानसभा प्रभारियों के साथ बैठक की गई। इसके साथ ही आम आदमी पार्टी के गांव में संगठन विस्तार के बाद प्रभारियों की जिम्मेदारी को लेकर चर्चा की गई। आम आदमी पार्टी के कैबिनेट मंत्री लोकसभा स्तर पर पार्टी कैडर और कार्यकर्ताओं को जीत के मूलमंत्र देंगे। वहीं 90 विधानसभा सीटों के लिए भी प्रभारी विधानसभा स्तर पर हरियाणा में डेरा डालकर पार्टी की मजबूती के लिए कार्य करेंगे। इनमें 70 विधानसभाओं के लिए निगमों और विभिन्न बोर्डों के चेयरमैनों को जिम्मेदारी दी गई है। डॉ. संदीप पाठक ने कहा कि उन्होंने कहा कि हरियाणा अब बदलाव की तरफ बढ़ रहा है। जनता पंजाब से भी दोगुना रिस्पोंस हरियाणा में दिखा रही है। बैठक में पंजाब के 10 कैबिनेट मंत्री और हरियाणा में सोनीपत लोकसभा प्रभारी पंजाब कैबिनेट में वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा, हिसार लोकसभा प्रभारी प्रोफेसर बलजिंदर कौर, कुरुक्षेत्र लोकसभा प्रभारी पंजाब के सूचना और जनसंपर्क मंत्री चेतन सिंह जोड़ामाजरा, करनाल लोकसभा प्रभारी बिजली मंत्री हरभजन सिंह ईटीओ, रोहतक लोकसभा प्रभारी एनआरआई मामलों के मंत्री कुलदीप सिंह धालीवाल, अंबाला प्रभारी टूरिज्म और संस्कृति मंत्री अनमोल गगन मान, फरीदाबाद प्रभारी रेवेन्यू मंत्री ब्रह्म शंकर, भिवानी-महेंद्रगढ़ प्रभारी परिवहन मंत्री लालजीत सिंह भुल्लर, सिरसा प्रभारी पंचायती राज मंत्री डीसीपी बलकार सिंह और गुरुगांव प्रभारी खाद्यान और उपभोक्ता मामलों के मंत्री लाल चंद कटारुचक शामिल हुए।

#### पंजाब की तर्ज पर हरियाणा में संगठन का हो रहा निर्माण

आम आदमी पार्टी ने संगठन को विस्तार देते हुए 23 अक्टूबर को 6500 से ज्यादा ग्राम सचिव और वार्ड अध्यक्षों की सूची जारी की थी। नवनियुक्त पदाधिकारियों शपथ ग्रहण कराने के लिए आम आदमी पार्टी के संयोजक और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल हरियाणा में आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि पंजाब की तर्ज पर संगठन का निर्माण किया जा रहा है। नए पदाधिकारियों में से प्रत्येक को शहरी क्षेत्रों में पांच वार्डों और ग्रामीण क्षेत्रों में पांच गांवों के लिए सर्कल प्रभारी नियुक्त किया गया। इन नियुक्तियों के अलावा, प्रत्येक गांव और शहरी क्षेत्र के प्रत्येक वार्ड के लिए 21 सदस्यीय समिति का गठन किया गया है। उन्होंने कहा कि ऐसी नियुक्तियां लगभग 7,500 गांव में की जाएंगी। उन्होंने कहा कि हरियाणा में संगठन के सभी स्तरों पर राज्य पदाधिकारियों से लेकर ब्लॉक स्तर पर अध्यक्षों तक की नियुक्तियां पहले ही की जा चुकी है। अब तक आम आदमी पार्टी 11000 से ज्यादा पदाधिकारियों की नियुक्ति कर चुकी है। पंजाब में भी संगठन बनाने के लिए इसी तरह का फॉर्मूला चुना था। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी की हरियाणा में सभी 10 लोकसभा और 90 विधानसभा सीटों पर चुनाव लड़ने की तैयारी कर रही है।

---

# जनस्वास्थ्य विभाग कार्यालय में सीएम फ्लाइंग की छापेमारी

### 6 कर्मचारी गैर हाजिर मिले, सीएम फ्लाइंग ने लिए पानी के सैंपल

**भरोसा मित्र ब्यूरो**

फतेहाबाद। सीएम फ्लाइंग ने फतेहाबाद के जनस्वास्थ्य विभाग कार्यालय में छापेमारी की। 6 कर्मचारी गैर हाजिर मिले। इस दौरान टीम को देखकर मौजूद कर्मचारियों व अधिकारियों में हड़कंप मच गया। वहीं जनस्वास्थ्य विभाग कार्यालय में कई कर्मचारी ड्यूटी पर देरी से पहुंचे। देरी से आने वाले कर्मचारियों से सवाल जवाब भी किया गया। टीम के मुताबिक 6 कर्मचारी गैर हाजिर मिले हैं। पिछले काफी दिनों से जनस्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों की शिकायत मिल रही थी। जिसमें बताया जा रहा था कि अधिकारी समय पर नहीं आ रहे हैं। ऐसे में हाजिरी आदि भी नहीं लगा रहे हैं। इसी सूचना पर एसडीएम राजेश कुमार, सीएम फ्लाइंग से सब इंस्पेक्टर कुलदीप, एसआइ सुरेंद्र, रामफल आदि की टीम ने जांच की। जन स्वास्थ्य कार्यालय में पहुंचते ही सबसे पहले टीम ने हाजिरी रजिस्टर की जांच की। जिसमें अनेक कर्मचारी नहीं मिले। ऐसे में अब इन कर्मचारियों को नोटिस जारी किया जाएगा और जवाब मांगा जाएगा। पानी के सैंपल भी लिए गए हैं। यहां से करीब तीन सैंपल लिए गए। सीएम फ्लाइंग की टीम अपने स्तर पर इसकी जांच करवाएगी। लोगों का आरोप था कि उनके घरों तक जो पानी आ रहा है वो गंदा है। यही कारण है कि सीएम फ्लाइंग व अधिकारियों ने पानी के सैंपल लिए हैं। अगर इस पानी की रिपोर्ट गलत आती है तो अधिकारियों पर कार्रवाई हो सकती है।



---


# एक आदर्श विकसित राज्य बनने के दरवाजे तक पहुंचा हरियाणा

**हरियाणा** में हमारी सरकार के नौ वर्ष पूरे हो रहे हैं। नौ वर्ष पूर्व प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जब हरियाणा की जिम्मेदारी मुझ पर सौंपी थी, हरियाणा की स्थिति ऐसी थी कि उन परिस्थितियों और सिस्टम के बीच रहकर प्रदेश को नए सिरे से विकास के मार्ग पर लाना असंभव सा लगता था। तबादलों से लेकर सीएलयू तक सब कुछ भ्रष्टाचार में डूबा हुआ था। मुझे लगा कि ईमानदार दृष्टिकोण के साथ व्यवस्था परिवर्तन एक महत्वपूर्ण कार्य है। नौकरियां नहीं थीं, यदि थीं तो बिना रिश्वत दिये उन्हें पाना मुश्किल था। भ्रष्टाचार अपने चरम पर था। समाज जातियों में बंटा था। प्रदेश के संसाधनों का मनमाना एवं पक्षपातपूर्ण उपयोग, तर्कहीन आवंटन और दूषित पूंजीवाद जैसी नीतियों पर चलकर प्रदेश को प्रगति के पथ पर नहीं लाया जा सकता था। प्रदेश की जनता में सरकारी तंत्र और राजनीतिक दलों के प्रति भारी आक्रोश था। अर्थव्यवस्था बेहाल थी, सामाजिक कुरीतियां अपने चरम पर थीं और प्रदेश ही नहीं पूरे देश को भोजन कराने वाला किसान भुखमरी के चलते आत्महत्या करने पर मजबूर था। मुख्यमंत्री पद संभालने के बाद मुझे अहसास हो गया था कि इन कुरीतियों को दूर किये बिना राज्य का भला नहीं किया जा सकता था। इन परिस्थितियों में स्पष्ट था कि हमें नए सिरे से शुरुआत करनी होगी। मैं प्रारंभ से ही टेक्नोलॉजी से काफी नजदीकी से जु ा रहा। इसके इस्तेमाल के लाभ जानता था। इसलिए लगा कि इसकी मदद से ही एक नए हरियाणा का निर्माण किया जा सकता है। वर्ष 2014 में सरकार बनाने के बाद यह जान गया था कि हरियाणा के इस से चुके सिस्टम को बदलने में वक्त लगेगा। जनता ने हमें चुना था तेज वृद्धि, संतुलित क्षेत्रीय विकास और सुशासन से लिए। इसलिए हम शुरू से ही जाति, नस्ल, क्षेत्र या पंथ और संप्रदाय के आधार पर भेदभाव के बिना समाज के सभी वर्गों को एक संघटित इकाई मानकर विकास एवं समृद्धि के समान अवसर उपलब्ध कराने की नीति पर चले। नौ वर्ष के इस अथक प्रयास के बाद आज यह संतोष है कि प्रदेश कम से कम उस पथ पर आकर खे ा हो गया है, जहां से अब पुराने सिस्टम तक लौटकर जाना असंभव है।

सामाजिक स्तर पर समाज को एक करने के लिए आवश्यक था कि ऐसे कदम उठाये जाएं जिनसे लोगों के भीतर आत्मसम्मान की भावना जागृत हो ताकि वो अपने अपने स्तर पर प्रदेश के विकास में योगदान कर पाएं। जाति के सार्वजनिक होने का मतलब ही है कि आत्मविश्वास का टूटना। इसलिए हमारी सरकार ने हरियाणा एक, हरियाणवी एक की नीति पर चलने का निर्णय लिया। ऐसे विकल्प चुने गए जिनसे नागरिकों को सरकार से मिलने वाले किसी भी लाभ के लिए अपनी हैसियत को सार्वजनिक न करना पे ा। इसमें सबसे बे ी भूमिका निभायी है हमारी फ्लैगशिप स्कीम परिवार पहचान पत्र ने। इसके तहत प्रदेश के सभी निवासियों का पूर्ण विवरण एकत्रित किया जा रहा है। एक बार इस स्कीम में दर्ज हो जाने के बाद प्रदेशवासियों को किसी भी विभाग में कोई भी दस्तावेज जमा करने के झंझट से छुटकारा मिल गया है। अब तक प्रदेश के 70 लाख से अधिक परिवारों के 2.81 करो से अधिक सदस्यों को पीपीपी में पंजीकृत किया जा चुका है। इसका अर्थ यह हुआ कि हरियाणा के 96 प्रतिशत से अधिक परिवारों के पास पीपीपी आईडी हो गई है।

हमारी सरकार बनने से पूर्व प्रदेश में रहने वाले समाज के सबसे निचले तबके के निवासी, दलित-पिछे और समाज के वंचित वर्ग के लोग सर्वाधिक शोषण में जीवन यापन कर रहे थे। इस वर्ग को समाज की मुख्यधारा में लाये बिना मेरी समझ में प्रदेश के विकास का कोई औचित्य नहीं था। अंत्योदय की भावना मेरे जीवन का बहुत महत्वपूर्ण हिस्सा रही है। राजनीतिक जीवन में आने से पूर्व समाज सेवा के दौर से ही मैं अंत्योदय की भावना से काम करता रहा हूं। इसलिए मैंने तय कर लिया था कि प्रदेश में गरीब, पिछे ों, दलितों और शोषितों को सम्मानित जीवन देना हमारी सरकार का मुख्य ध्येय होना चाहिए। हमने इसका प्रयास किया है। बी.पी.एल. परिवारों की न्यूनतम वार्षिक आय 1.80 लाख रूपए तक प्रति वर्ष तय की, ताकि इसका लाभ अधिक से अधिक गरीबों तक पहुंच सके। ऐसा करने वाला हरियाणा देश का पहला राज्य बना। मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान योजना के तहत हमारा लक्ष्य प्रदेश के 1 लाख अति गरीब परिवारों की आय को बे ाने का है। इस दिशा में पहले 4 चरणों में आयोजित अंत्योदय मेलों में लगभग 50 हजार परिवारों को बैंकों के माध्यम से ऋण उपलब्ध करवाया गया है।

प्रदेश की महिलाओं की स्थिति भी नौ वर्ष पूर्व बेहद विकट थी। कन्या भ्रूण की हत्या, ले कियों को शिक्षा से वंचित रखना, परिवार में उनकी दूसरे दर्जे की स्थिति और रोजगार में उनकी नगण्य भागीदारी जैसी कुरीतियां व्याप्त थीं। हमने इन कुरीतियों को समाज से दूर करने की चुनौती को स्वीकार किया। प्रधानमंत्री के आह्वान पर प्रदेश में 'बेटी बचाओ, बेटी पे ाओ' अभियान चलाया। इसके नतीजे भी सामने आये हैं। आज प्रदेश में ले कियां उच्च शिक्षा प्राप्त कर रही हैं। लिंगानुपात भी वर्ष 2014 के 871 से छलांग लगाकर सितंबर 2023 में 932 हो गया है। समाज में महिलाओं के प्रति होने वाले अपराधों पर भी रोकथाम के कठोरतम उपाय किये गये हैं। ऐसे मामलों की सुनवाई के लिए 16 फास्ट्रैक अदालतें गठित हुई हैं और 12 वर्ष तक की बच्चियों के साथ रेप के मामले में फांसी की सजा का भी प्रावधान किया है। किसी भी देश या प्रदेश के विकास में युवा आबादी का महत्वपूर्ण योगदान होता है। हमारी सरकार आने से पहले प्रदेश में नौकरियों को लेकर एक खास व्यवस्था थी। माना जाता था कि बिन पर्ची बिन खर्ची कोई काम प्रदेश में संभव नहीं है। लेकिन हमने इन स्थितियों में सुधार के लिए भी टेक्नोलॉजी का ही इस्तेमाल किया।




आज की स्थिति में नौकरियों के लिए आवेदन से लेकर उनके चयन तक की पूरी प्रक्रिया को ऑनलाइन बनाते हुए उसे पूरी तरह पारदर्शी बना दिया है। ग्रुप डी सहित सभी समूहों के लिए सभी लिखित परीक्षाएं आयोजित करने का निर्णय लिया गया। ग्रुप सी और डी पदों के लिए साक्षात्कार रोक दिए गए जहां पहले परिणामों में हेरफेर किया गया था। कॉमन पात्रता परीक्षा की शुरुआत की ताकि युवाओं को नौकरी के लिए न तो बार बार आवेदन करना पे और न ही उसके लिए हर बार फीस देने की नौबत आए। ग्रुप सी के लिए अब तक 11 लाख युवा परीक्षा में बैठ चुके हैं। ग्रुप डी की परीक्षा 22 अक्टूबर को संपन्न हुई, जिसमें 8.51 लाख उम्मीदवार शामिल हुए। चूंकि सबको नौकरी उपलब्ध कराना अकेले सरकार के लिए संभव नहीं है, इसलिए इस अभियान में निजी क्षेत्र को भी शामिल किया। बेरोजगारों के लिए भत्ते की व्यवस्था की। इन प्रयासों के नतीजे ये हुए हैं कि हम हरियाणा के नौजवानों को बेरोजगारी की चोट से बचा पाए हैं। इन कदमों से हरियाणा की बेरोजगारी दर नवीनतम पीएलएफएस जुलाई-सितंबर 2023 के अनुसार 6.5 प्रतिशत तक सीमित हो गई है, जो राजस्थान और पंजाब जैसे हमारे पे ोसी राज्यों से कम है। जहां तक प्रदेश की अर्थव्यवस्था का प्रश्न है उसे पटरी पर लाने के लिए हमारी सरकार को के ी मेहनत करनी पे ी है। प्रदेश में कानून व्यवस्था न के बराबर होने की वजह से वर्ष 2014 से पूर्व प्रदेश में नया निवेश आना ही बंद हो गया था। किसी समय औद्योगिक राज्य कहे जाने वाले हरियाणा में नए उद्योगों का लगना बंद हो गया था। ज्यादातर निवेश गुजरात, महाराष्ट्र और उत्तर प्रदेश जाने लगा। इसलिए यह आवश्यक था कि प्रदेश में नया निवेश लाने के लिए उसके अनुकूल माहौल बनाया जाए। यह काम कानून व्यवस्था को बेहतर बनाये बिना नहीं किया जा सकता। इसके अतिरिक्त टेक्नोलॉजी की मदद से सिस्टम को पारदर्शी बनाया गया है ताकि निवेशकों को लालफीताशाही से बचाया जा सके। भ्रष्टाचार के छिद्रों को बंद करने से अब राजस्व की हानि को भी रोका जा सका है। इसका इतना असर तो हुआ है कि प्रदेश में राजस्व में उछाल दिखने लगा है, भले ही यह अर्थव्यवस्था के डिजीटलीकरण का भी असर है। प्रदेश की आर्थिक विकास दर भी सात प्रतिशत के पार चली गई है। प्रति व्यक्ति आय भी वर्ष 2014 के 1.35 लाख रुपये सौ प्रतिशत से अधिक बे कर जून 2023 में 2.96 लाख रुपये से अधिक हो चुकी है। गर्वनेंस में हुए इन सुधारों से अब आगे की राह आसान दिखने लगी है। किसानों के हित मेरे लिए बहुत महत्वपूर्ण हैं। खेती किसानी वाला अग्रणी राज्य होने के नाते मुझे किसानों की हरदम चिंता रहती थी। हमारी सरकार बनने से पूर्व किसानों का हाल बेहाल था। अच्छी उपज के बावजूद उनकी आर्थिक स्थिति बदहाल थी। न तो उन्हें उपज का सही दाम मिलता था और जो दाम मिलता था उसका भी पूरा पैसा उनके हाथ नहीं आता था। यह सब भ्रष्टाचार से लिप्त उस से सिस्टम का ही परिणाम था जिसकी वजह से खेती-किसानी के असल मालिकों तक उसका लाभ नहीं पहुंच पाता था। नतीजा हर साल प्रदेश में किसानों की आत्महत्या जैसी शर्मनाक घटनाओं का सामना करना पे ता था। इसमें भी मेरा टेक्नोलॉजी का अनुभव ही काम आया। 'मेरी फसल मेरा ब्योरा' योजना ने इस स्थिति से उबरने में काफी मदद की है। अब न केवल उपज बेचने की किसान को सहूलियत हो गई है बल्कि उसका पैसा सीधे उसके बैंक खाते में ट्रांसफर होने लगा है। आई-फॉर्म के 72 घंटे के भीतर भुगतान सुनिश्चित किया गया, ऐसा न करने पर सरकार किसान को ब्याज देती है। अब तक 85 हजार करो रुपये की राशि सीधे किसानों के खातों में ट्रांसफर की जा चुकी है। आखिर में मैं इतना ही कहना चाहूंगा कि हम अपने प्रदेश हरियाणा को एक आदर्श विकसित राज्य की तरफ ले जाना चाहते हैं। हमने ऐसा करने के लिए जिन योजनाओं की शुरुआत की है उन्हें अन्य राज्य भी खुले दिल से अपनाने लगे हैं। अभी प्रथम नवम्बर को हरियाणा की आयु 57 वर्ष की हो जाएगी। इस अवधि में हरियाणा ने बहुत कुछ झेला है। लेकिन मुझे संतोष है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन से हमने बीते नौ साल में हरियाणा को इस स्टेज पर ला दिया है जहां से उसके पीछे जाने का सवाल नहीं उठता। प्रधानमंत्री के नए भारत के निर्माण के लक्ष्य को पूरा करने के लिए हम नये हरियाणा को विकसित करने में कोई कसर नहीं छो ेंगे। आजादी के अमृत काल के समापन पर वर्ष 2047 में हम हरियाणा को देश के एक अग्रणी विकसित राज्य के रूप में देखना चाहते हैं।

**मनोहर लाल**
**मुख्यमंत्री, हरियाणा**

प्रकाशक एवं मुद्रक सुमित सैनी द्वारा भरोसा फाउंडेशन के लिए 401, नारकंडा अपार्टमेंट, सेक्टर 31 गुरुग्राम (हरियाणा) से प्रकाशित एवं दैनिक भास्कर प्रेस खिजूरी 82.5 किलोमीटर माइलस्टोन, दिल्ली-जयपुर नेशनल हाईवे नंबर 48, नियर श्री तिरूपति जी फिलिंग स्टेशन रेवाड़ी हरियाणा से मुद्रित। फोन नंबर- 0124 4257131, ई-मेल dainikbharosa@gmail.com अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी एक्ट केअंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद गुरुग्राम न्यायालय के अधीन ही होंगे।